ग्वालियर दुर्ग, मंदिर एवं मूर्तियाँ

-डॉ॰ अमर सिंह

ग्वालियर दुर्ग मन्दिर एवं मूर्तियाँ

डॉ० अमर सिंह

तरुण प्रकाशन
लखनऊ
1996

ग्वालियर
दुर्ग, मन्दिर एवं मूर्तियाँ

अमर सिंह
एम० ए०, पी–एच० डी०
प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

प्रकाशक
तरुण प्रकाशन
लखनऊ

प्रकाशक :

तरुण प्रकाशन

१/१०२८, विशालखण्ड,

गोमतीनगर, लखनऊ-२२६०१०

दूरभाष - ०५२२- ३९३४५६

यह ग्रन्थ भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त अनुदान से प्रकाशित है। ग्रन्थ में अभिव्यक्त विचार लेखक के हैं। भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद् उसके लिए उत्तरदायी नहीं है।

प्रथम संस्करण, जनवरी १९९६

मूल्य : रू० **290/=** (दो सौ नब्बे मात्र)

लेजर कम्पोजिंग :

लिंकमैन लेजर राइटर

१०३/८९, सुन्दरबाग, लालकुआँ, लखनऊ - २२६०१९

फोन : २१९०९६

Printed By : *Tahoor Pubilication Services Chowk* Lko. Ph-61250

पूज्य माता-पिता
को
सादर समर्पित

भूमिका

स्मारक हमारी संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। भारतीय इतिहास, कला, धर्म और सामाजिक जीवन के अध्ययन में इनकी अपरिहार्य भूमिका है। दुर्गों, प्रासादों, मन्दिरों, स्तूपों, विहारों और मूर्तियों आदि के अध्ययन के लिए अनेक दृष्टिकोण अपनाये गये और इन पर अब तक बहुत से ग्रंथ तथा शोधपरक लेख प्रकाशित हो चुके हैं। यद्यपि स्मारकों के अध्ययन का प्रारम्भ उनके अभिलेखीकरण से हुआ, परन्तु बाद में उनकी वास्तुकला के क्रमिक-विकास, शैलीगत विशेषताओं, विभिन्न शैलियों में परस्पर सम्बन्ध और प्रभाव, दार्शनिक पृष्ठभूमि का विवेचन तथा तत्कालीन वास्तु एवं शिल्पशास्त्रीय ग्रन्थों के प्रकाश में पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग करते हुए स्मारकों से उनका तादात्म्य, समन्वय एवं समीकरण स्थापित करने के सफल प्रयास अनेक विद्वानों द्वारा किये गये हैं। इसी के साथ-साथ स्मारकों के अध्ययन को एक नयी दिशा प्रदान करते हुए कतिपय विद्वानों द्वारा वास्तु एवं मूर्ति-शिल्प के माध्यम से तत्कालीन समाज के सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक जीवन की झाँकी प्रस्तुत करने के भी प्रयास किए गये हैं।

वास्तु एवं शिल्पकला के अध्ययन में क्षेत्रीय तथा स्थानीय विशेषताओं का अपना अलग महत्व है। ग्वालियर दुर्ग तथा इसके मन्दिरों एवं मूर्तियों का इस दृष्टि से विस्तृत अध्ययन अभी तक नहीं किया गया था। डॉ० अमर सिंह की यह कृति इस अभाव की पूर्ति का एक सराहनीय प्रयास है। इस ग्रन्थ में एक स्थल विशेष के स्मारकों का समग्रता के साथ अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। लेखक ने ग्वालियर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, दुर्ग की संरचना तथा उसके अंगों-उपांगों, प्रतिहार शैली और कच्छपघात शैली के मन्दिरों के क्रमिक-विकास, स्थापत्य एवं शिल्पकला आदि पर समुचित प्रकाश डाला है। साथ ही मन्दिरों के अलंकरण के विविध माध्यमों तथा देवी-देवताओं की मूर्तियों का प्रतिमावैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करते हुए डॉ० सिंह ने यथास्थान उनका वास्तु एवं शिल्पशास्त्रीय ग्रंथों से सम्बन्ध भी स्थापित किया है। उपसंहार के रूप में लेखक ने यह प्रतिपादित किया है कि अपनी क्षेत्रीय विशेषताओं के अतिरिक्त ग्वालियर के पुरावशेष भारतीय वास्तुकला के विकास को समझने भी में सहायक हैं।

ग्वालियर दुर्ग, उसके मन्दिर तथा मूर्तिकला पर समग्र रूप से प्रकाश डालने वाली यह प्रथम कृति है जो पर्याप्त रूप से विश्लेषित एवं उपादेय सामग्री से परिपूर्ण है। आवश्यकतानुसार छायाचित्रों और रेखाचित्रों के प्रकाशन से यह और अधिक रोचक हो गयी है। आशा है शुधी पाठक इसका स्वागत करेंगे।

बी० एन० श्रीवास्तव
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष (अवकाश प्राप्त)
प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

प्राक्कथन

स्थापत्य एवं शिल्प मानव जीवन के साथ आदिकाल से जुड़े हैं। इनके द्वारा वह अपने जीवन के विविध क्रिया-कलापों को व्यक्त करता है। ये ऐसे माध्यम हैं जो प्रकृति तथा मानव प्रदत्त अनेक आपदाओं को सहन करते हुए भी पुरावशेषों एवं स्मारकों के रूप में बचे रहते हैं और कालान्तर में तत्कालीन कला, धर्म, संस्कृति तथा कुछ सीमा तक आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन पर भी प्रकाश डालते हैं। इस प्रकार इतिहास और संस्कृति के अध्ययन में स्थापत्य एवं शिल्प-कला का अपरिहार्य योगदान है।

ग्वालियर दुर्ग भारत के हृदयस्थल मध्यदेश में स्थित होने के कारण सामरिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा है। यहां लगभग छठीं शताब्दी से बीसवीं शताब्दी तक हूणों, गुर्जर-प्रतिहारों, कच्छपघातों, मुसलमानों, तोमरों, मराठों, अंग्रेजों और सिन्धिया वंशी शासकों का आधिपत्य स्थापित रहा। उन्होंने समय-समय पर अनेक छोटे-बड़े निर्माण करवाकर दुर्ग को सुदृढ़ बनाने का सदैव प्रयास किया। साथ ही बहुत से सुन्दर मन्दिर, राजप्रासाद, वापी, कूप, तड़ाग भी निर्मित करवाये जो तत्कालीन स्थापत्य एवं शिल्प-कला के प्रतिनिधि उदाहरण माने जाते हैं।

ग्वालियर दुर्ग की गणना उत्तर भारत के समस्त दुर्ग रूपी मणि-मेखला में गुथी हुई एक प्रमुख मोती के रूप में की जाती है। यहाँ पर स्थित तेली के मन्दिर में प्रतिहार शैली तथा सास-बहू मन्दिर में कच्छपघात शैली का सर्वोत्तम रूप प्रतिविम्बित हुआ है। इसी प्रकार राजप्रासादों में राजा मानसिंह का मानमन्दिर भी अपनी कोई समता नहीं रखता। इन स्मारकों का निर्माण देश की स्थापत्य एवं शिल्पकला की प्रमुख धारा में बंधकर हुआ है, जिसकी पृष्ठभूमि गुप्तकाल में तैयार हो चुकी थी। किन्तु साथ ही इनके कलाकारों ने अपनी मौलिक कल्पना शक्ति का भी सहारा लिया है जिसके कारण इनमें कतिपय क्षेत्रीय विशेषताएं भी प्रस्फुटित हुई हैं। इस प्रकार ग्वालियर दुर्ग तथा उस पर स्थित स्मारक जहां एक ओर समग्र देश की स्थापत्य एवं शिल्पकला का प्रतिनिधित्व करते हैं, वहीं उनमें मध्यदेश की एक विशिष्ट शैली (मध्यदेशीय शैली) के भी दर्शन होते हैं, जिसका विकास मूलधारा से थोड़ा हटकर होता गया है। अतः इन स्मारकों का अध्ययन जहाँ हमारे लिये सम्पूर्ण भारतीय वास्तुकला के विकास को समझने में सहायक है, वहीं अपनी स्थानीय विशिष्टियों के कारण इनमें क्षेत्रीय स्थापत्य एवं शिल्पकला के गुण भी समाहित हैं। वास्तु-वैशिष्ट्य के अतिरिक्त उत्कीर्ण शिल्प एवं मूर्ति-सम्पदा के कारण भी इनका अपूर्व महत्व है। यहां पर उत्कीर्ण ब्राह्मण तथा जैन देवी-देवताओं की मूर्तियां कला के अनुपम उदाहरण होने के साथ-साथ प्रतिमा वैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से भी विशेष महत्वपूर्ण हैं।

अनेक विद्वानों ने ग्वालियर दुर्ग तथा वहाँ पर स्थित मन्दिरों, राजप्रासादों एवं मूर्तियों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालने का प्रयास किया है। इनमें कनिंघम, एम०बी० गर्दे, डी०आर० पाटिल, एस०एल० कटारे, कृष्णदेव, डब्लू०एम० माइकल, एच०एन० द्विवेदी, आर० नाथ, अर्थर

ह्यूज और कल्याण कुमार चक्रवर्ती के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। इस दिशा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय प्रयास श्री कृष्णदेव द्वारा किया गया है, जिन्होंने सर्वप्रथम अपनी लघु पुस्तक 'टेम्पुल्स ऑफ नार्थ इण्डिया' में तेली के मन्दिर तथा साथ-बहू मन्दिर की वास्तुगत विशेषताओं का अत्यन्त सारगर्भित किन्तु अति संक्षिप्त परिचय दिया है। कालान्तर में उनके द्वारा तेली के मन्दिर पर एक विस्तृत शोधात्मक लेख भी प्रस्तुत किया गया। किन्तु फिर भी ग्वालियर दुर्ग के स्मारकों की स्थापत्य एवं शिल्पकला का अनुसंधानात्मक विस्तृत अध्ययन, विवेचन एवं समुचित मूल्यांकन का अभाव अभी तक बना हुआ था। प्रस्तुत पुस्तक लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा पी-एच०डी० उपाधि हेतु स्वीकृत मेरे शोध-प्रबन्ध का संशोधित रूप है, जिसमें उक्त कमी को पूरा करने का प्रयास किया गया है।

ग्वालियर दुर्ग पर स्थित स्मारकों में तोमर और मुगलकालीन (१५वीं-१६वीं शताब्दी) राजप्रासादों को अनेक कारणों से पुस्तक में सम्मिलित नहीं किया गया है। इसमें ग्वालियर दुर्ग की संरचना एवं उसकी वास्तुगत विशेषताओं के साथ वहाँ पर स्थित बारहवीं शताब्दी तक के मन्दिरों एवं मूर्तियों का अध्ययन ही प्रस्तुत किया गया है।

इस पुस्तक में मूलतः सात अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में ग्वालियर दुर्ग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का संक्षिप्त उल्लेख किया गया है। इसमें विभिन्न साहित्यिक तथा पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर दुर्ग तथा उसके आस-पास के क्षेत्र में शासन करने वाले शासकों की राजनीतिक गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनके द्वारा दुर्ग पर किये गये निर्माण कार्यो एवं अन्य क्रिया-कलापों पर यथासम्भव प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

द्वितीय अध्याय में अनेक साहित्यिक स्रोतों के आधार पर पुरातात्विक साक्ष्यों का संदर्भ देते हुए ग्वालियर दुर्ग की रचना तथा उसके महत्वपूर्ण अंगो का परिचय दिया गया है। इस दृष्टि से वप्र, प्राकार, अट्टालक, प्रवेश-द्वार, प्रतोली, कपिशीर्षक तथा जलाशयों आदि का विवरण उल्लेखनीय है।

तृतीय अध्याय में मन्दिरों की प्राचीनता एवं विकास-क्रम पर संक्षेप में चर्चा की गयी है। यहां विशेषकर मध्य भारतीय मन्दिरों के विकसित स्वरूप को प्रदर्शित करते हुए उनके विभिन्न अंगों-उपांगों एवं अलंकरणों आदि पर प्रकाश डालकर ग्वालियर दुर्ग के मन्दिरों के अध्ययन के लिए पृष्ठभूमि तैयार की गयी है। साथ ही अभिलेखीय एवं साहित्यिक साक्ष्यों के आधार पर कतिपय ऐसे प्रारम्भिक मन्दिरों का विवरण भी प्रस्तुत कर दिया गया है, जिनका अस्तित्व कभी दुर्ग पर था, किन्तु अब नष्ट हो गये हैं। इस अध्याय में गुर्जर-प्रतिहार शैली के मन्दिरों के विकास पर विहंगम दृष्टि डालते हुए ग्वालियर तथा उसके आस-पास नरेसर, बटेसर, अमरोल आदि के मन्दिरों में प्रतिहार शैली के स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। ततपश्चात् ग्वालियर दुर्ग पर स्थिल तेली का मन्दिर, चतुर्भुज मन्दिर, गणेश मन्दिर तथा केन्द्रीय संग्रहालय गुजरी-महल में सुरक्षित दुर्ग के दो अन्य शैल मन्दिरों की स्थिति, नामकरण, तलछन्द, ऊर्ध्वछन्द, जगती, प्रासादपीठ, वेदीबन्ध, जंघा, शिखर, गर्भगृह,

प्रवेश-द्वार, मण्डप, मूलनायक तथा तिथि आदि पर प्रकाश डालते हुए उनकी वास्तु एवं शिल्पगत वि शेषताओं की चर्चा की गयी है।

चतुर्थ अध्याय में कच्छपघात शैली के मन्दिरों का वर्णन है। इसमें पढ़ावली, मितावली, ग्यारसपुर, बदोह, कदवाहा, दुबकुण्ड, सुरवाया और सुहानिया आदि के मन्दिरों में इस शैली के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसकी पृष्ठभूमि में ग्वालियर के सास-बहू मन्दिरों का विवरण प्रस्तुत किया गया है। इन मन्दिरों का गर्भगृह एवं शिखर आदि यद्यपि नष्ट हो गया है, किन्तु मण्डपादि जो भी अवशिष्ट है, वह कच्छपघात शैली का अनुपम उदाहरण है। इस अध्याय में इनके महामण्डपों की संरचना, स्तम्भों, वितान, संवरणा, प्रवेश-द्वार एवं तिथि आदि का विस्तार से उल्लेख करते हुए यथास्थान वास्तु एवं शिल्पशास्त्रीय ग्रन्थों के आधार पर उनके परम्परागत विकास-क्रम को भी प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है।

पंचम अध्याय में मन्दिरों के अलंकरण के लिये चुने गये विविध माध्यमों के उद्भव एवं विकास को अनेक साहित्यिक एवं पुरातात्विक साक्ष्यों के संदर्भ में प्रस्तुत करते हुए ग्वालियर के मन्दिरों में उनकी स्थिति को स्पष्ट किया गया है। इसके लिए विशेषकर देवी-देवताओं की मूर्तियों, कीर्तिमुख, व्याल, सुर-सुन्दरी, मिथुन, घटपल्लव, गंगा-यमुना, नवग्रह, अष्टदिक्पाल और सप्तमातृकाओं को चुना गया है।

षष्ठ अध्याय में ग्वालियर दुर्ग तथा मन्दिरों में उत्कीर्ण ब्राह्मण और जैन देवी-देवताओं की प्रमुख मूर्तियों का कलात्मक एवं प्रतिमावैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करने का यथासम्भव प्रयास किया गया है। जैन प्रतिमाओं का चुनाव करते समय दुर्ग की पहाड़ी में उत्कीर्ण तोमरकालीन जैन मूर्तियों का संक्षिप्त परिचय ही प्रस्तुत कर पाना सम्भव हो सका है। उनके बाहुल्य एवं विविधता को देखते हुए इन प्रतिमाओं पर पृथक शोध-प्रबन्ध की आवशयकता है । अतएव इस अध्याय में विष्णु, शिव, गणेश, कार्तिकेय, सूर्य, ब्रह्मा तथा लगभग ब़ारहवीं शताब्दी तक की जैन प्रतिमाओं को ही विस्तृत विवेचन के लिए सम्मिलित किया गया है । प्रत्येक देवता की प्रतिमाओं के विवरण में सर्वप्रथम देवता सम्बन्धी सम्प्रदाय अथवा उसकी पूजा-परम्परा के उद्भव और विकास का संक्षिप्त इतिहास, विभिन्न शास्त्रों एवं कतिपय परवर्ती शिल्प-शास्त्रों यथा अपराजितपृच्छा और रूपमण्डन आदि में उपलब्ध प्रतिमा-लक्षणों का विवेचन, मध्ययुग तक उस देव-प्रतिमा के विकास की रूपरेखा के साथ ग्वालियर दुर्ग व मन्दिरों की प्रतिमाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया है और यथास्थान उनका कला में उपलब्ध अन्य उल्लेखनीय प्रतिमाओं के साथ तादात्म्य स्थापित करने का भी प्रयास किया गया है ।

सप्तम अध्याय में अध्ययन के फलस्वरूप प्रकाश में आये निष्कर्षो एवं उपलब्धियों की संक्षिप्त झांकी प्रस्तुत की गयी है। अन्त में सहायक ग्रन्थ-सूची और पारिभाषिक शब्दों की तालिका तथा अनुक्रमणिका दी गयी है।

मैं अपने उन गुरुजनों, मित्रों एवं सहयोगियों के प्रति ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने इस शोध-प्रबन्ध को अन्तिम रूप में प्रस्तुत कर सकने में हमारी बहुविधि सहायता की है।

सर्वप्रथम मैं अपने पूज्य गुरुवर डा० बी०एन० श्रीवास्तव के प्रति कृतज्ञ हूँ, जिन्होंने न केवल इस विषय पर शोध-प्रबन्ध प्रस्तुत करने हेतु प्रेरणा प्रदान की अपितु अपने योग्य निर्देशन, कुशल मार्गदर्शन तथा समय-समय पर दिये गये प्रोत्साहनों से इस दुष्कर कार्य को भी सुगम और सरल बना दिया। इसके अतिरिक्त मैं कलामर्मज्ञ श्री कृष्णदेव, भूतपूर्व निदेशक, स्कूल आफ आर्क्योलोजी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नई दिल्ली तथा प्रो०एम०ए० ढाकी, एसोसिएट डाइरेक्टर, इंस्टीट्यूट आफ इण्डियन स्टडीज, रामनगर, वाराणसी का भी आभारी हूँ, जिन्होंने अपनी डाकूमेन्टेसन टीम के साथ ग्वालियर, नरेसर, बटेसर, अमरोल, पढ़ावली, मितावली, सुहानिया, पवाया आदि स्थलों के स्मारकों को देखने का अवसर प्रदान किया। साथ ही व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहकर उनकी स्थापत्य एवं शिल्पकला को समझने की दृष्टि दी। डा० बी०एन० श्रीवास्तव ने मेरे संरक्षक, अध्यापक और निर्देशक होने का गुरुतर भार सदैव वहन किया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा उक्त दोनों कला के उद्भट विद्वानों ने समय-समय पर अपने अमूल्य विचारों से अवगत कराकर विषय के प्रति न केवल रुचि जागृत की अपितु अनेक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर अध्ययन को पूर्णता की ओर ले जाने में अकथनीय सहयोग प्रदान किया। इस प्रकार इस गुरुत्रयी द्वारा किए गये उपकारों को शब्दों में व्यक्त कर पाना मेरे लिए असम्भ है। मैं इन्हें बारम्बार नमन कर गुरुकृपा से और ज्ञान रूपी त्रिवेणी से अपने मानसपटल को सिंचित करते रहने और उसे सदैव हरा-भरा रखने की याचना करता हूँ। साथ ही मैं प्रो० के०डी० बाजपेयी, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, सागर विश्वविद्यालय, सागर, डा० बी० एन० पुरी, डा० ए० बी० एल० अवस्थी, डा० के०के० थप्ल्याल, डा० एस०एन० मिश्र, डा० रामाश्रय अवस्थी, डा० ए० लाल, डा० एस०एम० मिश्र, डा० एस०एन० कपूर और डा० जी०एस० भदौरिया, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ डा० एच०एन० द्विवेदी मानसेवी निदेशक, ग्वालियर शोध संस्थान, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर का भी ऋणी हूँ, जिन्होंने समय-समय पर अपने प्रोत्साहनों एवं सत्यपरामर्शों से मुझे सदैव उपकृत किया। मैं इन विद्वानों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ।

उन संग्रहालयों एवं पुस्तकालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति भी आभार निवेदन करना मैं अपना परम कर्तव्य समझता हूँ, जिनके सहयोग के बिना किसी भी विद्यार्थी के लिए इस अपार अध्ययन-सागर को पार कर पाना सम्भव नहीं है। इस दृष्टि से अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ इण्डियन स्टडीज, रामनगर, वाराणसी का अभिलेखागार और पुस्तकालय, लखनऊ विश्वविद्यालय का टैगोर पुस्तकालय, ग्वालियर का केन्द्रीय पुस्तकालय और गुजरी महल संग्रहालय-पुस्तकालय तथा राजकीय संग्रहालय, लखनऊ एवं मथुरा के पुस्तकालय विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। परम मित्र डा० राकेश तिवारी, श्री गिरीश चन्द्रसिंह, डा० अम्बिका प्रसाद सिंह, डा० तहसीलदार सिंह, डा० श्यामानन्द उपाध्याय, श्री रमाकान्त चतुर्वेदी, डा० के०के० जैन, डा० बीना जैन, भाचित्रक श्री वहीद आगा और श्री रामगोपाल मिश्र, ड्राफ्ट्समैन, श्री बलराम कृष्ण श्रीवास्तव तथा टंकक श्री दर्शन प्रसाद गुप्त के बहुविध सहयोगों के लिए भी मैं बहुत अधिक अनुग्रहीत हूँ।

पुस्तक में प्रकाशित छायाचित्रों के लिए मैं डॉ० राकेश तिवारी निदेशक, उ०प्र० राज्य पुरातत्व संगठन, लखनऊ तथा अमेरिकन इन्स्टिट्यूट आफ इण्डियन स्टडीज, रामनगर, वाराणसी का ऋणी हूँ। डॉ० तिवारी ने स्वयं मेरे साथ ग्वालियर जाकर न केवल चित्र खींचे अपितु स्मारकों के अभिलेखीकरण में भी मेरी सहायता की। पुस्तक में प्रकाशित चित्र सं० ३, ९, १०, १२, १३, १४, १५, १६, १७, १८, १९, २०, २८, २९, ३०, ३१, ३४, ३५, ३६, ३८, ४५, ४६, ४७ और ४९ अमेरिकन इन्स्टिट्यूट आफ इण्डियन स्टडीज रामनगर, वाराणसी के सौजन्य से तथा शेष चित्र डॉ० तिवारी के सौजन्य से प्राप्त हुए हैं, जिनके लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूँ।

इस पुस्तक के प्रकाशन में डा० देवी प्रसाद तिवारी, डॉ० संघमित्रा, तरुण प्रकाशन, लखनऊ, लिंक मैन लेजर राइटर लखनऊ, श्री उमेश कुमार वर्मा तथा कु० सुमन लता का जो अनन्य सहयोग प्राप्त हुआ उसके लिए मैं उनका अत्यन्त ऋणी हूँ। पुस्तक के प्रकाशनार्थ वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मैं भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली का भी आभारी हूँ।

शोध-कार्य हेतु ग्वालियर में महीनों आवासीय एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए मैं श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह भदौरिया एवं उनकी पत्नी श्रीमती मृदुला भदौरिया (बुआजी) का आभार किन शब्दों में व्यक्त करूँ, जिन्होंने अनेकों कष्ट सहकर भी मुझे सभी अभावों से दूर रखा। इन लोगों के उपकार को भुला पाना मेरे लिए बहुत कठिन है। अन्त में मैं उन सभी गुरुजनों एवं सहयोगियों के प्रति भी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिनका परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से अपार सहयोग, प्रेम और प्रोत्साहन मुझे मिला है किन्तु स्थानाभाव के कारण मैं उनका नामोल्लेख यहां पर नहीं कर पा रहा हूँ बहुविधि सहयोग के लिए जीवनसंगिनी (श्रीमती सन्तोष कुमारी) के प्रति आभार व्यक्त करना औपचारिकता मात्र होगी।

जनवरी, १९९६ **अमर सिंह**

विषय सूची

पुस्तक में प्रकाशित छायाचित्रों के लिए मैं डॉ० राकेश तिवारी निदेशक, उ०प्र० राज्य पुरातत्व संगठन, लखनऊ तथा अमेरिकन इन्स्टिट्यूट आफ इण्डियन स्टडीज, रामनगर, वाराणसी का ऋणी हूँ। डॉ० तिवारी ने स्वयं मेरे साथ ग्वालियर जाकर न केवल चित्र खींचे अपितु स्मारकों के अभिलेखीकरण में भी मेरी सहायता की। पुस्तक में प्रकाशित चित्र सं० ३, ९, १०, १२, १३, १४, १५, १६, १७, १८, १९, २०, २८, २९, ३०, ३१, ३४, ३५, ३६, ३८, ४५, ४६, ४७ और ४९ अमेरिकन इन्स्टिट्यूट आफ इण्डियन स्टडीज रामनगर, वाराणसी के सौजन्य से तथा शेष चित्र डॉ० तिवारी के सौजन्य से प्राप्त हुए हैं, जिनके लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूँ।

इस पुस्तक के प्रकाशन में डा० देवी प्रसाद तिवारी, डॉ० संघमित्रा, तरुण प्रकाशन, लखनऊ, लिंक मैन लेजर राइटर लखनऊ, श्री उमेश कुमार वर्मा तथा कु० सुमन लता का जो अनन्य सहयोग प्राप्त हुआ उसके लिए मैं उनका अत्यन्त ऋणी हूँ। पुस्तक के प्रकाशनार्थ वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मैं भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली का भी आभारी हूँ।

शोध-कार्य हेतु ग्वालियर में महीनों आवासीय एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए मैं श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह भदौरिया एवं उनकी पत्नी श्रीमती मृदुला भदौरिया (बुआजी) का आभार किन शब्दों में व्यक्त करूँ, जिन्होंने अनेकों कष्ट सहकर भी मुझे सभी अभावों से दूर रखा। इन लोगों के उपकार को भुला पाना मेरे लिए बहुत कठिन है। अन्त में मैं उन सभी गुरुजनों एवं सहयोगियों के प्रति भी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिनका परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से अपार सहयोग, प्रेम और प्रोत्साहन मुझे मिला है किन्तु स्थानाभाव के कारण मैं उनका नामोल्लेख यहां पर नहीं कर पा रहा हूँ बहुविधि सहयोग के लिए जीवनसंगिनी (श्रीमती सन्तोष कुमारी) के प्रति आभार व्यक्त करना औपचारिकता मात्र होगी।

जनवरी, १९९६ **अमर सिंह**

विषय सूची

चित्र –सूची

रेखा चित्र–सूची

संकेत सूची

अपराजित०	:	अपराजितपृच्छा
आ० स० इ०	:	आर्क्यिोलोजिकल सर्वे आफ इण्डिया
आ० स० रि०	:	आर्क्यिोलोजिकल सर्वे रिपोर्ट
इ० आ० रि०	:	इण्डियन आर्क्यिोलोजी - ए रिव्यू
इ० ए०	:	इण्डियन एन्टिक्वेरी
इ० हि० क्वा०	:	इण्डियन हिस्टारिकल क्वार्टरली
उ० भा० रा० इति०	:	उत्तर भारत का राजनीतिक इतिहास
उ० तै० का० भा०	:	उत्तर तैमूरकालीन भारत
उद्योग०	:	उद्योगपर्व
ए० इ०	:	एपिग्रैफिया इण्डिका
का० इ० इ०	:	कार्पस इन्स्क्रिप्सनम इण्डिकेरम
ग्वा० रा० अभि०	:	ग्वालियर राज्य के अभिलेख
ज० आ० हि० रि० सो०	:	जर्नल आफ आन्ध्र हिस्टोरिकल रिसर्च सोसायटी
ज० ए० सो० ब०	:	जर्नल आफ द र्‌वायल एशियाटिक सोसायटी आफ बंगाल, कलकत्ता
ज० ओ० इ० बड़ोदा	:	जर्नल आफ ओरिएन्टल इन्स्टीट्यूट, बड़ोदा
ज० न्यू० सो० इ०	:	जर्नल आफ द न्यूमिस्मेटिकल सोसायटी आफ इण्डिया, वाराणासी
डा० हि० ना० इ०	:	डाइनेस्टिक हिस्ट्री आफ नार्दर्न इण्डिया
प्रा० भा० रा० एवं सां० इतिहास	:	प्राचीन भारत का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास
महा०	:	महाभारत
विष्णुधर्मोत्तर०	:	विष्णुधर्मोत्तरपुराण
शान्ति०	:	शान्तिपर्व
समरांगण०	:	समरांगणसूत्रधार

1

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

ग्वालियर नगर मध्य प्रदेश के उत्तरी भाग में मध्य रेलवे की दिल्ली-बम्बई रेल मार्ग पर झाँसी से लगभग १०५ किलोमीटर उत्तर तथा आगरा से लगभग ११८ किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। यहाँ आगरा अथवा झाँसी होते हुए रेलगाड़ी या बस द्वारा सुविधापूर्वक पहुँचा जा सकता है। नगर के मध्य भाग में एक ऊँची एवं विस्तृत पहाड़ी पर ग्वालियर का दुर्ग स्थित है। इसके पूर्व में मुरार तथा दक्षिण में लश्कर बसा है, किन्तु यह अपेक्षाकृत नवीन बस्तियाँ हैं। दुर्ग तथा उसके आस-पास का क्षेत्र 'ग्वालियर' नाम से ही सम्बोधित किया जाता है। सम्भवतः नगर का यही भाग सबसे अधिक प्राचीन है। इसका नाम ग्वालियर कब और कैसे पड़ गया, इस सम्बन्ध में निश्चयपूर्वक कुछ भी नहीं कहा जा सकता। अनेक अभिलेखों तथा साहित्यिक स्रोतों से ज्ञात होता है कि दुर्ग की पहाड़ी प्राचीन काल में 'गोप' नाम से प्रसिद्ध थी। हूण शासक मिहिरकुल के ग्वालियर अभिलेख में इसको 'गोपाह्य नाम्नि भूधरे' अर्थात् 'गोप नामक पर्वत' कहा गया है।[१] विक्रम संवत् ९३३ (८७६ ई०) के भोजदेव के ग्वालियर अभिलेख में इसके लिये 'गोपगिरि' शब्द आया है।[२] इसी प्रकार वि० सं० ११५० के महीपाल के ग्वालियर अभिलेख में 'गोपाद्रि' एवं 'गोपाद्रि दुर्ग' नाम मिलते हैं।[३] विक्रम संवत् ११६१ के ग्वालियर अभिलेख में 'गोपालिखीर' नाम का प्रयोग किया गया है।[४] हुल्स के अनुसार आधुनिक नाम 'ग्वालियर' प्राचीन 'गोपालिखीर' का अपभ्रंस प्रतीत होता है।[५] ग्वालियर दुर्ग पर स्थित विशाल आदिनाथ की प्रतिमा की पीठिका पर विक्रम संवत् १४९७ के एक लेख में ग्वालियर के लिए 'गोपाचलदुर्ग' उल्लिखित है।[६] फजलअली ने 'कुल्याते ग्वालियरी' में तथा मुंशी हीरामन ने 'ग्वालियर नामा' में इस पहाड़ी को 'गोमन्त' कहा है।[७] गोमन्त नाम की एक अन्य पहाड़ी का उल्लेख पुराणों में भी हुआ है।[८] किन्तु इसकी स्थिति द्वारिका के निकट मानी गयी है।[९] उपर्युक्त साक्ष्यों में यद्यपि इस पहाड़ी के लिए गोप, गोपाद्रि, गोपगिरि आदि नामों का उल्लेख हुआ है, किन्तु किसी भी अभिलेख में इसे आधुनिक 'ग्वालियर' नाम से सम्बोधित नहीं किया गया है। दुर्ग के 'ग्वालियर' नाम की उत्पत्ति एवं उसकी स्थापना के सम्बन्ध में प्रचलित किम्वदन्ती का विवरण प्रस्तुत करते हुए कनिंघम ने लिखा

---

१. फ्लीट, जे० एफ,० का० इ० इ०, खण्ड ३, पृ० १६२
२. ज० ए० सो० ब०, जि० ३१, पृ० ४०७
३. इ० ए०, जि० १५, पृ० ३६-३७ की पंक्ति ४ तथा १४
४. इ० ए०, जि० १५, पृ० २०२
५. वही, पृ० २०२, टिप्पणी ५
६. ज० ए० सो० ब०, जि० ३१, पृ० ४२२
७. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग -२, पृ० ३७३
८. पौराणिक इन्साइक्लोपीडिया, पृ० २९४
९. काणे, पाण्डुरङ्ग वामन, धर्मशास्त्र का इतिहास, तृतीय भाग (अनु० अर्जुन चौबे काश्यप), पृ० १४३१

है कि 'ग्वालियर की स्थापना कुन्तलपुरी या कुटवार के राजा सूरजसेन नामक एक कछवाहा सामन्त प्रधान द्वारा की गई थी। सूरजसेन कोढ़ी था। एक दिन जब उसे 'गोपगिरि' पहाड़ी के पास शिकार खेलते हुए प्यास लगी, तो वह 'ग्वालियार' नामक सिद्ध की गुफा पर जा पहुँचा और पीने के लिए पानी माँगा। साधु ने स्वयं पात्र से कुछ जल उसे दिया जिसको पीते ही वह कुष्ट रोग से मुक्त हो गया। कृतज्ञ राजा ने उस पवित्रात्मा साधु से पूछा कि वह उसकी क्या सेवा कर सकता है। इस पर साधु ने उसे उस पहाड़ी पर एक किले का निर्माण करने तथा उस तालाब को, जिससे रोग निवारण जल लिया गया था, बड़ा कराने का आदेश दिया। तद्नुसार सूरजसेन ने किले का निर्माण करवाया, जिसका नाम उसने उस एकान्तवासी साधु के नाम पर 'ग्वालिअर' या 'ग्वालियर' रखा, जैसा कि आजकल लिखा जाता है। उसने तालाब को भी बड़ा करवाया और अपने नाम पर उसका नाम 'सूरजकुण्ड' रखा तथा उसे आशीर्वाद दिया कि उसके बाद उसके ८४ वंशज राज करेंगे, अथवा जैसा कि फजलअली का कथन है, जब तक उसके वंशज पाल-युक्त नाम ग्रहण किए रहेंगे, तब तक वे राज करते रहेंगे। तद्नुसार उसके ८३ उत्तराधिकारियों के पाल-युक्त नाम ग्वालियर के राजाओं के रूप में उल्लिखित हैं। इसके बाद तेजकर्ण नामक ८४वें उत्तराधिकारी को अपने राज्य से हाथ धोना पड़ा, क्योंकि उसने उक्त पाल-युक्त नाम धारण नहीं किया था, जैसा कि खड्गराय लिखता है-

तेजकरन ते पाल न थए,
सिद्धि वचन परिपूरन भए [१०]

कनिंघम द्वारा उधृत उपर्युक्त किंवदन्ती की प्रामाणिकता को सिद्ध करने के लिए पुरातात्विक साक्ष्यों का अभाव है। अभिलेखों में उल्लिखित गोपगिरि, गोपाद्रि, गोपाचल, गोपालिखीर आदि नामों का प्रथम पद 'गोप' ग्वालियर के 'ग्वाल' शब्द का पर्यायवाची है। अतः 'ग्वालियर' की व्युत्पत्ति का आधार 'गोप' (ग्वाल) शब्द प्रतीत होता है।

ग्वालियर तथा उसके आस-पास का क्षेत्र अत्यन्त प्राचीन काल की पुरासम्पदा को अपने में संजोये है। अनेक पुरातात्विक खोजों से ज्ञात होता है कि पाषणकाल से ही यहाँ पर मानव संस्कृति का पदार्पण हो चुका था। ग्वालियर नगर से ३ कि० मी० पश्चिम गोपेश्वर, १५ कि० मी० दक्षिण पनिहर, ३० कि० मी० दक्षिण छोहुण्ड्रा और नोन की घाटी तथा मोरार की घाटी आदि स्थलों से हैण्डएक्स, क्लीवर, बोर, कोर, स्क्रैपर, ब्लेड आदि पूर्व पुरापाषाण कालीन तथा मध्य पुरापाषाण कालीन उपकरण बड़ी संख्या में उपलब्ध हुए हैं।[११] इससे स्पष्ट है कि इस क्षेत्र में पाषाण काल से ही मानव संस्कृति का विकास प्रारम्भ हो चुका था। ग्वालियर जिले के जदरुवा नामक स्थल के

---

१०. कनिंघम, आ० स० रि०, जि० २, पृ० ३७३

११. लाल, बी० बी० और नौटियाल, के० पी,० लोवर एण्ड मिडिल पैलियोलिथिक इन्डस्ट्रीज इन ग्वालियर, सेमिनार आन इण्डियन प्री हिस्ट्री, २५ से २९ जून, १९७४, डेकन कालेज पोस्ट ग्रेजुएट एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्युट, पूना, पृ० १-१८

उत्खनन से पांचवीं-छठीं शताब्दी ई० पू० में प्रयुक्त चित्रित धूसरित मृद्भाण्ड, काले और लाल मृद्भाण्ड तथा मौर्य काल में प्रयुक्त उत्तर कृष्णमार्जित मृद्भाण्ड (एन० वी० पी० वेयर) प्राप्त हुए हैं।[१२] छठीं शताब्दी ई० पूर्व में यह क्षेत्र सूरसेन जनपद के अन्तर्गत आता था, जिसकी राजधानी मथुरा थी। कालान्तर में मगध, कोशल, वत्स और अवन्ति महाजनपदों के बीच स्थापित हुई साम्राज्य विस्तार की प्रतिद्वन्द्विता में सर्वाधिक लाभ मगध को हुआ और शिशुनाग वंश के उदय के पश्चात् अवन्ति तक के सम्पूर्ण भू-भाग मगध महाजनपद में सम्मिलित हो गये। संभवतः वत्स जनपद इससे पहले ही अवन्ति राज्य का अंग बन चुका था। इस प्रकार इस समय तक ग्वालियर का प्रदेश भी मगध के साम्राज्यवादी शासकों के अधीन हो गया था। महापद्म नन्द के शासनकाल में पूर्व में कलिंग से लेकर पश्चिम में कुरु, पांचाल, अवन्ति तक के प्रदेश निश्चयपूर्वक मगध साम्राज्य के अन्तर्गत थे। नन्दों के पतन के पश्चात् मौर्य साम्राज्य की स्थापना हुई। मौर्य शासकों का राज्य हिन्दुकुश से लेकर बंगाल तक तथा हिमालय से लेकर मैसूर तक विस्तृत था। इस प्रकार तीसरी शताब्दी ई० पूर्व में ग्वालियर तथा उसके आस-पास का भू-भाग मौर्य शासकों के अधीन था। तत्पश्चात् उस पर शुंगवंशी ब्राह्मण राजाओं का अधिकार स्थापित हुआ। अनेक साक्ष्यों से प्रकट होता है कि १८५ ई० पूर्व में अन्तिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ की उसके सेनापति पुष्यमित्र ने हत्या करके शुंगवंश की स्थापना की।[१३] पुष्यमित्र के बाद १४८ ई० पूर्व में उसका पुत्र गद्दी पर बैठा। मालविकाग्निमित्रम् से हमें ज्ञात होता है कि पुष्यमित्र के राज्यकाल में अग्निमित्र विदिशा अथवा पूर्वी मालवा का शासक था।[१४] विदिशा से प्राप्त एक प्रस्तर स्तम्भ के टुकड़े पर भागवत के शासनकाल के बारहवें वर्ष का ब्राह्मी लिपि में लिखा हुआ लेख मिला है। इस अभिलेख का 'भागवत' पुराणों में वर्णित शुंगवंशी राजा भागवत ही प्रतीत होता है।[१५] शुंगों के पश्चात् मगध पर कण्व वंशी शासकों का राज्य स्थापित हुआ, जिन्होंने ४५ वर्ष तक शासन किया। यद्यपि मगध में शुंगों का शासन समाप्त हो गया था, फिर भी पुराणों के अनुसार विदिशा में इनकी शासन सत्ता उस समय तक बनी रही, जब तक कि आन्ध्र शासक सिमुक ने यहाँ आकर इन्हें पराजित नहीं कर दिया।[१६] इससे ऐसा प्रतीत होता है कि ग्वालियर का क्षेत्र इस बीच भी विदिशा के शुंग राजाओं के अधीन रहा होगा।

इस बात का प्रमाण उपलब्ध है कि ईसा पश्चात् पहली शताब्दी के प्रारम्भिक काल में ग्वालियर क्षेत्र के आस-पास नागवंशीय राजाओं का प्रभुत्व स्थापित हो चुका था। पवाया से प्राप्त पुरालेख से पता चलता है कि नाग राजवंश के प्रारम्भिक राजा स्वामिन शिवनंदी के राज्य काल के

---

१२. इण्डियन आर्क्योलाजी - ए रिविव, १९७१-७२, पृ० २९-३०

१३. वेदालंकार, हरिदत्त, प्रा० भा० रा० एवं सां० इतिहास, पृ० ११

१४. वही, पृ० २३

१५. वही, पृ० २५

१६. वही, पृ० २६

चतुर्थ वर्ष में किसी लोक निकाय के कुछ सदस्यों ने यक्ष मणिभद्र की एक मूर्ति अर्पित की थी।[१७] ऐसा प्रतीत होता है कि उसके पश्चात् कुषाणों ने इस क्षेत्र के नागों को अपदस्थ कर दिया था।

कुषाणवंश का सबसे महान शासक कनिष्क प्रथम (७८ ई०-१०१ ई०) था। उसका साम्राज्य मध्य एशिया से लेकर पूर्व में बनारस तक और दक्षिण में साँची तक विस्तृत था और मथुरा उसकी द्वितीय राजधानी थी। इस प्रकार कनिष्क के साम्राज्य की सीमा के अन्तर्गत ग्वालियर का क्षेत्र भी आ जाता है। कनिष्क की मृत्यु के पश्चात् कुषाण वंश में कोई भी ऐसा शासक न हुआ जो उसके विशाल साम्राज्य को अक्षुण बनाये रखता। अतः धीरे-धीरे दूसरी शताब्दी ई० के अंत तक कुषाणवंश का प्रभाव प्रायः समाप्त हो चुका था।

कुषाणों के पतन के साथ-साथ ही नागों की सत्ता का अभ्युदय हुआ, जिन्होंने पद्मावती (पद्मपवाया), मथुरा और कान्तिपुरी को केन्द्र में रखकर अपना प्रभुत्व स्थापित किया। इस प्रकार तीसरी-चौथी शताब्दी ई० में पुराने ग्वालियर राज्य तथा उसके पश्चिमोत्तर प्रदेश में नागवंशी परिवार शासन कर रहे थे।

समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि उसने चौथी शताब्दी ई० के मध्य आर्यावर्त के अनेक नाग राजाओं को पराजित कर अपने साम्राज्य की सीमाएँ पूर्वी मालवा से पश्चिमी बंगाल तथा हिमालय से लेकर विन्ध्य पर्वत श्रृंखला तक विस्तृत कर ली थीं।[१८] अनेक साहित्यिक तथा पुरातात्विक साक्ष्यों से पता चलता है कि समुद्रगुप्त से लेकर बुधगुप्त (४९४ ई०) के शासनकाल तक मालवा से लेकर बंगाल तक का भू-भाग गुप्तों के प्रत्यक्ष शासन में अवश्य बना रहा। गु० सं० १६५ के एरण अभिलेख का उल्लेख है कि बुधगुप्त के राज्यपाल के रूप में सुरश्मिचन्द्र नर्मदा एवं यमुना नदियों के दो आब में शासन कर रहा था।[१९] इससे स्पष्ट है कि ग्वालियर तथा उसके आस-पास का क्षेत्र समुद्रगुप्त से लेकर बुधगुप्त (लगभग ५०० ई०) तक प्रत्यक्ष रूप से गुप्त शासकों के अधीन रहा। बुधगुप्त की मृत्यु के पश्चात् गुप्त साम्राज्य का पतन प्रारम्भ हो गया और कालान्तर में हूणों, वाकाटकों तथा यशोवर्मन के आक्रमणों एवं अन्य नवीन राजवंशों के उदय हो जाने से वह छिन्न-भिन्न हो गया।

छठवीं शताब्दी ई० के पूर्वार्द्ध में ग्वालियर एक बार हूणों के प्रभाव में भी आया। हूण शासन मिहिरकुल के शासनकाल के १५वें वर्ष का एक अभिलेख ग्वालियर दुर्ग पर स्थित एक सूर्य मन्दिर से प्राप्त हुआ है जिसमें मातृकुल के पौत्र मातृदास के पुत्र मात्रचेट नामक व्यक्ति द्वारा नाना धातुओं से सुशोभित 'गोप' नामक पर्वत पर एक सूर्य मन्दिर के निर्माण का उल्लेख है।[२०] किन्तु हूणों का यह प्रभाव ग्वालियर पर अधिक समय तक स्थापित नहीं रह सका क्योंकि इसी समय

---

१७. आ० स० इ०, वार्षिक रिपोर्ट, १९१५-१९१६, पृ० १०२-१०६, गर्दे, एम० बी०, पद्मावती, पृ० ४

१८. फ्लीट, जे० एफ०, का० इ० इ०, खण्ड ३, पृ० ६-७

१९. वही, पृ० ८९

२०. सरकार, डी० सी०, सेलेक्ट इंस्क्रिप्संस, पृ० ४००

एकाएक मालवा में यशोधर्मन नामक शासक का उदय हुआ जिसने अपनी दिग्विजय के फलस्वरूप ऐसे प्रदेशों में भी अपना आधिपत्य स्थापित किया, जिनमें गुप्त नरेशों ने भी शासन नहीं किया था।[२१] उसकी विजयों का वर्णन करने वाला स्तम्भ लेख मन्दसौर से प्राप्त हुआ है, जिसमें कहा गया है कि उसने पूर्वी सागर से लेकर लौहित्य नदी (ब्रह्मपुत्र) के उपकण्ठ तक तथा पश्चिमी समुद्र से लेकर हिमालय पर्वत तक विजय यात्रा की थी।[२२] इसके अतिरिक्त हूण सम्राट मिहिरकुल ने बहुमूल्य उपहारों के साथ उसके दोनों पैरों की वन्दना की थी।[२३] इससे स्पष्ट है कि यशोधर्मन ने मालवा को केन्द्र में रखकर पूर्वोत्तर भरत में कोई सैनिक अभियान किया था। उसकी यह विजय-यात्रा मगध के उत्तरकालीन गुप्त शासकों के विरुद्ध भी हुई होगी। अनेक अभिलेखों से ज्ञात होता है कि ५२८ ई० तक मध्य प्रदेश में गुप्तों की अधीनता में परिव्राजक-वंश शासन कर रहा था।[२४] अतः यशोधर्मन का उदय इस तिथि के बाद ही हुआ होगा और तभी उसने मिहिरकुल को भी पराजित किया होगा। विजय-यात्रा का वर्णन करने वाले स्तम्भ लेख में तिथि नहीं है, किन्तु वहीं से प्राप्त उसके एक अन्य शिलालेख में विक्रम संवत् ५८९ (५३२ ई०) तिथि अंकित है।[२५] अधिकांश विद्वानों का मत है कि तिथि वाला लेख बिना तिथि वाले लेख के बाद का है।[२६] अतः ५३२ ई० तक यशोधर्मन अपनी उन्नति की पराकाष्ठा पर पहुँच चुका था और ग्वालियर आदि प्रदेश उसके प्रत्यक्ष शासन में सम्मिलित हो चुके थे।

दुर्भाग्यवश कुछ ही दिनों में यशोधर्मन का अन्त हो गया। उसकी मृत्यु के पश्चात् मालवा और मगध के उत्तरकालीन गुप्त शासकों को साम्राज्य विस्तार का अच्छा अवसर मिल गया। इस समय तक कन्नौज का नवोदित मौखरिवंश भी उत्तरकालीन गुप्तों की अधीनता में शासन कर रहा था। अतः ग्वालियर के क्षेत्र पर उत्तरकालीन गुप्तों का ही प्रभुत्व रहा। कालान्तर में मौखरि शासक ईशानवर्मा और सर्ववर्मा ने गुप्तों के विरुद्ध अपनी स्वतन्त्र सत्ता घोषित कर दी और दामोदर गुप्त को मारकर मगध का अधिकांश भाग छीन लिया। अतः दामोदर गुप्त के पुत्र महासेन गुप्त को मालवा की शरण लेनी पड़ी। इस प्रकार यद्यपि कुछ समय के लिए मगध का कुछ भाग उत्तरकालीन गुप्तों के हाथ से निकल गया, किन्तु यमुना और नर्मदा के बीच स्थित ग्वालियर और मालवा के क्षेत्र अब भी उनके अधीन बने रहे।

६०६ ई० में हर्ष के सिंहासनारोहण के पश्चात् हिमालय की तलहटी से लेकर दक्षिण में नर्मदा नदी और विन्ध्यपर्वत श्रृंखला तक तथा पूर्व में बंगाल, बिहार और उड़ीसा से लेकर पश्चिम

---

२१. वही, पृ० ३९४
२२. वही, पृ० ३९४
२३. वही, पृ० ३९५
२४. का० इ० इ०, ३, पृ० ९३-१०५, ए० इ०, ८, पृ० १८४, २१, पृ० १२४, २८, पृ० २६४
२५. सरकार, डी० सी०, सेलेक्ट इंस्क्रिप्सन्स, पृ० ३८७, का० इ० इ०, ३, पृ० १५२
२६. का० इ० इ०, ३, पृ० ३९६

में कम से कम मालवा तक का भू-भाग उसके साम्राज्य का अंग बन गया। दुर्भाग्यवश हर्ष के कोई पुत्र नहीं था। अतः उसकी मृत्यु के पश्चात् (६४६-४७ ई०) मौखरियों ने पुनः कन्नौज की सत्ता पर अधिकार कर लिया। नालन्दा से प्राप्त एक मुहर से अवन्तिवर्मन के पुत्र एवं ग्रहवर्मन के भाई सुचन्द्र (वर्मन) का उल्लेख मिलता है।[२७] डॉ० श्रीवास्तव ने इसका शासनकाल ६४८ ई० से ६६४ ई० के बीच रखा है।[२८] नेपाल से प्राप्त एक अभिलेख से भोगवर्मन नामक एक अन्य राजा का भी पता चलता है, जिसने नेपाल और मगध के राजकुलों में वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किए थे।[२९] मनोरथवर्मा नामक तीसरे राजा का एक अभिलेख वाराणसी जिले के चकिया क्षेत्र के हलिया नामक गाँव से मिला है।[३०] आर्यमंजुश्रीमूलकल्प का उल्लेख है कि सुवर (सुचन्द्रवर्मन) के पश्चात् भी कुछ मौखरि शासक हुए किन्तु वे अधिक शक्तिशाली नहीं थे।[३१] इससे स्पष्ट है कि सुचन्द्रवर्मा के बाद के मौखरि शासकों ने कन्नौज के आस-पास के क्षेत्रों पर ही शासन किया। इस प्रकार सातवीं शताब्दी में ग्वालियर का क्षेत्र हर्ष तथा बाद के मौखरि शासकों के अधीन रहा।

आठवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में किसी समय उत्तर भारत में यशोवर्मन का अभ्युदय हुआ, जिसने कन्नौज के प्राचीन गौरव का उद्धार करके पुनः एक शक्तिशाली साम्राज्य की स्थापना की। डॉ० त्रिपाठी ने यशोवर्मन का शासनकाल ७२५ ई० और ७५२ ई० के मध्य माना है।[३२] विभिन्न साक्ष्यों की विवेचना करने के पश्चात् डॉ० मिश्र ने यह निष्कर्ष निकाला है कि यशोवर्मन के साम्राज्य की सीमाएँ पूर्व में बंगाल की खाड़ी से लेकर पश्चिम में राजपूताना की सीमाओं तक अथवा उसका कुछ भू-भाग, उत्तर पश्चिम में थानेश्वर, यमुना की घाटी तथा उसके भी परे तक विस्तृत थीं। जहाँ तक दक्षिण की ओर का प्रश्न है यशोवर्मन के साम्राज्य विस्तार के बारे में निश्चयपूर्वक कुछ भी नहीं कहा जा सकता किन्तु ग्वालियर तथा उसके दक्षिण का कुछ भू-भाग उसके साम्राज्य में अवश्य सम्मिलित था।[३३]

बप्पभट्टिसूरि चरित तथा प्रबन्धकोश से ज्ञात होता है कि यशोवर्मन की मृत्यु के पश्चात् उसकी रानी यशोदेवी से उत्पन्न पुत्र आम ने ग्वालियर में अपना दरबार किया था, लेकिन प्रभावक चरित का उल्लेख है कि उसने पिता के समान कन्नौज से ही शासन किया था।[३४] बप्पभट्टिसूरि के प्रभाव में आकर उसने अनेक जैन मूर्तियों का निर्माण करवाया, जिसमें ग्वालियर में निर्मित महावीर की

---

२७. ए० इ०, जि० २४, पृ० २८५
२८. श्रीवास्तव, बी० एन०, हर्ष एण्ड हिज़ टाइम्स, पृ० ११८
२९. इ० ए०, जि० ९, पृ० १७८, अभिलेख संख्या १५, पंक्ति १३ (जयदेव का अभिलेख)
३०. ए० इ०, जि० ३४, पृ० २४६-२४७
३१. आर्यमंजुश्रीमूलकल्प, पृ० ६२६
३२. त्रिपाठी, आर० एस०, हिस्ट्री आफ कन्नौज, पृ० १९४-१९७
३३. मिश्र, एस० एम०, यशोवर्मन आफ कन्नौज, पृ० ९२
३४. पण्डित, एस० पी०, गौडवाहो की भूमिका, पृ० १३९, १४५; राजशेखर, प्रबन्धकोश, पृ० २७-२८; प्रभावक चरित (पंचम, १८८), पृ० ८३

एक विशाल प्रतिमा भी सम्मिलित है, जिसकी ऊँचाई २७ हाथ बतलाई गई है।[३५] प्रबन्धकोश में गोपगिरि या गोपालगिरि (ग्वालियर) को आम के नगर के रूप में उद्धृत किया गया है, यहाँ पर उसने महावीर के एक मन्दिर का निर्माण करवाया था।[३६]

उपरोक्त उल्लेखों के आधार पर डॉ० रमाशंकर त्रिपाठी ने यह निष्कर्ष निकाला है कि आम कन्नौज के शासक यशोवर्मन (७२५-७५२ ई०) का पुत्र एवं उत्तराधिकारी था।[३७] किन्तु डॉ० दशरथ शर्मा प्रभृति विद्वान प्रभावक चरित में उल्लिखित आम की उपाधि 'नागावलोक' के आधार पर उसका समीकरण गुर्जर-प्रतिहार शासक नागभट्ट द्वितीय (८००-८३३ ई०) से करते हैं।[३८] ए० डी० पुसालकर ने आम की पहचान नागभट्ट द्वितीय के पिता वत्सराज से करने का प्रयास किया है।[३९] डॉ० श्याम मनोहर मिश्र ने आम को यशोवर्मन का पुत्र एवं उत्तराधिकारी माना है। उनका कथन है कि पिता की मृत्यु के पश्चात् वह कन्नौज में शासन कर रहा था, किन्तु गुर्जर-प्रतिहारों तथा पालों के मध्य कन्नौज को लेकर उत्पन्न हुई प्रतिद्वन्दिता के परिणामस्वरूप आम को अपनी पैतृक राजधानी कन्नौज को छोड़ना पड़ा। तब उसने अपना मुख्यालय ग्वालियर में स्थापित किया।[४०] ए० बी० उत्गिकर ने गौडवाहो के द्वितीय संस्करण की भूमिका में बप्पभट्टिसूरि चरित का उल्लेख करते हुए कहा है कि राजा आम ने वि० सं० ८११ (७५५ ई०) में बप्पभट्टि को 'सूरी' पद से विभूषित किया था।[४१] प्रभाकर चरित में आम के पुत्र एवं उत्तराधिकारी का नाम दुन्दुक मिलता है तथा दुन्दुक का पुत्र भोज था जो अपने पिता को मारकर राजसिंहासन पर बैठा।[४२]

आठवीं-नवीं शताब्दी में ग्वालियर पर गुर्जर-प्रतिहारों का साम्राज्य स्थापित हुआ। ग्वालियर दुर्ग में स्थित चतुर्भुज मन्दिर से मिहिर भोज के शासनकाल के दो अभिलेख प्राप्त हुए हैं। एक अभिलेख वि० सं० ९३२ (८७५ ई०) का है तथा दूसरा वि० सं० ९३३ (८७६ ई०) का। वि० सं० ९३२ वाले अभिलेख में कहा गया है कि इस विष्णु मन्दिर का निर्माण वर्ज्जर वंशीय नागर भट्ट के पौत्र वैल्लभट्ट के पुत्र अल्ल द्वारा करवाया गया था।[४३] वैल्लभट्ट को रामभद्र ने ग्वालियर में मर्यादाधुर्य (अन्तपाल) के पद पर नियुक्त किया था। वैल्लभट्ट का पुत्र अल्ल अपने पिता का उत्तराधिकारी हुआ, जिसे श्रीमदआदिवराह (भोज) ने गोपाद्रि अथवा ग्वालियर का संरक्षक नियुक्त

---

३५. मजूमदार और पुसालकर, द एज़ आफ इम्पीरियल कन्नौज, बम्बई, १९५५, पृ० २९०
३६. प्रबन्धकोश, पृ० २८-२९
३७. त्रिपाठी, आर० एस०, हिस्ट्री आफ कन्नौज, पृ० २११
३८. शर्मा, दशरथ, राजस्थान थ्रो द एजेज़, भाग १, पृ १४३
३९. मजूमदार और पुसालकर, ए० डी०, द एज़ आफ इम्पीरियल कन्नौज, पृ० १९०
४०. मिश्र, श्याम मनोहर, यशोवर्मन आफ कन्नौज, पृ० १२०
४१. उत्गिकर, एन० बी०, गौडवाहो की भूमिका, नोट २
४२. प्रभावक चरित, पृ० १०९
४३. ए० इ०, जि० १, पृ० १५६

किया था।[४४] वि० सं० ९३३ के अभिलेख में वैल्लभट्ट के पुत्र अल्ल द्वारा निर्मित दो मन्दिरों को दिये जाने वाले चार दानों का उल्लेख है तथा अल्ल को स्पष्ट रूप से गोपाद्रि (ग्वालियर) का 'कोट्टपाल' कहा गया है।[४५] इन अभिलेखों से यह भी स्पष्ट है कि नागभट्ट द्वितीय के पश्चात् ग्वालियर पर रामभद्र और उसके उत्तराधिकारी मिहिरभोज का आधिपत्य स्थापित हुआ। रामभद्र का शासन काल अशान्ति का काल था। ग्वालियर के सागरताल अभिलेख में कहा गया है कि रामभद्र ने 'सर्वोत्तम घोड़ों' वाले अनेक सामन्तों से (शत्रुओं की) सेनाओं के नायकों को बलपूर्वक बंधवाया।[४६] इससे प्रतीत होता है कि रामभद्र के साम्राज्य पर किसी शत्रु ने आक्रमण कर दिया था, जिसका सामना करने के लिए उसे सामन्तों की सहायता लेनी पड़ी।[४७] अनेक विद्वानों का निष्कर्ष है कि रामभद्र की कमजोरी के परिणाम स्वरूप गुर्जरत्रा भूमि एवं कालंजर मण्डल के कुछ प्रदेशों से उसका शासन समाप्त हो गया था।[४८] परन्तु ग्वालियर जैसे सुदृढ़ क्षेत्रों पर रामभद्र का अधिकार अब भी बना रहा, क्योंकि वैल्लभट्ट नामक अधिकारी उसकी ओर से वहाँ पर 'मर्यादाधुर्य' अर्थात् अन्तपाल के पद पर नियुक्त था।[४९]

रामभद्र के पश्चात् उसकी रानी अप्पादेवी से उत्पन्न पुत्र मिहिरभोज ८३६ ई० में सिंहासनासीन हुआ। उसने अपने पिता के निर्बल शासन में छिन्न-भिन्न हुए प्रतिहार साम्राज्य को पुनः संगठित एवं सुदृढ़ करने का प्रयत्न किया। रामभद्र की कमजोरी का लाभ उठाकर बुन्देलखण्ड एवं गुर्जरत्रा भूमि के जो प्रदेश उसके साम्राज्य से बाहर निकल गये थे मिहिर भोज ने उन्हें पुनः अपने साम्राज्य में मिला लिया।[५०]

मिहिरभोज की मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र महेन्द्रपाल ८८५ ई० के लगभग सिंहासन पर बैठा। महेन्द्रपाल की अन्तिम तिथि ९०७ ई० मिलती है।[५१] उसकी मृत्यु के पश्चात् सिंहासन के लिए सम्भवतः उसके दो पुत्रों भोज द्वितीय और महेन्द्रपाल (प्रथम) के बीच गृहयुद्ध हुआ। उत्तराधिकार के इस युद्ध में पहले भोज द्वितीय सफल हुआ, किन्तु उसके अत्यल्प शासन के पश्चात्

---

४४. वही, पृ० १५६
४५. वही, पृ० १५९
४६. वही, जि० १८, पृ० १०८
४७. डॉ० मजूमदार का मत है कि रामभद्र पर यह दबाव पालों की ओर से था (जर्नल आफ दि डिपार्टमेण्ट आफ लेटर्स, कलकत्ता विश्वविद्यालय, जिल्द १०, पृ० ४६)। नारायणपाल के बदल स्तम्भलेख से ज्ञात होता है कि पाल नरेश देवपाल ने उत्कलों, हूणों, द्रविड़ों और गुर्जरों को पराजित किया था (ए० इ० जिल्द २, पृ० १६२, श्लो० १३)। डॉ० पुरी का मत है कि यहाँ पर गुर्जरों का तात्पर्य गुर्जर नरेश रामभद्र से ही है (पुरी, बी० एन०, द हिस्ट्री आफ द गुर्जर प्रतिहाराज, पृ० ५०)। परन्तु डॉ० रमाशंकर त्रिपाठी उसका समीकरण मिहिर भोज के साथ करते हैं (त्रिपाठी, आर० एस०, हिस्ट्री आफ कन्नौज, पृ० २४१)।
४८. पाठक, विशुद्धानन्द, उ० भा० रा० इति०, पृ० १४०
४९. ए० इ०, जि० १, १५६-१५७, श्लो० ७
५०. त्रिपाठी, आर० एस०, हिस्ट्री आफ कन्नौज, पृ० २३८-२३९
५१. पाठक, विशुद्धानन्द, उ० भा० रा० इति०, पृ० १५६

महीपाल ने शासन की बागडोर संभाली। ग्वालियर में चन्देरी स्थित रखेत्र नामक स्थान से प्राप्त वि० सं० १००० (९४३ ई०) के एक अभिलेख से ज्ञात होता है कि ग्वालियर तथा उसके आसपास का भू-भाग महीपाल के अधिकार में था।[५२] महीपाल के पश्चात् महेन्द्रपाल द्वितीय, देवपाल तथा उनके अन्य उत्तराधिकारियों का शानकाल बहुत थोड़े वर्षो का था । इस समय तक प्रतिहार साम्राज्य एक ओर राष्ट्रकूटों के लगातार आक्रमणों से जर्जरित हो चला था तथा दूसरी ओर उनके अनेक सामंतों ने अपने स्वाधीन राज्य स्थापित कर लिए थे।

गुर्जर-प्रतिहारों के पतन के पश्चात् मध्य भारत में चन्देलों, कल्चुरियों तथा मालवा के परमारों का राज्य स्थापित हुआ। साथ ही साथ चन्देलों की अधीनता में नरवर, दुबकुण्ड और ग्वालियर में कच्छपघातों ने भी शासन करना प्रारम्भ किया। चन्देल शासक धंग वि० सं० १०११ (९५४ ई०) का खजुराहो अभिलेख एक ओर विनायक पाल (द्वितीय) को पृथ्वी का पालक बताता है तथा दूसरी ओर धंग का राज्य कालंजर से लेकर भास्वत तक, वहाँ से कालिन्दी नदी के किनारे तक, चेदि देश की सीमाओं तक तथा गोप (ग्वालियर) नामक पर्वत (गोपाभिधान गिरि) तक विस्तृत बताता है।[५३] इससे सिद्ध होता है कि इस तिथि तक धंग ने, प्रतिहारों की नाममात्र की अधिसत्ता स्वीकार करते हुए, ग्वालियर तक अपना प्रभाव विस्तृत कर लिया था। कच्छपघात शासक महीपाल के वि० सं० ११५० (१०९३ ई०) के ग्वालियर अभिलेख में लक्ष्मण के पुत्र वज्रदामन को 'गाधिनगर' के शासक की उद्दाम वीरता का अंत करने वाला और गोपगिरि (ग्वालियर) के दुर्ग पर विजय-दुंदुभी बजाने वाला कहा गया है।[५४] ग्वालियर से प्राप्त एक खण्डित मूर्ति लेख से बज्रदामन की एक तिथि वि० सं० १०३४ (९७७ ई०) ज्ञात होती है।[५५] अतः स्पष्ट है कि कच्छपघात वंश के राजा वज्रदामन ने ग्वालियर पर अधिकार कर लिया था। इस प्रकार लगभग एक ही समय में चन्देल शासक धंग और कच्छपघात शासक वज्रदामन द्वारा ग्वालियर पर अधिकार किए जाने का उल्लेख मिलता है। डॉ० त्रिपाठी के मतानुसार यह वज्रदामन चन्देल शासक धंग का सामन्त था और ग्वालियर विजय में धंग ने अपने सामन्त की सहायता की थी।[५६]

ग्वालियर दुर्ग में स्थित सास-बहू मन्दिर से प्राप्त अभिलेख में वज्रदामन के पश्चात् मंगलराज, कीर्तिराज, मूलदेव (भुवनैकमल्ल तथा त्रैलोक्यमल्ल विरुद), देवपाल, पद्मपाल तथा महीपाल नाम के अन्य कच्छपघात वंशीय राजाओं का उल्लेख मिलता है।[५७] अभिलेख के अनुसार वज्रदामन का उत्तराधिकारी मंगलराज हुआ। इसका वज्रदामन से क्या सम्बन्ध था, यह अभिलेख में

५२ आ० स० रि०, १९२४-२५, पृ० १६८
५३. ए० इ०, जि० १, पृ० १२९, १३४, श्लोक ४५
५४. इ० ए०, जि० १५, पृ० ३३-४६
५५. ज० ए० सो० व०, जि० ३१, पृ० ३९३
५६. त्रिपाठी, आर०एस०, हिस्ट्री ऑफ कन्नौज, पृ० २९८
५७. इ० ए०, जि० १५, पृ० ३३-४६

उल्लिखित नहीं है। इसके लिए कहा गया है कि उसने अपने शत्रुओं को इस प्रकार बिखेर दिया था जैसे सूर्य की हजारों किरणें अन्धकार को समाप्त कर देती हैं।[५८]

मंगलराज के पश्चात् उसका उत्तराधिकारी कीर्तिराज हुआ। सास-बहू अभिलेख में कहा गया है कि कीर्तिराज ने मालवा के राजकुमार (मालव भूमिप) की असंख्य सेना को युद्ध में पराजित किया था। इस युद्ध में मालवा की सेना को ऐसा भीषण आघात पहुँचा कि भय के मारे उनके हाथों से भाले गिर गये और बाद में ग्रामवासियों ने उन्हें उठाकर अपने घरों के आस-पास उनका ढेर लगा दिया।[५९] मालवा के इस राजकुमार की पहचान प्रायः भोज परमार से की जाती है, जो स्वयं भी एक शक्तिशाली शासक था।[६०] परमार राजा की शक्ति को देखते हुये इस बात पर विश्वास करना कठिन है कि कीर्तिराज ने चन्देल राजा की सहायता के बिना ही यह विजय प्राप्त कर ली होगी। अतः बहुत सम्भव है कि भोज के विरुद्ध युद्ध में विद्याधर चन्देल ने अपने कच्छपघात सामंत कीर्तिराज की सहायता की हो।[६१] उनके शासनकाल की एक अन्य घटना महमूद गजनवी का आक्रमण है। १०२२ ई० में चन्देलों की शक्ति को पूर्णतया नष्ट करने के उद्देश्य से महमूद ने काल□जर पर आक्रमण किया। किन्तु इससे पहले मार्ग में उसने ग्वालियर के किले को जीतने का प्रयत्न किया। यह किला इतना सुदृढ़ था कि महमूद उस पर अधिकार न कर सका। चार दिन के घेरे के बाद राजपूत राजा ने ३५ हाथियों का उपहार भेजकर सन्धि कर ली।[६२] कीर्तिराज के पश्चात् उसका पुत्र मूलदेव गद्दी पर बैठा। सास-बहू अभिलेख में इसके लिए 'भुवनपाल' और त्रैलोक्यमल्ल' विरुदों का उल्लेख मिलता है।[६३] मूलदेव के पश्चात् उसकी रानी देवव्रत से उत्पन्न पुत्र देवपाल राजा हुआ। देवपाल को 'अपराजित' भी कहा गया है। सास-बहू अभिलेख में कहा गया है कि उसने उदारता में कर्ण को, धनुर्विद्या में पार्थ के पुत्र (अभिमन्यु) को और सत्यता में धर्मराज को भी पछाड़ दिया था।[६४] मूलदेव का उत्तराधिकारी उसका पुत्र पद्मपाल हुआ। अभिलेख में कहा गया है कि उसने चतुर्दिक युद्ध किए और उसकी सेना ने सुदूर दक्षिण तक अभियान किया। उसकी मृत्यु युवावस्था में ही हो गयी थी।[६५] पद्मपाल के पश्चात् महीपाल गद्दी पर बैठा। सास-बहू अभिलेख में उसको सूर्यपाल का पुत्र और पद्मपाल का 'भ्राता' कहा गया है।[६६] इस प्रकार सम्भवतः महीपाल पद्मपाल का चचेरा भाई था। अभिलेख में उसके लिए 'भुवनैकमल्ल' विरुद मिलता है। सास-बहू मन्दिर में स्थापित अभिलेख की तिथि वि० सं० ११५० (१०९३ ई०) है। इस प्रकार सास-बहू अभिलेख से पता चलता है कि वज्रदामन से लेकर महीपाल के समय (१०९३ ई०)

---

५८. इ० ए०, जि० १५, पृ० ३६, श्लो० १०
५९. तदैव
६०. पाठक, विशुद्धानन्द, उ० भा० रा० इति०, पृ० ४१२
६१. पाठक, विशुद्धानन्द, उ० भा० इति०, पृ० ४१२
६२. म० प्र० जिला गजेटियर-ग्वालियर, पृ० २३
६३. इ० ए०, जि० १५, पृ० ३६
६४. वही, श्लोक १४
६५. वही, श्लोक १५-१७
६६. इ० ए०, जि० १५, पृ० ३३-४६

तक कच्छपघात वंश ग्वालियर पर शासन कर रहा था। एक अन्य शिलालेख से ज्ञात होता है कि महीपाल के पश्चात् भुवनपाल तथा उसके पुत्र मधुसूदन ने भी वि० सं० ११६१ (११०४ ई०) में ग्वालियर दुर्ग पर शासन किया था।[६७]

कच्छपघात वंश का अन्तिम शासक तेजकरन या दूल्हाराय था। खड्गराय तथा फजलअली के ग्वालियर सम्बन्धी विवरणों में तेजकरन के रुमानी चरित्र एवं कार्यों का परिचय मिलता है। इन राजपूत अनुश्रुतियों से ज्ञात होता है कि ११२८ ई० में उसने ग्वालियर दुर्ग को अपने भांजे परमर्दिदेव प्रतिहार या परमलदेव को सौंपकर स्वयं देवसा की राजकुमारी से विवाह करने चला गया था। परमर्दिदेव प्रतिहार ने फिर ग्वालियर दुर्ग तेजकरन को नहीं लौटाया और स्वयं शासन करने लगा।[६८]

परमर्दिदेव के उत्तराधिकारियों का कोई ऐसा विस्तृत अभिलेख उपलब्ध नहीं हुआ है, जिससे उनके बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके। ग्वालियर और नरवर के मध्य चिटाली ग्राम में वि० सं० १२०७ (सन् ११५० ई०) का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है, जिसमें रामदेव प्रतिहार का उल्लेख है।[६९] इसके पश्चात् ग्वालियर दुर्ग के गंगोलाताल से वि० सं० १२५० तथा १२५१ (११९३-११९४ ई०) के दो शिलालेख प्राप्त हुए हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि इन वर्षों में दुर्ग पर अजयपाल देव शासन कर रहा था।[७०]

११९५-९६ ई० में मुहम्मद गोरी ने जब ग्वालियर दुर्ग पर घेरा डाला, उस समय यहाँ पर सुलक्षणपाल शासन कर रहा था। किले की दृढ़ता को देखते हुए मुहम्मद गोरी ने अनुभव किया कि बिना दीर्घकालीन घेरे के उसे जीतना कठिन है। अतः उसने राजा से सन्धि कर ली। हसन निजामी के अनुसार सुलक्षणपाल भयभीत और हतास हो गया। उसने सन्धि की चर्चा की तथा कर देने के लिए सहमत हो गया।[७१] किन्तु मुहम्मद गोरी ने शीघ्र ही सन्धि की शर्तों का उल्लंघन किया और थोड़े समय बाद ही किले पर अधिकार करने के लिए बयाना से तुगरिल को पुनः भेजा। इस साहसी तुर्क ने ग्वालियर के सभी यातायात के मार्ग काट दिये और पास के मैदानों से उसका पूर्णतया सम्बन्ध विच्छेद कर दिया, जिसके कारण किले में रसद पहुँचाना कठिन हो गया। राजपूत डेढ़ वर्ष तक युद्ध करते रहे। किन्तु अन्त में किला छोड़ने के लिए उन्हें बाध्य होना पड़ा। किले के शासक ने किला तुगरिल के बजाय मुहम्मद गोरी द्वारा बाद में भेजे गये सेनापति कुतुबुद्दीन ऐबक को सौंप दिया।[७२]

---

६७. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वा० रा० अभि०, क्रमांक ६१

६८. म० प्र० जिला गजेटियर-ग्वालियर, पृ० २३; कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३७०; द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, पृ० ६

६९. कनिंघम, आ० स० रि०, जि० २, पृ० ३७८

७०. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, पृ० ६

७१. इलिएट एण्ड डाउसन, जि० २, पृ० २८८

७२. श्रीवास्तव, आशीर्वादीलाल, भारत का इतिहास, पृ० ३६; द्विवेदी, ग्वालियर के तोमर, पृ० ७

१२१० ई० में कुतुबुद्दीन की मृत्यु के पश्चात् भारत में नव स्थापित मुस्लिम राज्य संकट में पड़ गया। उसके पुत्र आरामशाह के निर्बल शासन का लाभ उठाकर हिन्दुओं ने अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित किया। वि० सं० १२७७ (१२२० ई०) के कुरैठा ताम्रपत्र से ज्ञात होता है कि प्रतिहार सरदार विग्रहराज ने म्लेच्छ शासक से युद्ध करके गोपगिरि (ग्वालियर) को छीन लिया।[७३] इसके पश्चात् उसका पुत्र एवं उत्तराधिकारी मलयवर्मन ग्वालियर का शासक हुआ, जिसने लगभग १२३२ ई० तक शासन किया।

मलयवर्मन के शासन काल में १२३१ ई० के लगभग इल्तुतमिश ने ग्वालियर-विजय की योजना बनाई और किले की घेरा बन्दी कर ली, किन्तु किले की मोर्चाबन्दी इतनी मजबूत थी कि कभी-कभी सुल्तान को अपने सैनिकों को मौलवियों के भाषणों और उपदेशों से प्रोत्साहित करना पड़ता था। ग्यारह महीने तक अनवरत प्रयत्नों एवं युद्धों के पश्चात् अन्ततः मलयवर्मन ने १२ दिसम्बर, १२३२ ई० को किले का समर्पण कर दिया और स्वयं रात्रि में किले से निकल कर भाग गया। आठ सौ मर्दों को पड़ाव के सामने कत्ल कर दिया गया।[७४]

खड्गराय ने इसी घटना का बड़े मार्मिक ढंग से उल्लेख करते हुए लिखा है कि जब 'दुर्ग के बचने की सारी आशा जाती रही, तो अन्तःपुर की राजपूत स्त्रियों ने एक तालाब के किनारे जौहर करके अपने प्राणों की बलि दे दी। यह तालाब आज भी 'जौहर ताल' के नाम से प्रसिद्ध है।[७५] इसके पश्चात् राजा और उसके वीर अनुयायी शत्रुओं पर टूट पड़े और युद्ध भूमि में काम आये।[७६]

इस घटना का उल्लेख एक शिलालेख में भी किया गया था, जिसे बाबर ने उरवाही द्वार के समीप कहीं देखा था, किन्तु यह अब वहाँ पर उपलब्ध नहीं है। बाबर ने लिखा है कि यह अभिलेख उरवाही द्वार पर स्थित था और इस पर ६३० हि० (१२३२ ई०) तिथि अंकित थी।[७७]

१२३६ ई० में इल्तुतमिश की मृत्यु के पश्चात् ग्वालियर का किला सम्भवतः मलयवर्मन के भाई नृवर्मन (नरवर्मन) द्वारा पुनः अधिकृत कर लिया गया। नरवर्मन का एक शिलालेख ग्वालियर दुर्ग के गंगोला ताल से तथा दूसरा सन् १२४७ ई० का कुरैठा ताम्रपत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें उसे 'राजा' कहकर सम्बोधित किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि नरवर्मन का उत्तराधिकारी हरिराज रहा होगा, क्योंकि चन्देल शासक वीरवर्मन के १२८१ ई० के एक शिलालेख

---

७३. द्विवेदी, ग्वा० रा० अभि०, क्र० ९७

७४. रेवर्टी,एच० जी० द्वारा अनुवादित तबकातए नासिरी, पृ० ६१९-२०; इलिएट एण्ड डाउसन, जि० २, पृ० २८८

७५. म० प्र०जिला गजेटियर -ग्वालियर, पृ० २४; कनिंघम, आ० स० रि०, जि० २, पृ० ३८० स्त्रियाँ राजा के सामने जाकर कहती हैं :-

"पहले हमें जु जौहर पारी,
तब तुम जुझे कंथ सम्हारी।
(हे पति! पहले तो हम जौहर करेंगी और फिर तुम युद्ध के लिए प्रस्थान करोगे)

७६. म०प्र० जिला गजेटियर-ग्वालियर, पृ०२४; कनिंघम आ०स०रि०, भाग २, पृ० ३८० " जूझयो सारंगदेव रणरंग, एक हजार पाँच सौ संग"। (इस प्रकार सारंगदेव युद्ध में काम आये और उनके साथ पन्द्रह सौ योद्धा खेत रहे)।

७७. कनिंघम, आ० स० रि०, जि० २, पृ० ३८०

से ज्ञात होता है कि उसके सेनापति बलभद्र मल्लय ने गोपाचल के राजा हरिराज को पराजित किया था।[७८]

१२५१ ई० में नासिरुद्दीन की सल्तनत के दौरान उसके सेनापति बलवन ने रानाचाहिर अजारी पर आक्रमण किया और ग्वालियर के किले को भी जीत लिया, किन्तु वह अपना आधिपत्य स्थापित नहीं कर सका।[७९] चाहड़देव के सिक्कों पर १२३७ ई० से १२५४ ई० तक की तिथि अंकित है।[८०] १२५८ ई० में बलबन ने पुनः आक्रमण करके ग्वालियर पर विजय प्राप्त की और उसे मलिक नुसरत-उद्दीन को सौंप दिया।[८१]

ग्वालियर दुर्ग का प्रमुख मार्ग पूर्वी प्रवेश-द्वार से दक्षिण-पश्चिम की ओर उरवाही-द्वार तक जाता है। यही पथ मान-मन्दिर के सामने से निकलकर दक्षिण की ओर सूर्यकुण्ड तथा तेली-मन्दिर के सामने से भी जाता है। उपर्युक्त मान्यता के अनुसार इसे 'देवपथ' या 'राजपथ' की संज्ञा दी जा सकती है। संभवतः यह दुर्ग का सर्वाधिक प्राचीन मार्ग रहा होगा, क्योंकि यह कई प्राचीन भवनों को एक दूसरे से जोड़ता है। इसके किसी भी प्रवेश-द्वार में छोटे पार्श्व-द्वारों अथवा मार्गों की व्यवस्था नहीं की गयी है।

चार्या

प्राकार के साथ ही एक दण्ड या दो दण्ड की दूरी पर चार्या अर्थात् प्राकार आदि पर चढ़ने-उतरने का सोपान बनवाना चाहिए।[८२] ग्वालियर दुर्ग की प्राचीर के साथ-साथ उस पर चढ़ने-उतरने के लिए थोड़ी-थोड़ी दूर पर अनेकों सोपान निर्मित किये गये हैं (चित्र सं० ७)।

प्रधावितिका

बाहर से छोड़े गये बाण आदि से सुरक्षित रहने के लिए छिपने योग्य ओट को 'प्रधावितिका' कहते हैं। इसका निर्माण प्राकार के ऊपर ऐसे स्थान पर किया जाता है, जिसको कोई

---

७९. अन्तरेषु द्विहस्तविष्कम्भं पार्श्वे चतुर्गुणयममनुप्राकारमष्टहस्तायतं देवपथं कारयेत्। अर्थ०, अधि० २, अ० ३, पृ० २१

८०. अग्रवाल, वा० श०, इण्डिया ऐज़ नोन टु पाणिनि, पृ० १३८-१३९

८१. वही

८२. दण्डहान्तराद्विदन्डान्तरा वा चार्याः कारयेत्। अर्थ०, अधि० २, अ०३, प्र०२१

देख न सके। इसकी समानता 'कण्डवारिणी से की जा सकती है। प्रधावितिका में निशाना मारने तथा देखने के लिए 'निष्कुह-द्वार' (छिद्र) भी बनवाने चाहिए।[८३]

ग्वालियर दुर्ग में कण्डवारिणी के ऊपर कपिशीर्षकों के मध्य शत्रु पर निशाना साधने के उद्देश्य से विभिन्न कोणों पर निष्कुहद्वार निर्मित किये गये हैं (चित्र सं० ७)। इनसे कपिशीर्षकों की आड़ में रहते हुए किसी दिशा में स्थित शत्रु पर तीर या बन्दूक से सुविधापूर्वक निशाना लगाया जा सकता है।

फाटक

किले के दरबाजे का ऊपरी बुर्ज दो हाथ लम्बा होना चाहिए। दोनों फाटक तीन या पांच तख्तों की पर्त के बने हों। किवाड़ों को बन्द करने के लिए एक अरन्ति परिमाण (एक हाथ) की इन्द्रकील (चटखनी) होनी चाहिए। फाटक के बीच में पांच हाथ का एक छोटा सा दरवाजा भी जुड़ा हो। सम्पूर्ण फाटक इतना बड़ा होना चाहिए कि उसमें चार हाथी एक साथ प्रवेश कर सकें।[८४]

ग्वालियर दुर्ग के प्रायः सभी प्रवेश-द्वारों में लकड़ी के फाटक लगाये गये थे। उनके दोनों पल्लुओं के चूलों को फँसाने के लिए पत्थर के छिद्र आज भी विद्यमान हैं। हथिया पौर तथा आलमगीरी पौर का फाटक भी अपेक्षाकृत बाद का प्रतीत होता है। लकड़ी के पटरों को लोहे की पत्तियों और कीलों से जोड़कर उसे तैयार किया गया है। दक्षिणी पल्ले में आवागमन की सुविधा के लिए एक छोटे दरवाजे की भी व्यवस्था है। फाटक की ऊँचाई भित्ति-स्तम्भों के बराबर तक ही है। उसके ऊपर तोरण के खुले भाग को लोहे की पत्तियों से ढक दिया गया है।

जलाशय

किसी भी दुर्ग को सुरक्षा की दृष्टि से तब तक सुदृढ़ नहीं माना जा सकता जब तक कि उसमें युद्ध सामग्री, खाद्यान्न और जल की पर्याप्त व्यवस्था न हो, क्योंकि शत्रु द्वारा दुर्ग या नगर की घेराबन्दी कर लिए जाने पर इन वस्तुओं की आपूर्ति हार-जीत में बहुत कुछ निर्णायक सिद्ध होती है। रामायण, महाभारत, मनुस्मृति, मत्स्यपुराण, विष्णुधर्मोत्तर पुराण, मानसोल्लास आदि ग्रन्थों में कहा गया है कि दुर्ग में आयुध, अन्न, औषधि, धन, घोड़े, हाथी, भारवाही पशु, ब्राह्मण, शिल्पकार, मशीनें तथा जल आदि की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।[८५] अपराजितपृच्छा तथा वास्तुराजवल्लभ के अनुसार पुण्यात्मा को पुर (दुर्ग) के भीतर चार वापी, दस कूप, चार कुण्ड और छः तड़ाग बनवाना चाहिए।[८६] इस प्रकार प्रायः सभी राजनीतिज्ञ तथा वास्तुशास्त्री दुर्ग में जल के महत्व को स्वीकार करते हैं क्योंकि संकटकाल के लिए यदि जल संग्रह की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है तो कोई भी दुर्ग अधिक समय तक अविजित नहीं रह सकता।

ग्वालियर का दुर्ग जलापूर्ति की दृष्टि से काफी सफल रहा है, क्योंकि कोई भी शत्रु इसे जल की कमी के कारण कभी हस्तगत नहीं कर सका। इसके जलाशय पर्याप्त आकार के हैं और

---

८३. अग्रह्ये देशे प्रधावितिकां निष्कुरद्वारं च ।

८४. अर्थ० अधि० २, अ० ३, प्र० २१.

८५. रामायण, अयोध्या० १००,५३; महाभारत, सभा० ५,३६; मनुस्मृति ७,७५; मत्स्य० २१७, ८; विष्णुधर्मोत्तर० २,२६,२०-८८; मानसोल्लास, ३,५, ५५०-५५५

८६. अपराजित० ७४, १-२; वास्तुराजवल्लभ अ० ४, श्लो० २६

अत्यधिक गर्मी के दिनों में भी नहीं सूखते तथा संकट के समय जल की आपूर्ति में पूर्णतः सक्षम रहते हैं।[८७] इनकी रचना के आधार पर इन्हें निम्नलिखित चार वर्गों में विभक्त किया जा सकता है -

१. वापी ३. तड़ाग
२. कूप ४. कुण्ड

वापी (बावरी या बावली)

सोपानों (सीढ़ियों) से युक्त कूप को 'वापी' कहते हैं। निश्चयपूर्वक कह सकना कठिन है कि कुओं में सीढ़ियाँ जोड़कर वापी बनाने की परम्परा का प्रादुर्भाव कब से हुआ, किन्तु अनेक प्राचीन अभिलेखों में वापियों के उल्लेख मिलते हैं, जिनसे स्पष्ट है कि उनका निर्माण अत्यन्त प्राचीनकाल से ही होने लगा था।[८८]

अपराजितपृच्छा तथा वास्तुराजवल्लभ में नन्दा, भद्रा, जया और विजया नामक चार प्रकार की वापियों का उल्लेख मिलता है।[८९] एक मुख और तीन कूट की वापी को 'जया' तथा चार मुख और बारह कूट की वापी को 'विजया' कहते हैं।[९०] यहाँ पर 'मुख' का तात्पर्य उस सोपान युक्त मार्ग से है, जिससे वापी का जल निकालने के लिए चढ़ा-उतरा जाता है तथा वापी पर खुलने वाले मुख को 'कूट' कहते हैं। इस प्रकार 'वापी' का आकार एक कुएँ जैसा होता है, जिसमें ऊपर से लेकर जल की सतह तक सीढ़ियाँ बनी होती हैं।

ग्वालियर दुर्ग के ऊपरी भाग में केवल एक वापी का उदाहरण प्राप्त होता है, जिसे 'अस्सी खम्भा बावरी' कहते हैं किन्तु उरवाही घाटी में कई वापियों तथा कुओं का निर्माण किया गया था। ये आज भी 'आठ कुआँ नौ बावरी' नाम से प्रसिद्ध हैं। वर्तमान समय में उरवाघाटी में केवल दो वापियों के ही अवशेष उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त 'गुजरी बावरी' और 'धोन्धा बावरी' नामक दो अन्य वापियाँ भी दुर्ग में स्थित हैं।

१. अस्सी खम्भा बावरी

यह वापी (चित्र सं० ८) पहाड़ी के मध्य भाग में राजा मानसिंह के महल के दक्षिणी-पश्चिमी कोने पर स्थित है। इसको चारों ओर से एक ऊँची प्राचीर द्वारा घेर दिया गया है, जिसमें भीतर प्रवेश करने के लिए पूर्व की ओर एक विशाल द्वार है। इसका निर्माण बड़े-बड़े पाषाण-खण्डों को जोड़कर गोलाकार रूप में किया गया है। वापी का व्यास १२.७५ मीटर तथा जल के सतह तक की गहराई ११.४५ मीटर है। ऊपरी सिरे पर टोड़ों के ऊपर २.१५ मीटर चौड़ा छाजन है। उसके चारों ओर १.८५ मीटर चौड़ा ६४ गोल खम्भों पर आधारित एक वृत्ताकार बरामदा भी है। बावरी के पश्चिम में भी एक छोटा प्रवेश-द्वार है, जिसके दोनों ओर दो सीढ़ियाँ कटी हैं, जो नीचे एक स्थान पर मिल जाती हैं। पुनः वहाँ से दोनों ओर दो सीढ़ियाँ निकलती हैं जो वापी में जल के

---

८७. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३४१
८८. आचार्य, पी० के०, डिक्सनरी आफ हिन्दू आर्किटेक्चर, पृ० ५४३
८९. अपराजित० ७४, ९; वास्तुराज० अ० ४, श्लो० २८
९०. अपराजित० ७४, ९-११, वास्तुराज० अ० ४, श्लो० २८

अन्दर तक चली गयी हैं। अतः अपराजितपृच्छा में वर्णित वापियों के आधार पर 'अस्सी खम्भा बावरी' को 'नन्दा' श्रेणी में रखा जा सकता है।

वापी को 'अस्सी खम्भा बावरी' नाम से सम्बोधित किया जाता है। इस आधार पर इसमें अस्सी खम्भे होने का अनुमान होता है किन्तु वास्तव में इसमें कुल ६४ स्तम्भ ही हैं। इसके उत्तरी भाग में वापी से जुड़ा हुआ स्तम्भों पर आधारित एक विशाल भवन है, जो आजकल 'रहीमदाद का मदरसा' नाम से प्रसिद्ध है। इसकी रचना से ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व काल में यह कोई सभा-भवन रहा होगा। सामान्य धारणा है कि इस भवन को बाबर ने बनवाया था।[९१] किन्तु इसकी स्थापत्य कला को देखने से ऐसा लगता है कि इसका निर्माण बाबर से पूर्व कभी तोमर राजाओं के शासनकाल में हुआ होगा और वे लोग इस भवन का उपयोग 'सभा-भवन' के रूप में करते रहे होंगे। 'अस्सी खम्भा बाबरी' इस भवन की समकालीन प्रतीत होती है। इसके जल का प्रयोग सभा-भवन में होने वाले उत्सवों तथा सम्मेलनों आदि के अवसर पर किया जाता रहा होगा। इसके अतिरिक्त मानमन्दिर और कीर्तिमहल आदि में निवास करने वाले राजपरिवार के लोगों द्वारा भी इसका जल प्रयुक्त किया जाता रहा होगा।

२. गुजरी बावरी

यह वापी पहाड़ी के नीचे गुजरी महल के उत्तरी भाग में स्थित है। इसका आकार ८.३० मीटर लम्बा, ७.६५ मीटर चौड़ा आयताकार है तथा गहराई ५ मीटर है। वापी का निर्माण छोटे-छोटे पाषाण-खण्डों को जोड़कर किया गया है। इसकी तलहटी और दीवारों पर प्लास्टर भी था, किन्तु वह अब नष्ट हो गया है। वापी के दक्षिणी-पश्चिमी कोने पर तल तक पहुँचने के लिए सीढ़ियाँ निर्मित की गयी हैं। गुजरी महल से वापी तक आने के लिए एक खिड़की थी, जो अब बन्द कर दी गयी है। इससे स्पष्ट है कि इसके जल का उपयोग गुजरी महल के लोगों द्वारा किया जाता रहा होगा।

३. धोन्धा बावरी

यह पहाड़ी के उत्तरी-पश्चिमी भाग में धोन्धादेव द्वार के बाहर स्थित है। इसका निर्माण पहाड़ी के पाषाण-खण्डों द्वारा अर्धचन्द्राकार रूप में किया गया है। अर्धचन्द्राकार परिधि की लम्बाई २० मीटर है। वापी की गहराई ५ मीटर से ८ मीटर तक है। इसके पूर्वी सिरे पर जल की सतह तक सीढ़ियाँ बनी हैं। वापी के ठीक ऊपर दुर्ग की प्राचीर है, जिसमें एक घाट निर्मित किया गया है। इस घाट के द्वारा भी वापी का जल प्राप्त किया जा सकता है।

४. शरद और अनार बावरी

हथियापौर और लक्ष्मणपौर के बीच में पहाड़ी को काटकर उसके भीतर 'शरद बावरी' और 'अनार बावरी' नाम के दो जलाशय निर्मित किए गये हैं। शरद बावरी में एक छोटा सा मेहराबार प्रवेश-द्वार बनाकर उसे पहाड़ी के भीतर लम्बाई, चौड़ाई और गहराई में काटते हुए एक चौकोर कुण्ड बना लिया गया है। इसकी छत पहाड़ी में काटकर तैयार किए गये स्तम्भों पर आधारित है। इसी प्रकार की रचना अनार बावरी में भी की गयी है।

---

९१. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३४४

५. घर्गर्ज बावरी

यह बावरी घर्गर्ज द्वार के नीचे स्थित है। अतः इसे 'घर्गर्ज बावरी' कहते हैं। इसकी लम्बाई १५ मीटर तथा चौड़ाई लगभग ७ मीटर है।

कूप (कुआँ)

कूप अथवा कुएँ की साधारण निर्माण-योजना को देखने से ज्ञात होता है कि इसका स्वरूप अत्यन्त प्राचीनकाल में ही विकसित हो चुका था। ऋग्वेद में 'कुओं' का उल्लेख मिलता है।[९२] इसके अतिरिक्त भारत की प्राचीनतम सभ्यता के प्रमुख केन्द्र मोहनजोदड़ो एवं हड़प्पा से भी कुओं के अवशेष प्राप्त हुए हैं।[९३] सिन्धु-सभ्यता के प्रायः सभी बड़े घरों में मीठे पानी से भरा गहरे सोते का कुआँ बनाया जाता था।[९४] इसकी जुड़ाई सुजवा या सुजा-पट्टी ईंटों से की जाती थी।[९५] कुएँ के ऊपर एक ऊँची जगती का निर्माण भी किया जाता था।[९६] इनका आकार गोल अथवा चौकोर दोनों प्रकार का होता था, किन्तु गोलाकार कुओं के उदाहरण अधिक संख्या में उपलब्ध होते हैं। इनका जो स्वरूप आदिकाल में विकसित हुआ, वही थोड़े बहुत परिवर्तनों के साथ परम्परागत रूप में आज तक विद्यमान है। अपराजितपृच्छा तथा वास्तुराजवल्लभ में इस प्रकार के कूपों का उल्लेख मिलता है।[९७] चार हाथ के व्यास वाले कूप को 'विजय', छः हाथ के व्यास वाले कूप को 'प्रान्त', सात हाथ के व्यास वाले कूप को 'दुन्दुभी', आठ हाथ के व्यास वाले कूप को 'मनोहर', नव हाथ के व्यास वाले कूप को 'चूणामणि', दस हाथ के व्यास वाले कूप को 'दिग्भद्र' ग्यारह हाथ के व्यास वाले कूप को 'जय', बारह हाथ के व्यास वाले कूप को 'नन्द' तथा तेरह हाथ के व्यास वाले कूप को 'शंकर' नाम से सम्बोधित किया गया है।[९८] यदि कूप का व्यास चार हाथ से कम है तो उसे 'कूपिका' कहते हैं।[९९]

वर्तमान समय में ग्वालियर दुर्ग पर कुल ग्यारह कुएँ विद्यमान हैं। इनमें आठ उरवाघाटी में तथा तीन बादलगढ़ क्षेत्र में स्थित हैं। बादलगढ़ का एक कुआँ गुजरी महल के पीछे उत्तरी-पूर्वी कोने पर, दूसरा उत्तरी-पश्चिमी कोने पर तथा तीसरा भैरोंपौर के निकट है। उरवा घाटी के कुएँ मुस्लिम आक्रमण के पूर्व ही निर्मित कर लिए गये थे, क्योंकि १२३२ ई० में दुर्ग पर अधिकार कर लेने के पश्चात् इल्तुतमिश ने इनकी सुरक्षा के लिए घाटी के मुहाने पर एक विशाल प्राचीर का निर्माण करवाया था।[१००] जहाँ तक बादलगढ़ के कुओं का प्रश्न है, ये गुजरी महल तथा बादलगढ़ के भवनों के साथ राजा मानसिंह के शासनकाल (१४८६-१५१६ ई०) में निर्मित किए गये प्रतीत होते हैं।

---

९२. ऋग्वेद १०, १०१, ६

९३. ह्वीलर, मार्टिमर, द इण्डस सिविलाइजेशन, पृ० ४२; अग्रवाल, वासुदेव शरण, भारतीय कला, पृ० २०

९४. वही

९५. वही

९६. वही

९७. अपराजित० ७४,३-७; वास्तुराज० अ०४, श्लो० २७

९८. वही

९९. वही ७४, ८; अ० ४, श्लो० २७

१००. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३३२

प्रायः सभी कुओं में जगती तथा जल निकालने के लिए एक-एक घाट निर्मित किए गये हैं किन्तु गुजरी महल के उत्तरी-पश्चिमी कोने पर स्थित कुएँ में तथा भैरों पौर के निकट वाले कुएँ में दो-दो घाटों की व्यवस्था है। सभी कुओं का आकार गोल है। इनका निर्माण छोटे-बड़े पाषाण-खण्डों को जोड़कर किया गया है। कुओं की औसत गहराई २० मीटर से ३० मीटर तक है। उरवा घाटी पर स्थित छः कुओं का व्यास क्रमशः ३.२५ मीटर (लगभग सात हाथ), ३.३५ मीटर (लगभग सात हाथ), ३.३४ मीटर (लगभग सात हाथ), ३.४५ मीटर (लगभग आठ हाथ), ३.८० मीटर (लगभग नौ हाथ) तथा ४.९० मीटर (लगभग ग्यारह हाथ) है। बादलगढ़ के कुओं का व्यास ५.७० मीटर (लगभग तेरह हाथ), ५.८० मीटर (लगभग तेरह हाथ) है। इस प्रकार अपराजितपृच्छा और वास्तुराजवल्लभ के वर्गीकरण के आधार पर ग्वालियर दुर्ग पर स्थित सात हाथ व्यास वाले तीन कूपों को 'दुन्दुभी', आठ हाथ वाले कूप को 'मनोहर' नौ हाथ व्यास वाले कूप को 'चूणामणि', ग्यारह हाथ व्यास वाले दो कूपों को 'जय' तथा तेरह हाथ व्यास वाले दो कूपों को 'शंकर' कोटि में रखा जा सकता है।

तड़ाग

अपराजितपृच्छा तथा वास्तुराजवल्लभ में सर, महासर, भद्रक, सुभद्रक, परिघ तथा युग्म परिघ नामक छः प्रकार के तड़ाग बतलाये गये हैं।[१०१] इनमें जिसका स्वरूप अर्धचन्द्राकार हो उसे 'सर', जो वृत्ताकार हो उसे 'महासर', जिसका आकार चतुष्कोण हो उसे 'भद्रक' और जो भद्र से युक्त हो उसे 'सुभद्र' कहते हैं।[१०२] परिघ और युग्म परिघ नामक तड़ागों में एक या दो वक स्थल (पक्षियों के बैठने का स्थान) होना चाहिए।[१०३]

भारत में तड़ागों के निर्माण की परम्परा बहुत प्राचीन है। हड़प्पा सभ्यता के प्रमुख स्थल मोहन जोदड़ों से १८० फुट चौड़े एक तड़ाग के अवशेष प्रकाश में आये हैं।[१०४] इसके मध्य में ३९ फुट x २३ फुट x ८ फुट आकार की जलद्रोणि निर्मित की गयी है। तालाब में उतरने के लिए आमने-सामने सीढ़ियाँ बनी हैं। समीप में ही महाकुण्ड में स्वच्छ जल भरने के लिए एक कुएँ की व्यवस्था की गयी है तथा एक कोने में गंदे जल को बाहर निकालने के लिए नाली बनाई गई है, जो कि बाहर की ओर एक नाले से मिल जाती है।[१०५] इस प्रकार हड़प्पा सभ्यता के इस सरोवर का जो स्वरूप हमें देखने को मिलता है, वह अपने आप में पर्याप्त विकसित है। हाल में हुए श्रृंगवेरपुर (इलाहाबाद, उ० प्र०) के उत्खनन से प्रथम श० ई० में निर्मित एक विशाल तालाब के अवशेष भी प्रकाश में आये हैं।[१०६] यह लगभग १०० मीटर लम्बा, ३० मीटर चौड़ा तथा ६ मीटर गहरा है। इसे एक पतली नाली द्वारा गंगा नदी से जोड़ा गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि इसमें जल की आपूर्ति गंगा नदी से की जाती थी। गंगा का जल पहले एक छोटे से जलाशय में एकत्र किया जाता था, ताकि

---

१०१. अपराजितपृच्छा, ७४, ३२-३४; वास्तुराज०, अ०४, श्लो० २९
१०२. वही
१०३. वही
१०४. अग्रवाल, वा० श०, भारतीय कला, पृ० २०
१०५. अग्रवाल, वा० श०, भारतीय कला, पृ० २०
१०६. नार्दर्न इण्डिया पत्रिका, लखनऊ (१६-४-८०), पृ० १-२; व टाइम्स आफ इण्डिया, दिल्ली, १७.४.८०, पृ० ७

उसकी गन्दगी जलाशय की तलहटी में बैठ जाय। तदोपरान्त स्वच्छ जल नाली द्वारा तड़ाग में पहुँचता था।[१०७]

ग्वालियर दुर्ग में अनेक तालाब निर्मित किए गये हैं जो एक शिरे से दूसरे शिरे तक विभिन्न स्थलों पर स्थित हैं। ये तालाब बारहो महीने जल से भरे रहते हैं और अधिकांशतः गर्मी के दिनों में भी नहीं सूखते। सामान्यतः तालाबों का निर्माण दुर्ग पर स्थित विशाल भवनों को बनाने के लिये पहाड़ों को काटकर पत्थर निकालते समय स्वतः होता गया। कालान्तर में उनकी दीवारों को पत्थरों से जोड़कर पक्का एवं सुन्दर बना दिया गया तथा उनमें जलद्रोणि तक पहुँचने के लिए सीढ़ियाँ बना दी गयीं। दुर्ग पर स्थित प्रमुख सरोवरों का विवरण निम्नलिखित है :-

१. सूरजकुण्ड या सूर्यकुण्ड

यह तड़ाग पहाड़ी के मध्य भाग में स्थित है। इसकी लम्बाई ९४ मीटर तथा चौड़ाई ८५.५५ मीटर है। तलहटी समतल न होने के कारण यह कहीं पर अधिक गहरा तथा कहीं पर उथला है। दक्षिण की ओर इसकी गहराई सबसे अधिक लगभग ७.८० मी० है। पूर्व तथा पश्चिम की ओर जल तक पहुँचने के लिए सोपान हैं। तालाब के मध्य में एक छोटा मन्दिर है, जिसके गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित है। मन्दिर तक पहुँचने के लिए पूर्वी सोपानों से स्तम्भों पर आधारित एक पुल का निर्माण किया गया है।

परम्परा में इस तड़ाग को सर्वाधिक प्राचीन माना जाता है और धार्मिक दृष्टि से भी इसका बहुत अधिक महत्व है। किंवदन्ती है कि यहाँ पर तपस्या रत ग्वालिया नामक एक सिद्ध सन्त ने एक बार 'सूरज कुण्ड' का जल कुन्तलपुरी (कुटवार) के राजा सूरजसेन को पीने के लिए दिया था जिससे उसका कुष्टरोग अच्छा हो गया। इस पर संत के आदेश से राजा ने इस कुण्ड का जीर्णोद्धार करवाया। राजा के नाम पर इस कुण्ड का नाम 'सूरजकुण्ड' या 'सूर्यकुण्ड' पड़ गया।[१०८]

मिहिरकुल के ग्वालियर अभिलेख से पता चलता है कि गोप नामक पर्वत पर मातृचेट ने एक सूर्य मन्दिर का निर्माण करवाया था।[१०९] यह सूर्य मन्दिर 'सूरजकुण्ड' के पश्चिमी तट पर ही कहीं स्थित था।[११०] सूर्य मन्दिर का निर्माता, सूरजकुण्ड का जीर्णोद्धार करता तथा ग्वालियर दुर्ग का संस्थापक एक व्यक्ति सूरजसेन को मानकर कनिंघम इसकी तिथि वि० सं० ३३२ (२७५ ई०) निर्धारित करते हैं।[१११] किन्तु उनका यह मत उचित नहीं प्रतीत होता क्योंकि मिहिरकुल के अभिलेख से स्पष्ट है कि सूर्य मन्दिर का निर्माता 'सूरजसेन' नहीं अपितु 'मातृचेट' था। यह मन्दिर हूण शासक मिहिरकुल के शासनकाल के १५वें वर्ष में निर्मित किया गया था।[११२] मिहिरकुल के शासन का प्रारम्भ ५१५ ई० में निर्धारित किया जाता है।[११३] अतः सूर्य मन्दिर की तिथि ५३० ई० ठहरती है। अब यदि

---

१०७. वही

१०८. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३७३

१०९. सरकार, डी० सी०, सेलेक्ट इन्क्रिप्सन्स, भाग १, पृ० ४००

११०. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३५३

१११. वही, पृ० ३७१-३७२

११२. सरकार, डी० सी०, सेलेक्ट इन्क्रिप्सन्स, भाग १, पृ० ४००

११३. ठाकुर, उपेन्द्र, द हूण इन इण्डिया, पृ० १३४

सूर्य मन्दिर और सूरजकुण्ड को साथ-साथ निर्मित हुआ मान लिया जाय तो सूरजकुण्ड का समय ५३० ई० के आस-पास निर्धारित किया जा सकता है। इस बात की सम्भावना की जा सकती है कि सूरजकुण्ड और सूर्य मन्दिर का निर्माण साथ-साथ हुआ हो क्योंकि मन्दिर को बनाने के लिए जब समीपस्थ पहाड़ी को काटकर पत्थर निकाले गये होंगे, तब उस स्थल पर एक कुण्ड सा बन गया होगा। कालान्तर में उसी का जीर्णोद्धार कर 'सूर्य मन्दिर' के नाम पर कुण्ड का नाम भी 'सूर्यकुण्ड' रख दिया गया होगा।

२. त्रिकोनिया ताल

यह तालाब पहाड़ी के उत्तरी-पश्चिमी कोने पर स्थित है। इसका आकार त्रिकोणीय होने के कारण इसे 'त्रिकोनिया ताल' कहते हैं। इस तालाब की पूर्वी भुजा की माप २३ मी०, पश्चिमी भुजा की माप ९.३० मी० तथा दक्षिणी अर्धचन्द्राकार भुजा की माप ३३ मी० है। तालाब की गहराई ७ मी० है। इसके दक्षिणी सिरे पर तलहटी तक सोपान बनाये गये हैं।

पहाड़ी के जिस भाग में यह तड़ाग स्थित है, उसे 'जयन्ती थोर' कहते हैं। यहाँ पर एक प्राचीन मन्दिर भी था। ऐसा कहा जाता है कि इसका निर्माण कछवाह वंश के प्रारम्भिक राजा जयन्तपाल ने करवाया था।[११४] वर्तमान समय में यहाँ पर स्तम्भों पर आधारित एक मेहराब है, जिसके भीतरी भाग में दो अभिलेख अंकित हैं। एक में तोमर शासक 'वीरमदेव' का नाम है तथा दूसरे में वि० सं० १४६५ (१४०८ ई०) तिथि उल्लिखित है।[११५] इस प्रकार यह मेहराब तोमर शासक वीरमदेव (१४००-१४१९) के शासनकाल में निर्मित की गई प्रतीत होती है, किन्तु परम्परा के अनुसार त्रिकोनियाताल को अपेक्षाकृत इससे अधिक प्रचीन माना जा सकता है।

३. जोहरा ताल

यह सरोवर भी किले के उत्तरी भाग में शाहजहाँ महल के सामने स्थित है। इसकी लम्बाई ५८.५० मी०, चौड़ाई ५५.५० मीटर तथा गहराई ६.१० मी० है। तालाब में कुल तीन जलद्रोणियाँ निर्मित की गयी हैं, जिनकी ऊपर से गहराई क्रमशः २.७० मी०, १.७० मी०, और १.७० मी० है। इसकी दक्षिणी दिशा में बीचो-बीच एक चबूतरा बनाकर उसके पूर्व में तालाब की तलहटी तक सोपान बनाये गये हैं। इसी प्रकार उत्तरी-पूर्वी कोने पर भी प्रथम जलद्रोणि तक छोटी-छोटी सीढ़ियाँ बनी हैं। तालाब की दीवार के ऊपरी भाग में चारों ओर १८ प्रणालियों की व्यवस्था है, जिनसे वर्षा का जल एकत्र किया जा सकता है। इस तालाब का जीर्णोद्धार दुर्ग के गवर्नर मुतैमिद खाँ द्वारा लखौरी ईंट, चूने और शुर्खी से करवाया गया था।[११६] दीवारों की चिनाई इतने अच्छे ढंग से की गई थी कि तालाब का एक बूँद पानी भी बाहर नहीं रिस सकता था।[११७] इसकी ईंटों की दीवार तो आज भी अच्छी स्थित में हैं, किन्तु उसके ऊपर किया गया मशाले का लेप नष्ट हो गया है।

---

११४. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३४२-३४३

११५. वही

११६. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३४३

११७. वही

तालाब के 'जोहर' या 'जौहर' नाम के सम्बन्ध में ऐसा कहा जाता है कि प्रतिहार शासक मलयवर्मन देव के शासनकाल में जब इल्तुतमिश (१२३२ ई०) ने इस दुर्ग पर आक्रमण किया तो वहाँ की रानियों और राज परिवार की स्त्रियों ने इसी तालाब के समीप अग्नि में कूदकर 'जौहरव्रत' कर लिया था।[११८] इसी कारण यह तालाब 'जौहरताल' नाम से प्रसिद्ध है।

४. शाहजहाँ ताल

शाहजहाँ महल के प्रांगण में एक तालाब स्थित है। इसका निर्माण बड़े-बड़े पाषाण खण्डों को जोड़कर किया गया है। इसकी लम्बाई ३१.२० मी०, चौड़ाई २७.३० मी० तथा गहराई १५ मी० है। ४.६० मी० गहराई पर तालाब की जलद्रोणि बनाई गई है, जिसकी लम्बाई २० मी०, चौड़ाई १५.६५ मी० तथा गहराई १० मी० है। जलद्रोणि तक पहुँचने के लिए पूर्व और पश्चिम में सोपान बनाये गये हैं। इसी प्रकार उत्तरी-पश्चिमी कोने पर भी जल की सतह तक पहुँचने के लिए जलद्रोणि में सोपान बने हैं। दक्षिणी दिशा में ३.७५ x ४.०० मी० का एक स्नानागार या कक्ष निर्मित किया गया है, जो सम्भवतः वस्त्रादि बदलने के लिए प्रयुक्त किया जाता रहा होगा। इस तालाब का निर्माण शाहजहाँ महल के साथ ही लगभग सत्रहवीं शताब्दी में किया गया प्रतीत होता है।

५. मानसरोवर

यह सरोवर दुर्ग के पश्चिमी भाग में उरवाही द्वार के निकट स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि इसका निर्माण तोमर राजा मानसिंह (१४८६-१५१६ ई०) द्वारा करवाया गया था।[११९] सरोवर का आकार बेडौल है और देखने से ऐसा नहीं प्रतीत होता कि इसका निर्माण योजनाबद्ध ढंग से किया गया है। सम्भवतः भवनों के निर्माण के लिए इस स्थल से पाषाण-खण्ड निकाले गये हैं जिसके कारण यह जलाशय बन गया है। बहुत सम्भव है कि इस तालाब से राजा मानसिंह के भवनों के लिए ही पत्थर निकाले गये हों, जिसके कारण परम्परा में इसे मानसिंह से जोड़ दिया गया है। पश्चिम की ओर इसकी गहराई लगभग ६ मी० है।

६. रानीताल और चेरीताल

यह दोनों तड़ाग पहाड़ी के उत्तरी-पश्चिमी कोने पर स्थित हैं तथा एक दूसरे के अत्यधिक निकट हैं। रानीताल की लम्बाई ३४.५० मी०, चौड़ाई २०.५० मी० तथा गहराई ९ मी० है। उत्तरी दिशा में चौकोर स्तम्भों पर आधारित द्विभौमिक बरामदा है। उत्तरी-पश्चिमी दिशा में जल तक पहुँचने के लिए सोपान बने हैं। जलद्रोणि प्राकृतिक चट्टान को काट कर बनाई गयी है। उसके ऊपरी भाग को पाषाण-खण्डों से जोड़ कर सुदृढ़ किया गया है। सात स्तम्भों पर आधारित निचला बरामदा सामान्यतः जल में डूबा रहता है।

चेरीताल की लम्बाई ३६ मी०, चौड़ाई ३६ मी० तथा गहराई ७ मी० है। इसके पूर्व में छज्जा से युक्त एक प्रवेशद्वार है। उत्तरी तथा दक्षिणी कोनों पर तालाब के जल तक पहुँचने के लिए सोपान निर्मित किए गये हैं।

---

११८. द्विवदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, पृ० ८-११

११९. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २ पृ० ३४३-३४४

रानीताल और चेरीताल के सम्बन्ध में एक किंवदन्ती प्रचलित है, जिसके अनुसार चेरीताल सदैव सूखा पड़ा रहता था। अनेक उपाय करने के बाद भी उसमें पानी नहीं ठहरा तो एक भूतलीय नाली काटकर उसे रानीताल से जोड़ दिया गया, जिससे दोनों तालाबों में जल की सतह बराबर रहने लगी।[१२०] किन्तु वर्तमान समय में दोनों तालाबों का निरीक्षण करने पर ऐसी किसी भी भूमिगत नाली के अवशेष स्पष्ट नहीं हो सके। इन सरोवरों के निर्माण का श्रेय राजा मानसिंह (१४८६-१५१६ ई०) की रानी और उसकी दासी (चेरी) को दिया जाता है।[१२१]

७. गंगोलाताल

किले के लगभग मध्य भाग में तेली तन्दिर के सामने तथा बालकिला के दक्षिण में गंगोलाताल स्थित है। आजकल यह गुरुद्वारे के घेरे में आ गया है। इसका आकार लगभग २०० मी० लम्बा और २०० मी० चौड़ा है। तलहटी ऊँची-नीची होने के कारण यह कहीं पर अधिक गहरा है तथा कहीं पर कम। इस तालाब से कुछ प्रतिहार राजाओं तथा तोमर शासकों में से वीरसिंह देव, उद्धरणदेव और मानसिंह के अभिलेख प्राप्त हुए हैं।[१२२] इन अभिलेखों में तत्कालीन राजाओं के शासनकाल की किसी विशिष्ट घटना का उल्लेख हुआ है। विद्वानों का अनुमान है कि सम्भवतः जब किसी राजा के शासनकाल में कोई विशिष्ट घटना घटती थी, तब इस तड़ाग की सफाई करवाई जाती थी और उसमें उस घटना का उल्लेख करते हुए लेख अंकित करा दिया जाता था।[१२३] वर्तमान समय में यह अभिलेख तालाब के गहरे जल में डूबे हुए हैं और उन्हें प्राप्त कर पाना सम्भव नहीं है। चूँकि तालाब में कतपिय प्रतिहार वंशी शासकों के अभिलेख भी अंकित हैं, अतः इसका निर्माण लगभग १०वीं शताब्दी के पूर्व में ही हो गया होगा। यह तालाब तेली के मन्दिर के सामने स्थित है। बहुत सम्भव है कि तेली मन्दिर के निर्माण के लिए पाषाण-खण्ड इसी तालाब से निकाले गये हों। इस आधार पर इसे तेली मन्दिर का समकालीन (लगभग आठवीं शताब्दी) माना जा सकता है।

८. कटोराताल

यह सरोवर गंगोलाताल के पश्चिम में उरवाघाटी की प्राचीर के निकट स्थित है। इसका आकार कटोरे जैसा गोल होने के कारण इसे कटोराताल कहते हैं। इसका व्यास ५० मीटर और गहराई ७.५ मी० है। तालाब के मध्य में आठ स्तम्भों पर आधारित द्विभौमिक बुर्जी बनी है, जिसका शिखर गुम्बदाकार है। पूर्वी दिशा में तालाब की तलहटी तक पहुँचने के लिए दोहरे सोपान बने हैं। ऊपरी भाग में वर्षा का जल एकत्र करने हेतु छोटी-छोटी प्रणालियाँ निर्मित की गयी हैं। तालाब की बुर्जी की स्थापत्यकला तोमरकालीन प्रतीत होती है। इस आधार पर कटोराताल को लगभग सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी में निर्मित माना जा सकता है।

---

१२०. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३४३-३४४

१२१. वही

१२२. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, पृ० ३४८; कटारे, सन्तलाल, टू गंगोलाताल इन्स्क्रिप्सन्स आफ द किंग्स आफ ग्वालियर, ज० ओ० इ० बड़ौदा, भाग २३, अंक ४, जून १९७४, पृ० ३५०-५१

१२३. द्विवेदी, हरिहर निवास, ग्वालियर के तोमर, पृ० ३४८

९. एक खम्भाताल

यह कटोराताल के उत्तर-पश्चिम में दुर्ग की पश्चिमी दीवार के निकट स्थित है। इसके मध्य में एक पाषाण स्तम्भ होने के कारण इसे 'एक खम्भाताल' कहते हैं। तालाब की लम्बाई ४३ मी०, चौड़ाई २५ मी० और गहराई ८.५० मी० है। इसका पूर्वी कोना दक्षिण की ओर लगभग ५ मी० बाहर निकला हुआ है। दक्षिणी-पूर्वी कोने पर जल तक पहुँचने के लिए सीढ़ियाँ बनाई गयीं हैं। तालाब का निर्माण मूलतः पत्थर काटने से हुआ है। कालान्तर में जलद्रोणि के ऊपर पाषाण-खण्डों को जोड़कर इसे सुदृढ़ किया गया है। बीच के एकाश्म स्तम्भ पर एक छोटी बुर्जी बनाई गयी है। इस तालाब के निर्माण का समय निश्चित कर पाना कठिन है।

१०. धोबीताल

यह पहाड़ी के दक्षिणी भाग में रानीताल और चेरीताल के निकट स्थित है। इसकी लम्बाई ३० मी०, चौड़ाई ३० मी० तथा गहराई लगभग ४.५० मी० है। इसके उत्तरी तथा दक्षिणी कोने पर सीढ़ियाँ निर्मित हैं। नीचे का भाग पत्थर काटकर प्राकृतिक रूप से बनाया गया है तथा ऊपरी भाग को पाषाण खण्डों से जोड़कर सुदृढ़ किया गया है।

११. नूरीसागर

यह पहाड़ी के पूर्वी भाग में गणेशपौर के निकट स्थित है। इसकी लम्बाई १९. ५० मी०, चौड़ाई १२ मी० तथा गहराई ५ मी० है। इसके उत्तरी-पूर्वी कोने पर सीढ़ियां बनाई गयी हैं तथा दीवारों पर प्लास्टर किया गया है। १६८७ ई० में दुर्ग के गवर्नर मुतैमिद खाँ द्वारा इसका जीर्णोद्धार करवाया गया था। चूँकि उसकी उपाधि 'नूर-उद्-दीन' थी, अतः इसे 'नूरी सागर' कहा जाने लगा।[१२४]

१२. सास-बहू ताल

इसका उल्लेख कनिंघम ने अपनी रिपोर्ट में किया है। उनके अनुसार यह सास-बहू मन्दिर के समीप स्थित था।[१२५] इसकी लम्बाई २५० फुट, चौड़ाई २५० फुट तथा गहराई १५ से १८ फुट बतलायी गयी है।[१२६] उस समय यह सामान्यतः सूखा पड़ा रहता था। इसके मध्य में स्तम्भों की एक पंक्ति भी थी।[१२७] वर्तमान समय में सास-बहू मन्दिर के आस-पास इस प्रकार का कोई भी तालाब उतलब्ध नहीं है।

ग्वालियर दुर्ग के उपर्युक्त अंगों एवं उपांगों का निर्माण अलग-अलग समय में किया गया। उपलब्ध साक्ष्यों से यह निश्चय पूर्वक स्पष्ट नहीं हो पाता कि 'गोप' या गोपाद्रि' नामक इस पहाड़ी पर सबसे पहले दुर्ग की स्थापना कब और किसके द्वारा की गयी, परन्तु इस सम्बन्ध में जो साक्ष्य हमें प्राप्त हुए हैं, उनसे पता चलता है कि यह दुर्ग छठीं शताब्दी ई० से पहले का नहीं है।

१२४.कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २ पृ० ३४५

१२५. वही, पृ० ३४३

१२६. वही

१२७. वही

दुर्ग पर प्राचीनतम पुरातात्विक प्रमाण एक अभिलेख प्राप्त हुआ है, जो हूण शासक मिहिरकुल के शासनकाल के १५वें वर्ष का है। इसमें पर्वत (दुर्ग) के निवासी मातृकुल के पौत्र, मात्रदास के पुत्र मात्रचेट नामक व्यक्ति द्वारा नाना धातुओं से सुशोभित 'गोप' नामक रमणीक पर्वत पर (अपने) माता-पिता, अपने राजा...... तथा पर्वतों में श्रेष्ठ इस पर्वत पर रहने वालों की पुण्याभिवृद्धि के लिए सर्वोत्तम मन्दिरों में प्रमुख सूर्य के पाषाण मन्दिर के निर्माण का उल्लेख है।[१२८] अभिलेख में यद्यपि स्पष्ट रूप से 'दुर्ग' शब्द नहीं है, किन्तु परोक्ष रूप से यहां दुर्ग होने का अनुमान लगाया जा सकता है। अभिलेख की सभी पंक्तियों के प्रारम्भिक तीन या चार अक्षर नष्ट हो गये हैं।[१२९] पाँचवीं और छठीं पंक्ति में उल्लिखित 'मातृचेट : पर्व (त)—वस्तव्यः' के खण्डित तीनों अक्षरों के स्थान पर सम्भव है कि 'दुर्गानु' अंकित रहा हो। ऐसी स्थिति में, अभिलेख का पाठ 'मातृचेटः पर्वत दुर्गानुवस्तव्यः' (पर्वत दुर्ग का निवासी मातृचेट) किया जा सकता है। इस प्रकार संभव है कि इस अभिलेख में पहले 'दुर्ग' शब्द का उल्लेख रहा हो, जो कालान्तर में नष्ट हो गया हो। इसके अतिरिक्त अभिलेख से इस बात का भी संकेत मिलता है कि 'गोप' नामक सुरम्य पर्वत पर मातृचेट के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति भी निवास करते थे, जिनकी पुण्याभिवृद्धि के लिए सूर्य मन्दिर का निर्माण करवाया गया था।[१३०] इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि यह लोग संभवतः पहाड़ी पर सुरक्षा की दृष्टि से ही निवास कर रहे होंगे। मिहिरकुल के इसी अभिलेख में एक अन्य स्थान पर सूर्य मन्दिर को (गोप) पर्वत के रमणीक शिखर पर स्थिति अन्य मन्दिरों में सर्वोत्तम कहा गया है।[१३१] इससे स्पष्ट है कि हूण शासक मिहिरकुल के शासनकाल (छठीं शताब्दी ई०) तक ग्वालियर की इस पहाड़ी पर अनेकों पाषाण मन्दिर निर्मित किये जा चुके थे, जिनमें सूर्य मंदिर सर्वश्रेष्ठ था। साथ ही यह संभावना भी व्यक्त की जा सकती है कि उस समय तक इस पहाड़ी का उपयोग सुरक्षा के लिए भी किया जाने लगा था। अन्यथा १०० मी० ऊँची दुर्गम पहाड़ी पर किन्हीं अन्य कारणों से निवास करने का कोई औचित्य नहीं प्रतीत होता।

ग्वालियर दुर्ग की स्थापना के संबंध में प्रचलित किंवदन्ती के अनुसार दुर्ग की स्थापना कुन्तलपुर या कुतवार के राजा सूर्यसेन नामक एक कछवाहा सामन्त द्वारा की गई थी।[१३२] किम्वदन्ती के आधार पर कनिंघम का मत है कि सूर्य मन्दिर का निर्माता, सूरजकुण्ड का उत्खनन कर्ता तथा ग्वालियर दुर्ग का संस्थापक एक ही व्यक्ति 'सूरजसेन' को होना चाहिए।[१३३] वे बुद्धगुप्त के एरण स्तंभ लेख (वर्ष १६५) को शक संवत में रखकर तोरमाण के पुत्र पशुपति (मिहिरकुल) की तिथि २६१ ई० तथा दुर्ग की स्थापना की तिथि २७५ ई० (वि. सं० ३३२) निर्धारित करते हैं।[१३४] किन्तु कनिंघम की यह मान्यता उचित नहीं है, क्योंकि बुद्धगुप्त का एरण स्तंभ लेख शक सम्वत् में न होकर

---

१२८. सरकार, डी० सी०-सेलेक्ट इन्सक्रिप्सन्स, भाग १, पृ० ४००.

१२९. वही

१३०. वही

१३१. सरकार, डी० सी०-सेलेक्ट इन्स्क्रिप्सन्स, भाग १, पृ० ४००.

१३२. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३७३.

१३३. वही, पृ० ३७१-३७२

१३४. वही, पृ० ३७२.

गुप्त सम्वत् में है। उपेन्द्र ठाकुर मिहिरकुल के शासन का प्रारम्भ ५१५ ई० मानकर अभिलेख की तिथि ५३० ई० निर्धारित करते हैं।[१३५] यदि सूर्य मन्दिर के निर्माण तथा सूरजकुण्ड के उत्खनन को एक ही समय की घटना माना जाये और उसका तादात्म्य किंवदन्ती में वर्णित सूर्यसेन से स्थापित किया जाय, तो ग्वालियर दुर्ग की स्थापना का काल भी ५३० ई० माना जा सकता है। किन्तु किम्वदन्ती का उल्लेख १६वीं शताब्दी के दरबारी कवि खड्गराय ने किया है। अतः अन्य पुरातात्विक तथा साहित्यिक साक्ष्यों के अभाव में उसे विश्वसनीय नहीं माना जा सकता। मातृचेट द्वारा निर्मित सूर्य मन्दिर और उसके परिणामस्वरूप बने सूर्यकुण्ड ने ही सम्भवतः कालान्तर में सूर्यवंशी राजा सूर्यसेन की कल्पना को जन्म दिया होगा।

हूणों के पश्चात लगभग एक शताब्दी तक ग्वालियर दुर्ग पर अन्य किसी प्रकार के निर्माण के संकेत नहीं मिलते। बप्पभट्टिसूरि-चरित तथा प्रबन्धकोश से ज्ञात होता है कि यशोवर्मन की मृत्यु के पश्चात् उसकी रानी यशोदेवी से उत्पन्न पुत्र आम ने ग्वालियर में अपना दरबार किया था।[१३६] उसने बप्पभट्टिसूरि के प्रभाव में आकर अनेक जैन मूर्तियों का निर्माण करवाया, जिसमें ग्वालियर में निर्मित महावीर की एक विशाल प्रतिमा भी सम्मिलित है, जिसकी ऊँचाई २७ हाथ बतलाई गई है।[१३७] श्याम मनोहर मिश्र का मत है कि पिता की मृत्यु के पश्चात् आम ने अपनी पैतृक राजधानी कन्नौज को छोड़कर ग्वालियर में स्थापित किया था।[१३८] अतः स्पष्ट है कि आठवीं शताब्दी में ग्वालियर की स्थिति पहले की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण हो गई थी। अपनी राजधानी की सुरक्षा के लिए आम ने वहाँ पर स्थित 'गोप' पर्वत की उपेक्षा न की होगी और वाह्य आक्रमणों तथा आन्तरिक विद्रोहों से बचने के लिए उसने इस विस्तृत एवं विशाल पर्वतीय क्षेत्र का दुर्गीकरण अवश्य किया होगा। इस प्रकार परोक्ष रूप से इस बात के स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि संभवतः आठवीं शताब्दी में 'गोप' नामक पहाड़ी का उपयोग दुर्ग के रूप में अवश्य किया गया होगा।

दुर्ग पर स्थित चतुर्भुज मन्दिर से गुर्जर-प्रतिहार शासक मिहिर भोज के शासनकाल के दो अभिलेख मिले हैं। वि० सं० ९३२ (८७५ ई०) के एक अभिलेख में वैल्लभट को ग्वालियर का 'मर्यादा धुर्य' (अन्तपाल) तथा उसके पुत्र अल्ल को गोपगिरि (ग्वालियर) का संरक्षक बतलाया गया है।[१३९] वि० सं० ९३३ (८७६ ई०) के दूसरे अभिलेख में अल्ल को स्पष्ट रूप से 'गोपाद्रि' का 'कोट्टपाल' कहा गया है।[१४०] इसी अभिलेख में भोजदेव की 'प्रतोली' (प्रवेश द्वार) का भी उल्लेख मिलता है।[१४१] इन सब उद्धरणों से स्पष्ट है कि गुर्जर-प्रतिहार शासकों के शासनकाल (९वीं शताब्दी) में ग्वालियर की पहाड़ी पर एक सुदृढ़ दुर्ग विद्यमान था। इस समय तक यह दुर्ग सामरिक दृष्टि से

---

१३५. ठाकुर, डॉ० उपेन्द्र, द हूण इन इण्डिया, पृ० १३४.

१३६. पण्डित एस० पी०, गौडवाहो की भूमिका, पृ० १३९, १४५, राजशेखर प्रबन्धकोश, पृ० २७-२८.

१३७. मजूमदार, आर० सी० तथा पुसालकर, ए० डी०, द एज आफ इम्पीरियल कन्नौज, बम्बई, १९५५, पृ० २८९-२९०.

१३८. मिश्र, डॉ० श्याम मनोहर, यशोवर्मन आफ कन्नौज, पृ० १२०.

१३९. ए० इ०, जिल्द १, पृ० १५६.

१४०. ए० इ०, जिल्द १, पृ० १५९

१४१. वही, "श्री भोजदेव प्रतोल्यावतारे"

इतना अधिक महत्वपूर्ण हो चुका था कि उसकी रक्षा के लिए वहाँ पर दुर्ग रक्षकों के साथ-साथ 'मर्यादा धुर्य' तथा 'कोट्टपाल' जैसे उच्च पदाधिकारियों की नियुक्ति करना भी आवश्यक हो गया था। भोजदेव की प्रतोली (हथियापौर) का निर्माण दुर्ग को प्राचीर से घेरने के बाद ही किया गया होगा।

गुर्जर-प्रतिहारों के पतन के पश्चात दुर्ग पर कच्छपघातों का आधिपत्य स्थापित हुआ। पूर्व की ओर स्थित भैरोंद्वार तथा लक्ष्मण द्वार के निर्माण का श्रेय कच्छपघात शासकों को दिया जाता है।[१४२] अतः हथियापौर से भैरों द्वार तक की प्राचीरों का निर्माण भी कच्छपघातों के शासनकाल में किया गया होगा। १२३२ ई० में इल्तुतमिश ने ग्वालियर के दुर्ग पर अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया[१४३] और उरवाघाटी के मुहाने पर २०० मी० लम्बी प्राचीर का निर्माण करवाया। इसके पश्चात लगभग एक शताब्दी तक इस पर मुसलमान शासन करते रहे। १३९४ ई० में ऐसाह के राजा वीर सिंह देव तोमर ने ग्वालियर दुर्ग पर अधिकार कर लिया।[१४४] तोमरों ने लगभग एक शताब्दी तक इस पर कुशलतापूर्वक शासन किया। इस काल में दुर्ग को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक निर्माण कार्य हुए। तोमर राजा मानसिंह के शासनकाल (१४७९-१५१६ ई०) में बादलगढ़ के भवनों तथा गुजरी महल आदि की सुरक्षा के लिए गणेशपौर से लेकर आलमगीरी गेट तक एक सुरक्षा प्राचीर बनवायी गयी। इसी काल में मान-मन्दिर के साथ-साथ हथियापौर का भी जीर्णोद्धार कर भव्यता प्रदान की गयी और बादल गढ़पौर (हिण्डोलापौर) तथा गुजरी महल का निर्माण किया गया। धोन्धापौर और घर्गर्जपौर के अधिकांश निर्माण कार्य भी तोमरों के शासनकाल में ही किये गये। इसके अतिरिक्त अधिकांश जलाशयों का निर्माण भी तोमरों के शासनकाल में किया गया प्रतीत होता है। इस प्रकार यद्यपि ग्वालियर दुर्ग के अस्तित्व के संकेत हमें छठी शताब्दी ई० से ही मिलने लगते हैं, किन्तु इसके वर्तमान स्वरूप का अधिकांश भाग तोमरों के शासनकाल में ही निर्मित किया गया।

---

१४२. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३३४, ३३६.

१४३. इलियट एण्ड डाउसन, जि० २, पृ० २८८.

१४४. कटारे, एस० एल०, टू गंगोलाताल इन्स्क्रिप्सन्स आफ द तोमर किंग्स आफ ग्वालियर, जे० ओ० इ० बड़ौदा, भाग २३, नं० ४ जून १९७४ पृ० ३५०-३५१.

3

प्रतिहार शैली के मन्दिर

मध्यदेश में मन्दिर निर्माण-कला के प्रत्यक्ष प्रमाण हमें लगभग पहली-दूसरी शताब्दी ई० पू० में बेसनगर, सांची, मथुरा आदि स्थलों से मिलने लगते हैं परन्तु विभिन्न कारणों से यह अब नष्ट हो गये हैं और इनके अवशेष मात्रही शेष बचे हैं।[१] गुप्तकाल में इस क्षेत्र में पाषाण और इष्टिका दोनों का प्रयोग करके मन्दिरों का निर्माण बहुत व्यापक रूप में किया गया, जिसके प्रमाण हमें साँची, तिगवा, एरण, नचना-कुठारा, भूमरा, देवगढ़, भीतरगाँव और बोधगया आदि स्थलों में देखने को मिलते हैं।[२]

गुप्तकालीन मन्दिरों को उनकी योजना के आधार पर तीन समूहों में विभक्त किया जा सकता है। पहले समूह के अन्तर्गत साँची का मन्दिर नं० १७, तिगवा (जिला जबलपुर) का गुप्त मन्दिर तथा एरण (जिला सागर) के मन्दिर आते हैं। इन मन्दिरों की रचना में सादगी है। इनमें एक गर्भगृह तथा उससे जुड़ा हुआ साधारण मण्डप बनाया गया है। छतें सपाट, गर्भगृह चौकोर अथवा आयताकार हैं तथा स्तम्भों का मध्य भाग अधिक अलंकृत है। ये मन्दिर अपनी भू योजना तथा रूप-सज्जा की दृष्टि से उदयगिरि की गुफाओं (पाँचवीं शताब्दी ई०) के बहुत निकट हैं। इस आधार पर इन्हें पाँचवी शती ई० में रखा जा सकता है। इस प्रकार जहाँ तक मन्दिर स्थापत्य कला के विकास का प्रशन है, यह समूह उसकी अत्यन्त शैशवावस्था को ही प्रदर्शित करता है।

दूसरे समूह के मन्दिरों की प्रमुख विशेषता यह है कि इनके गर्भगृह के चारों ओर ढके हुए प्रदक्षिणापथ का निर्माण किया गया है। इस समूह के अन्तर्गत नचना (मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में) का पार्वती मन्दिर, भूमरा (मध्य प्रदेश में सतना जिला) का शिव मन्दिर तथा बेग्राम (दीनाजपुर जिला, बंगला देश) का ईंटों का भग्न मन्दिर आता है।

तीसरे समूह के मन्दिरों में उनके चौकोर गर्भगृह के ऊपर शिखर का निर्माण किया गया है। इनमें देवगढ़ (जिला ललितपुर) का पाषाण निर्मित दशावतार मन्दिर, भीतरगांव (जिला कानपुर) तथा बोधगया (गया, बिहार) का ईंटों का बना मन्दिर प्रमुख हैं। अधिकतर विद्वान इन्हें छठीं शताब्दी ई० में निर्मित मानते हैं।[३] गुप्तकाल के पश्चात् छठीं - शताब्दी का युग मन्दिरों की स्थापत्य-कला के विकास का संक्रमण काल था। इस समय के मन्दिरों में जहाँ एक ओर गुप्तकालीन परम्परागत शैली के अनेक तत्वों को अपनाया गया है, वहीं उनमें कतिपय नवीन विशेषताओं का भी समावेश हुआ है।

---

१. सरकार, डी० सी०, सेलेक्ट इन्सक्रिप्सन्स, भाग १, पृ० ८८; बनर्जी, जे० एन०, द टेवलपमेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ९२; ए० इ०, भाग २२, पृ० १९८-२०४; सरकार, डी० सी० - सेलेक्ट इन्सक्रिप्सन्स, भाग १, पृ० १२२.

२. देव, कृष्ण, टेम्पुल्स आफ नार्थ इण्डिया, पृ० ७-१४.

३. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग १०, पृ० ११०; बनर्जी, आर० डी०, द एज़ आफ इम्पीरियल गुप्ताज़, पृ० १४७

शैली की दृष्टि से इन मन्दिरों को न तो गुप्तकालीन मन्दिरों की कोटि में रखा जा सकता है और न ही इन्हें आठवीं-नवीं शताब्दी में निर्मित प्रतिहार शैली के मन्दिरों में सम्मिलित किया जा सकता है। वस्तुतः यह समय देवालयों के निर्माण का प्रायोगिक काल था, जिसमें सपाट छत वाले, अविकसित रेखा शिखर वाले तथा कुछ घटते हुए तलों की कोंणाकार छत वाले आदि अनेक प्रकार के मन्दिरों का निर्माण किया जा रहा था। इन मन्दिरों का महत्व इसलिए है कि इन्हें गुप्त तथा प्रतिहार शैली के बीच एक कड़ी के रूप में रखा जा सकता है।[४] इस युग के सर्वाधिक विकसित मन्दिरों में रायपुर जिले (मध्य प्रदेश) के सिरपुर का लक्ष्मण मन्दिर उल्लेखनीय है। लगभग सातवीं शताब्दी ई० के प्रारम्भ में निर्मित यह मन्दिर ईंटों द्वारा बनाया गया है।[५] इसका गर्भगृह चौकोर है, जिसके ऊपर पंचरथ रेखा शिखर है। सम्पूर्ण रचना एक जगती के ऊपर स्थित है। मन्दिर के वेदीबन्ध को खुर, कुम्भ, कलश तथा कपोत गढ़नों से अलंकृत किया गया है। जंघा भाग रथिकाओं तथा भित्ति-स्तम्भों से सुशोभित है। मन्दिरों के शिखर को भूमि-आमलकों द्वारा चार भागों में विभक्त किया गया है। भद्र भाग को तीन बड़ी चैत्य गवाक्षों की पंक्ति, भित्ति-स्तम्भों तथा चन्द्रशालाओं से अलंकृत किया गया है। इस मन्दिर को रचना शैली के आधार पर गुप्त तथा पूर्व मध्यकालीन मन्दिरों के बीच संक्रमणकाल में रखा जा सकता है।[६]

आठवीं-नवीं शताब्दी में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा पंजाब के क्षेत्रों में गुर्जर-प्रतिहारों का साम्राज्य स्थापित हुआ। इन शासकों ने गुप्तों के पतन के पश्चात् देश में उत्पन्न हुई राजनैतिक अस्थिरता के वातावरण को एक बार पुनः समाप्त कर दिया। इसका प्रभाव तत्कालीन सांस्कृतिक, आर्थिक और धार्मिक जीवन के साथ-साथ कला के क्षेत्र में भी पड़ा। अतः उत्तर भारत में मध्य भारत और राजस्थान में इस समय अनेकों मन्दिर निर्मित किये गये, जिनकी निर्माण शैली में परस्पर समानता दृष्टिगोचर होती है। इन मन्दिरों को यद्यपि गुप्तकालीन मन्दिरों की पृष्ठभूमि में ही निर्मित किया गया है, परन्तु साथ-साथ कतिपय नवीन विशेषताओं का समावेश होने के कारण इनमें गुप्त शैली से भिन्न एक विशेष प्रकार की शैली के दर्शन होते हैं। चूंकि इनमें से अधिकांश मन्दिर गुर्जर प्रतिहारों द्वारा शासित क्षेत्र में स्थित हैं अतः कृष्णदेव ने इन्हें 'प्रतिहार शैली के मन्दिर' कहा है।[७] इतने विस्तृत क्षेत्र में फैले हुए इन मन्दिरों में कुछ स्थानीय विशेषताएँ भी पाई जाती हैं। इन मन्दिरों के वर्गाकार अथवा आयताकार गर्भगृह के ऊपर क्रमशः नागर शैली का त्रिरथ रेखा शिखर अथवा वलभी शैली का गजपृष्ठाकृति शिखर निर्मित किया गया है। गर्भगृह से मिले हुए अन्तराल (कपिली) के ऊपर प्रायः शुकनासिका सुशोभित है। इसमें सामान्यतः गर्भगृह के मूलनायक को ही स्थापित किया गया है। इन मन्दिरों की जगती प्रायः नीची है। इनके वेदीबन्ध को एक या दो भिट्टों के ऊपर खुर, कुम्भ, कलश, कपोत एवं पद्मपीठ से सजाया गया है। काष्ठकला के अनुकरण पर प्रवेश-द्वार की रचना अँग्रेजी अक्षर 'टी' (T) के आकार की बनायी गयी है और उन्हें सामान्यतः तीन

---

४. देव, कृष्ण, उत्तर भारत के मन्दिर, पृ० १४

५. देव, कृष्ण, ए कम्परेटिव स्टडी आफ द रीजनल स्टाइल्स आफ आर्किटेक्चर इन नार्थ इण्डिया, इण्डियन म्यूजियम बुलेटिन, भाग ६ सं० १, जनवरी १९७१, पृ० २१

६. देव, कृष्ण, उत्तर भारत के मन्दिर, पृ० १२-१३

७. देव, कृष्ण, सेमीनार आन इण्डियन आर्ट हिस्ट्री, ललित कला अकादमी, नई दिल्ली, १९६२, पृ० ८८-८९

द्वार-शाखाओं से अलंकृत किया गया है। नागशाखा में नागों की पूछ ललाटबिम्ब पर अंकित गरुड़ के हाथों में प्रदर्शित है। उत्तरंग के ऊपर किंकिणी जाल (जंजीर और घंटिका) का अलंकरण किया गया है, जो जंघा के ऊपरी भाग में मन्दिर के चारों ओर सुशोभित होती है। मन्दिरों का जंघा भाग सामान्यतः सादा है, किन्तु भद्र भाग को छोटी-छोटी रथिकाओं से अलंकृत किया गया है। इन रथिकाओं में गणेश, कार्तिकेय, लकुलीश, पंचाग्नि तप करती पार्वती, सूर्य आदि की प्रतिमाएं स्थापित हैं। शुकनासिका की चन्द्रशाला में सामान्यतः लकुलीश का अंकन है।

इस समय तक मध्य देश में ग्वालियर तथा इसके आस-पास नरेसर, बटेसर, अमरोल आदि स्थलों पर भी प्रतिहार शैली के मन्दिरों का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका था। इन्हें भी मूलतः गुप्तकालीन मन्दिरों की परम्परागत शैली के आधार पर निर्मित किया गया था, किन्तु फिर भी इनमें कुछ नवीन विशेषताएँ प्रस्फुटित हुई हैं। ये गुप्त और मध्यकालीन मन्दिरों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं जो तत्कालीन मन्दिर स्थापत्य एवं शिल्पकला के विकास को समझने में अहम् भूमिका का निर्वाह करते हैं। नरेसर और अमरोल के प्रारम्भिक मन्दिरों का ग्वालियर दुर्ग पर स्थित मन्दिरों की वास्तुकला पर विशेष प्रभाव पड़ा है। अतः यहां पर उनकी रचना शैली आदि के बारे में संक्षिप्त परिचय प्राप्त कर लेना उचित प्रतीत होता है।

नरेसर (जिला - ग्वालियर, म० प्र०) के मन्दिर ग्वालियर से लगभग १८ किलोमीटर उत्तर-पूर्व मे स्थित हैं। इन्हें प्रतिहार शैली का सबसे प्राचीनतम उदाहरण माना जा सकता है। एक मन्दिर को छोड़कर प्रायः सभी मन्दिरों में वर्गाकार गर्भगृह के ऊपर नागर शैली का त्रिरथ रेखा शिखर निर्मित किया गया है। गर्भगृह के साथ कपिली (अन्तराल) को जोड़कर उसके ऊपर बड़ी चन्द्रशाला से युक्त शुकनास बनाई गयी है। देवी मन्दिर के अतिरिक्त अन्य सभी मन्दिर एक ही जगती पर स्थिति हैं।

मन्दिरों के वेदीबन्ध को सामान्यतः खुर, कुम्भ, कलश, कपोत एवं पद्मपीठ से अलंकृत किया गया है। जंघा भाग सादा है किन्तु उसके भद्रों को छोटे-छोटे उद्गमों से युक्त रथिकाबिम्बों से सजाया गया है। इन रथिकाओं में प्रायः गणेश, कार्तिकेय, लकुलीश, पार्वती तथा सूर्य को प्रदर्शित किया गया है। मन्दिरों के चारों ओर जंघा के ऊपरी भाग को किंकिणीजाल (जंजीर और घण्टा) से सुशोभित किया गया है।

इन मन्दिरों के प्रवेश-द्वारों को प्राचीन काष्ठकला के अनुकरण पर गुप्तकाल की भांति ही अँग्रेजी अक्षर 'टी' (T) के आकार का निर्मित किया गया है, जिसमें उत्तरंग के दोनों सिरे द्वारशाखाओं से बाहर निकले हुए हैं। उनके नीचे के भाग में मकरवाहिनी गंगा और कूर्मवाहिनी यमुना का अंकन दर्शनीय है। साथ ही गुप्तकालीन मन्दिरों की पत्रलता, स्तम्भशाखा और रूपशाखा को यहाँ भी प्रदर्शित किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रवेशद्वारों में नागशाखा का अंकन प्रतिहारकालीन मन्दिरों की अपनी अलग विशेषता है। इसमें नागों की पूँछ को ललाटबिम्ब पर स्थित गरुड़ के हाथों में पकड़े हुए दिखलाया गया है। मन्दिरों के शिखर चन्द्रशाला जाल से सुसज्जित हैं।

नरेसर के मन्दिरों में एक मन्दिर का गर्भगृह आयताकार है। इसके ऊपर वलभी शैली का गजपृष्ठाकृति शिखर शोभायमान है। इसे ग्वालियर दुर्ग पर स्थित तेली मन्दिर की प्रारम्भिक अनुकृति

माना जा सकता है। इन मन्दिरों का निर्माण लगभग आठवीं शताब्दी ई० के पूर्वार्द्ध में किया गया प्रतीत होता है।

मुरैना जिले में स्थित बटेसर के मन्दिर स्थापत्यकला और रचना शैली की दृष्टि से नरेसर के मन्दिरों के समान ही है। किन्तु यहाँ के कुछ मन्दिरों की कला अपेक्षाकृत अधिक विकसित है। अमरोल (जिला ग्वालियर, म० प्र०) का रामेश्वर महादेव मन्दिर प्रतिहार शैली का एक विशिष्ट उदाहरण है। तलछन्द और ऊर्ध्वछन्द योजना में यह नरेसर और बटेसर के मन्दिरों के समान ही है, किन्तु इस मन्दिर का अलंकरण अपनी अत्यधिक उन्नत दशा को प्रदर्शित करता है। इसका गर्भगृह वर्गाकार है जिसके ऊपर नागर शैली का त्रिरथ रेखा शिखर सुशोभित है। वेदीबन्ध कुम्भ, कलश और कपोत से अलंकृत है। कपोत को सादी चन्द्रशालाओं की पंक्ति से सजाया गया है। जंघा के भद्र व कर्णो पर रथिकाएँ निर्मित की गयी हैं, जिनके शीर्ष उद्गमों से अलंकृत हैं। रथिकाओं में अग्नि, गणेश, यम, कार्तिकेय, पार्वती तथा गण देवताओं को प्रदर्शित किया गया है। जंघा के शीर्ष पर चारों ओर किंकिणिका का अलंकरण है। शिखर और जंघा को पद्म, कपोत, पुष्पों और पुनः कपोत जैसी चार गढ़नों से सज्जित वरण्डिका द्वारा विभक्त किया गया है। मन्दिर का प्रवेश-द्वार पत्रलता, नागशाखा (पुष्पशाखा), मिथुन और श्रीवृक्ष नामक चार द्वारशाखाओं से अलंकृत है। नीचे नदी देवियाँ, उत्तरंग पर उड़ते हुए मालाधर विद्याधर तथा ललाटबिम्ब पर गरुड़ का अंकन दर्शनीय हैं। शिखर के भद्र को चन्द्रशाला जाल तथा कर्णो को भूमि-आमलकों और कपोतों से सजाया गया है। मन्दिर की स्थापत्य और शिल्पकला शैली तथा उसके प्रवेश-द्वार के बायें भाग पर अंकित एक अभिलेख की तिथि के आधार पर कलामर्मज्ञ इसकी तिथि ७२५ ई० के आस-पास निर्धारित करते हैं।[८] चन्द्रशालाओं की साज-सज्जा, विभिन्न अंगों में परस्पर अनुपातिक समन्वय तथा अलंकरण की सुरुचिपूर्ण अभिव्यक्ति जैसी इस मन्दिर में वन पड़ी है, वैसी पूर्व के अन्य किसी प्रतिहार शैली के मन्दिर में नहीं मिलती। यही कारण है कि इस शैली के सुन्दरतम उदाहरणों में से अमरोल के रामेश्वर महादेव मन्दिर का विशेष महत्व है।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि ग्वालियर क्षेत्र में लगभग आठवीं शताब्दी के प्रारम्भिक चरण में निर्मित नरेसर और बटेसर के मन्दिरों तक प्रतिहार शैली का स्वरूप निर्धारित हो चुका था तथा अमरोल के रामेश्वर महादेव मन्दिर के निर्माण के समय तक उसमें पर्याप्ति निखार आ चुका था। चूंकि ग्वालियर दुर्ग पर स्थित प्रतिहार शैली के मन्दिर उक्त मन्दिरों के बाद में निर्मित किये गये हैं, अतः इनके निर्माण के लिए इस क्षेत्र में प्रतिहार शैली की एक परिपक्व पृष्ठभूमि पहले से ही तैयार हो चुकी थी।

ग्वालियर दुर्ग पर लगभग छठी शताब्दी ई० के एक सूर्य मन्दिर का साक्ष्य हूण शासक मिहिरकुल के ग्वालियर अभिलेख से मिलता है।[९] इसके अतिरिक्त सन्त ग्वालिपा के एक प्राचीन मन्दिर का उल्लेख कनिंघम ने किया है।[१०] यह संभवतः दुर्ग पर निर्मित प्राचीनतम मन्दिर रहे होंगे।

---

८. माइकल, डब्लू० एम०, आम, अमरोल एण्ड जैनिज्म इन ग्वालियर फोर्ट, जनरल आफ ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बड़ौदा, भग २२, नं. ३, मार्च १९७३, पृ ३५६

९. फ्लीट, जे० एफ०, का० इ० इ०, खण्ड ३, पृ० १६२.

१०. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३५३.

इसके अतिरिक्त आठवीं शताब्दी में निर्मित महावीर स्वामी के एक मन्दिर का सदंर्भ प्रबन्धकोश में मिलता है।[११]

सूर्य मन्दिर

मिहिरकुल के ग्वालियर अभिलेख में कहा गया है कि उसके शासनकाल के पन्द्रहवें वर्ष पर्वत (दुर्ग) के निवासी मातृकुल के पौत्र तथा मात्रदास के पुत्र मातृचेट ने अपने माता-पिता तथा अपने राजा की पुण्याभिवृद्धि के लिए सर्वोत्तम मन्दिरों में प्रमुख सूर्य के पाषाण मन्दिर का निर्माण करवाया।[१२]

अभिलेख से स्पष्ट है कि ग्वालियर दुर्ग पर सूर्य का एक पाषाण मन्दिर बनवाया गया था। चूंकि मन्दिर का निर्माण हूण शासक मिहिरकुल के शासनकाल के पन्द्रहवें वर्ष में हुआ था और उपेन्द्र ठाकुर ने मिहिरकुल के शासन का प्रारम्भ लगभग ५१५ ई० निर्धारित किया है।[१३] अतः इस अभिलेख की तिथि लगभग ५३० ई० ठहरती है। यही समय सूर्य मन्दिर के निर्माण का भी रहा होगा। उस समय कार्तिक का महीना था और निर्मल चन्द्र प्रकाशित हो रहा था किन्तु दिन और तिथि का स्पष्ट उल्लेख नहीं है।

वर्तमान समय में ग्वालियर दुर्ग पर छठीं शताब्दी ई० का कोई भी सूर्य मन्दिर उपलब्ध नहीं है। सूरजकुण्ड या सूर्यकुण्ड के पश्चिमी तट पर स्वर्गीय माधवरावसिंधिया द्वारा निर्मित एक नया सूर्य मन्दिर स्थित है। प्रतिवर्ष कार्तिक मास में रविवार को यहाँ आज भी मेला लगता है तथा सूर्य उपासना एवं पूजा हेतु अपार जनसमूह एकत्र होता है। बहुत संभव है यह परम्परा उक्त प्राचीन मन्दिर से किसी न किसी रूप में सम्बद्ध हो और प्राचीन सूर्य मन्दिर इसी नवीन मन्दिर स्थल अथवा इसके आस-पास ही कहीं पर स्थित रहा हो।

मन्दिर संरचना एवं अलंकरण आदि के सम्बन्ध में निश्चय पूर्वक कुछ भी कह सकना कठिन है, क्योंकि वर्तमान समय में इसका प्राचीन स्वरूप पूर्णतः समाप्त हो चुका है। अभिलेख से मात्र इतना ही ज्ञात हो पाता है कि यह मन्दिर पाषाण निर्मित था और सर्वोत्तम मन्दिरों में भी प्रमुख था।

ग्वालिपा मन्दिर

पूर्व की ओर से दुर्ग पर बढ़ते समय गणेशद्वार और भैरोद्वार के मध्य गालव ऋषि की एक गुफा है।यह गुफा बहुत प्राचीन बतलाई जाती है। यहीं पर एक आधुनिक मन्दिर का निर्माण किया गया है। ऐसा कहा जाता है कि इसी स्थान पर संत ग्वालिपा का एक प्राचीन मन्दिर स्थित था, जिसे दुर्ग के प्रशासक मुतैमिद खां ने १६६४ ई० में तुड़वाकर एक मस्जिद में परिवर्तित करवा दिया था।[१४]

---

११. प्रबन्धकोश, पृ० २८-२९

१२. फ्लीट, जे० एफ०, का० इ० इ०, खण्ड ३, पृ० १६२.

१३. ठाकुर, उपेन्द्र, द हुणाज इन इण्डिया, पृ० १३४.

१४. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ ३५६.

महावीर मन्दिर

प्रबन्धकोश में गोपगिरि या गोपालगिरि (ग्वालियर) को यशोवर्मन के पुत्र एवं उत्तराधिकारी आम (७५५ ई०) का नगर कहा गया है तथा यहाँ पर उसे महावीर के एक मन्दिर के निर्माण का श्रेय दिया गया है।[१५] ग्वालियर दुर्ग से आठवीं शताब्दी ई० की कई जैन मूर्तियाँ भी प्राप्त हुई हैं। इनमें सिन्धिया स्कूल परिसर में रखी पार्श्वनाथ की मूर्ति, तेली मन्दिर के सामने कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़ी आदिनाथ की मूर्ति तथा गुजरी महल संग्रहालय में सुरक्षित आदिनाथ की मूर्ति उल्लेखनीय है।[१६] अतएव संभव है कि दुर्ग पर आठवीं शताब्दी का कोई महावीर मन्दिर रहा हो।

वर्तमान समय में ग्वालियर पर प्रतिहार शैली के दो मन्दिर विद्यमान हैं - तेली का मन्दिर और चतुर्भुज मन्दिर। इसके अतिरिक्त दुर्ग से ही प्राप्त इस शैली के दो अन्य लघु एकाश्म मन्दिर गुजरी महल संग्रहालय के प्रांगण में भी सुरक्षित हैं।

तेली का मन्दिर

पहाड़ी के लगभग मध्य में गंगोलाताल के सामने ''तेली का मन्दिर'' स्थित है। (चित्र सं० ९-१०)। यह अपनी विशालता, भव्यता एवं गजपृष्ठाकृति शिखर के लिए विख्यात है। इसके निर्माण के समय तक प्रतिहार शैली अपने विकास के चरमोत्कर्ष पर थी। अतः इस मन्दिर में वह अपनी सभी विशेषताओं के साथ प्रस्फुटित हुई है। इसे प्रतिहार शैली का सर्वोत्तम उदाहरण कहा जा सकता है।

नामकरण

मन्दिर का वर्तमान नाम ''तेली का मन्दिर'' कब और कैसे पड़ गया, इस संबंध में प्रकाश डालने के लिए प्रत्यक्ष प्रमाणों का अभाव है। इसका यह नाम अपेक्षाकृत बाद में उद्भूत हुआ प्रतीत होता है। कनिंघम का मत है कि सम्भवतः किसी तेली के धन से निर्मित होने के कारण इसका नाम ''तेली का मन्दिर'' पड़ गया। एक अन्य विद्वान की धारणा है कि इस मन्दिर के शिखर का आकार द्रविड़ शैली का होने के कारण प्राचीनकाल में यह 'तेलंगाना मन्दिर' नाम से सम्बोधित किया जाता था। वर्तमान नाम 'तेली का मन्दिर' इसी 'तेलंगाना मन्दिर' का बिगड़ा हुआ रूप है।[१७] वि० सं० ९३३ (८७६ ई०) के ग्वालियर अभिलेख में 'अक्षयनिधि' के रूप में अनेक तेली श्रेणियों के मुखियों (तैलक महत्तक) द्वारा मन्दिरों में दीपक जलाने के लिए प्रत्येक महीने के एक निश्चित दिन पर एक पलिका (परी) तेल उपलब्ध कराने का उल्लेख हुआ है।[१८] इससे ऐसा प्रतीत होता है कि गुर्जर-प्रतिहार काल में आवश्यकता पड़ने पर तेली श्रेणियों के मुखियों को मन्दिर में दीपक जलाने तथा उनका रख-रखाव आदि करने का भार सौंप दिया जाता था। बहुत संभव है कि इसी परम्परा का निर्वाह करते हुए किसी

---

१५. प्रबन्धकोश, पृ० २८-२९

१६. सिंह, अमर, ग्वालियर दुर्ग में जैन धर्म और कला, जैन सन्देश (शोधांक-४७), मथुरा, १९८१

१७. गार्दे, एम० बी०, डायरेक्टरी आफ फोर्ट्स इन ग्वालियर स्टेट, भाग १, पृ० ४७

१८. ए० इ०, खण्ड १, भाग २०, पृ० १५९-६०.

तेली या उनके मुखिया को इस मन्दिर में दीपक आदि जलाने का भार सौंप दिया गया हो। कालान्तर में उसके उत्तराधिकारियों द्वारा भी इसी परम्परा का निर्वाह किया जाता रहा होगा। इस प्रकार बाद में तेलियों से सम्बद्ध होने के कारण इसे 'तेली का मन्दिर' कहा जाने लगा होगा।

तलछन्द योजना

तेली के मन्दिर का गर्भगृह आयताकार है, जिसके ऊपर वलभी शैली का गजपृष्ठाकृति शिखर सुशोभित है। गर्भगृह की बाहरी माप १८ मी० X १५ मी० तथा भीतरी माप ९.२० मी० X ६.६० मी० है। गर्भगृह के आगे कपिली (अन्तराल) का निर्माण किया गया है। इसकी बाहरी माप १२ मी० X ४ मी० तथा भीतरी माप ६ मी० X ४ मी० है (रेखाचित्र सं. १)।

रेखा चित्र संख्या १ .तलछन्द, तेली का मन्दिर
(साभार, कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २)

ऊर्ध्वछन्द योजना

मन्दिर की सम्पूर्ण ऊँचाई लगभग २८ मी० है।तीन भिट्टों के ऊपर मन्दिर की ऊर्ध्वछन्द योजना वेदीबन्ध, जंघा, वरण्डिका और शिखर नामक चार भागों में विभक्त है।

वेदीबन्ध

तीन भिट्टों पर आधारित मन्दिर के वेदीबन्ध को खुर, कुम्भ, अन्तरपट्ट तथा कपोतपाली द्वारा अलंकृत किया गया है। सामान्यतः प्रतिहार शैली के मन्दिरों में वेदीबन्ध को खुर, कुम्भ, कलश, अन्तरपट्ट और कपोतालि से सजाने की परम्परा थी, किन्तु इस मन्दिर में कलश का निर्माण नही किया गया है अपितु उसके रिक्त स्थान को भरने के लिए अन्तरपट्ट को और अधिक चौड़ा कर रूपपट्टी का अंकन किया गया है। अलंकरण की दृष्टि से अन्तरपट्ट दो भागों में विभाजित है। नीचे के भाग को रूपपट्टी (देवपट्टी) से सजाया गया है, जिसमें ११३ छोटी-छोटी रथिकाओं में ब्रह्मा, विष्णु (त्रिविक्रम), शिव, अजएकपाद, गजान्तक, लकुलीश, वायु, कार्तिकेय, गणेश अग्नि, भैरव आदि देवता, साधु और शैव द्वारपालों का अंकन है। प्रत्येक रथिका के पार्श्वो को दो-दो अर्ध पद्मों से अलंकृत रुचक शैली के अर्ध-स्तम्भों से सजाया गया है। ईसके ऊपर पुष्प-पत्रों तथा कीर्तिमुखों आदि से अंकित तुलाशिरों (चौकोर गुटकों) के मध्य जालक तथा उसके ऊपर चन्द्रशालाओं से अलंकृत कपोतपाली सुशोभित है (चित्र सं० १०)।

जंघा

मन्दिर का जंघा भाग सादा है किन्तु उसके भद्र को बड़ी रथिकाओं से तथा अन्य रथों को अपेक्षाकृत छोटी रथिकाओं से सजाया गया है। इसका गर्भगृह और शिखर उत्तर-दक्षिण की अपेक्षा पूर्व-पश्चिम की ओर अधिक चौड़ा है। उत्तर और दक्षिण में जंघा के भद्र पर तीन उभार दिखाये गये हैं। उसके पार्श्वो में दो कर्ण हैं। पश्चिम में भद्र व कर्णो के अतिरिक्त दो प्रतिरथ भी प्रदर्शित किये गये हैं (चित्र सं० १०)। भद्रों पर बड़ी रथिकाओं का निर्माण किया गया है, जबकि प्रतिभद्र और कर्णो की रथिकाएँ अपेक्षाकृत छोटी हैं। सभी भद्र रथिकाओं के शीर्ष चौड़े उद्गमों से तथा प्रतिभद्र और कर्ण रथिकाओं के शीर्ष नागर शैली के शिखर अथवा लम्बे उद्गमों से सुसज्जित हैं (चित्र सं० १०)। कपिली के दोनों पार्श्व भद्र भी बड़ी-बड़ी रथिकाओं से सुशोभित हैं। भद्र तथा कपिली की रथिकाओं के दोनों बाजुओं को पांच-पांच द्वारशाखाओं से अलंकृत किया गया है। इनमें सामान्यतः पत्रलता, नागशाखा या पुष्पशाखा, मिथुन, स्तम्भ और पत्रलता शाखा का अंकन है (चित्र सं० १०)। इसी प्रकार प्रतिभद्र और कर्ण की रथिकाओं के दोनों पार्श्वो को तीन-तीन शाखाओं से अलंकृत किया गया है। उनके ललाटबिम्ब पर गरुड़ तथा चौखट के नीचे मकरवाहिनी गंगा और कूर्मवाहिनी यमुना अपने अनुचरों के साथ प्रदर्शित हैं।

प्रारम्भिक गुप्तकालीन मन्दिरों का जंघा भाग सादा होता था। लगभग छठी शताब्दी ई० के आस-पास देवगढ़ के दशावतार मन्दिर में सर्वप्रथम जंघा को रथिकाबिम्बों से अलंकृत किया गया है। कालान्तर में प्रतिहार शैली के मन्दिरों में जंघा को रथिका-बिम्बों से सजाने की परम्परा सामान्य रूप से प्रचलित हो गयी। इनमें प्रायः भद्र और कर्ण पर देवी-देवताओं से युक्त एक-एक छोटी रथिका का निर्माण किया जाता था तथा उनके शीर्षो को उद्गमों से सुशोभित किया जाता था। तेली के मन्दिर में

छोटी-छोटी रथिकाओं के स्थान पर जंघा के भद्र, प्रतिभद्र और कर्णो पर अपेक्षाकृत बड़ी रथिकाओं का निर्माण किया गया है तथा उनके शीर्षो को नागर शैली के शिखर अथवा लम्बे उद्गमों से अलंकृत किया गया है। वर्तमान समय में ये रथिकाएँ रिक्त हैं परन्तु किसी समय इनमें सम्भवतः बड़े आकार की मूर्तियाँ रही होंगी।

प्रवेशद्वार

मन्दिरों के प्रवेश-द्वारों के निर्माण तथा उनके अलंकरण के सम्बन्ध में वराहमिहिर कृत बृहत्संहिता का निर्देश है कि मन्दिर के गर्भगृह का जो विस्तार मान हो, उसके चतुर्थांश विस्तार मान का द्वार करना चाहिए और विस्तार से दो गुना उस द्वार की ऊँचाई हो तथा ऊँचाई का चतुर्थांश द्वार-शाखाओं का विस्तार होना चाहिए। वह द्वार तीन, पाँच, सात अथवा नौ शाखाओं से प्रशस्त हो।[१९] द्वारशाखाओं के चौथाई भाग में प्रतिहारी, मांगल्य विहग, श्रीवृक्ष, स्वस्तिक, मिथुन, पत्रलता तथा प्रमथ (कुब्जक) का अलंकरण होना चाहिए।[२०]

प्रवेश-द्वारों को विभिन्न द्वारशाखाओं, प्रतिहारी, मांगल्यविहग, नदीदेवता तथा अन्य अनेक मांगलिक चिह्नों एवं अलंकरणों से सजाने की परम्परा गुप्त काल से ही चल पड़ी थी।[२१] तिगोवा, भूमरा, नचनाकुठारा, दहपर्वतिया आदि मन्दिरों के प्रवेशद्वारों को प्रायः तीन या पाँच द्वारशाखाओं से अलंकृत किया गया है। देवगढ़ के दशावतार मन्दिर में द्वारशाखाओं की संख्या छः है। इसे पत्रलता, पुष्प, मिथुन, स्तम्भशाखा, श्रीवृक्ष और पुष्प पट्टियों से सजाया गया है। ऊपरी भाग में गंगा-यमुना अंकित हैं तथा ललाटबिम्ब में शेषनाग पर आसीन चतुर्भुजी विष्णु को प्रदर्शित किया गया है।

द्वारालंकरण की गुप्तकालीन परम्परा प्रतिहार शैली के मन्दिरों में भी दृष्टिगोचर होती है। नरेसर, बटेसर, अमरोल आदि के मन्दिरों में प्रवेश-द्वारों को सामान्यतः तीन द्वारशाखाओं पत्रलता, स्तम्भशाखा तथा नागशाखा से अलंकृत किया गया है। नागशाखा में नागों की पूँछ को ललाटबिम्ब पर अंकित गरुड़ के हाथों में प्रदर्शित किया गया है तथा नीचे अपने अनुचरों के साथ गंगा-यमुना अंकित की गयी हैं।

---

१९. विस्तारार्ध भवेद्गर्भो भित्तयोऽन्याः समन्ततः ।
गर्भपादेन विस्तीर्णा द्वारं द्विगुणमुच्छ्रितम् ॥ १२ ॥
उच्छ्रयात् पाद विस्तीर्णा शाखातद्वदुदुम्बर :
विस्तार पाद प्रतिमं बाहुल्यं शाखयोः स्मृतम् ॥ १३ ॥
बृहत्संहिता, ५६, १२-१३

२०. त्रियञ्चसप्तनवभिः शाखाभिस्तत्प्रशस्यते ।
अधः शाखाचतुर्भागे प्रतीहारौ निवेशयेत् ॥ १४ ॥
शेषं माङ्गल्यविहगैः श्रीवृक्षैः स्वस्तिकैर्घटैः।
मिथुनैः पत्रवल्लीभिः प्रमथैश्चोव शोभयेत् ॥ १५ ॥
बृहत्संहिता ५६, १४-१५

२१. अग्रवाल, वासुदेव शरण, स्टडीज़ इन इण्डियन आर्ट, पृ० २११

प्रवेश-द्वारों पर नागशाखाओं का अंकन प्रतिहार शैली के मन्दिरों की अपनी अलग विशेषता है। यद्यपि गुप्तकालीन मन्दिरों में नागशाखा का अलंकरण नहीं मिलता किन्तु देवगढ़ के दशावतार मन्दिर की उत्तरी रथिका के दोनों ओर अर्धस्तम्भों के निचले भाग में इसका प्रारम्भिक स्वरूप देखने को मिलता है, जिसमें दो नागों को एक दूसरे से गुथा हुआ प्रदर्शित किया गया है। कालान्तर में इसी अभिप्राय को और अधिक विकसित करके प्रतिहार शैली के मन्दिरों में नागशाखा के रूप में अंकित किया गया है। इसके अतिरिक्त स्तम्भशाखा में कीर्तिमुख से निकलते हुए जंजीर और घण्टा का अंकन भी इस युग की विशेषता रही है। गुप्तकालीन मन्दिरों में ललाटबिम्ब पर सामान्यतः मूल नायक को ही प्रतिस्थापित किया गया है, जबकि प्रतिहार शैली में ललाटबिम्ब पर प्रायः गरुड़ का अंकन मिलता है तथा गर्भगृह के देवता को शुकनास पर प्रदर्शित किया जाने लगा था।

तेली के मन्दिर का प्रवेश-द्वार (चित्र सं० ९) पूर्वाभिमुख है। इसकी ऊँचाई लगभग १०.६६ मी० है। गर्भगृह तक पहुँचने के लिए इसके सामने सोपान निर्मित किये गये हैं। प्रवेशद्वार की चौखट के दोनों बाजुओं को पत्रलता, नागशाखा, मिथुनशाखा, स्तम्भशाखा तथा संयुक्त पत्रशाखा नामक पाँच द्वारशाखाओं से अलंकृत किया गया है। इनमें से तीन शाखाएँ उत्तरंग पर भी अंकित की गयी हैं, जिनके मध्य में ललाटबिम्ब पर उड़ते हुए गरुड़ अपने दोनों हाथों में नागों की पूँछ पकड़े हुए प्रदर्शित हैं। द्वारशाखाओं के नीचे बाईं ओर मकरवाहिनी गंगा तथा दाईं ओर कूर्मवाहिनी यमुना अपने-अपने अनुचरों तथा महाकाल और नन्दी नामक शैव द्वारपालों के साथ अंकित हैं। गंगा-यमुना के ऊपर आकाश का दृश्य दिखलाया गया है, जिसमें बादलों के साथ उड़ते हुए मांगल्य विहग, मालाधर विद्याधर तथा अन्य मानवाकृतियाँ उपस्थित हैं। लगभग ऐसा ही अलंकरण भद्र-रथिकाओं के प्रवेशद्वारों पर भी मिलता है। एक अन्य प्रवेशद्वार मन्दिर के गर्भगृह के सामने निर्मित है। वर्तमान समय में यह काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। लगभग १५वीं शताब्दी में मुख्य प्रवेशद्वार के बीच में एक अन्य छोटा द्वार लगाकर बड़े द्वार के ऊपरी भाग को बन्द कर दिया गया है। छोटे द्वार के ललाटबिम्ब पर गणेश को प्रदर्शित किया गया है।

वितान

मन्दिर का भीतरी भाग सादा है, किन्तु गर्भगृह के ऊपर समतल वितान निर्मित किया गया है, जिसका अलंकरण अब नष्ट हो चुका है। एक स्थान पर केवल थोड़ा सा अलंकृत भाग बच रहा है, जिस पर कीर्तिमुख अंकित है।

गर्भगृह के चारों कोनों पर स्थित भित्ति-स्तम्भों के ऊपरी भाग का अलंकरण भी उल्लेखनीय है। इनके फलकों के ऊपर पद्म, अर्धपद्म, मांगल्य विहग, चक्रवाक, कीर्तिमुख व अन्य वानस्पतिक एवं ज्यामितीय आकृतियों को उत्कीर्ण किया गया है (चित्र सं० ११)।

वरण्डिका

जंघा के ऊपर मन्दिर के चारों ओर प्रतिहार शैली के अन्य मन्दिरों की भाँति इसमें भी किंकिणिका (जंजीर और घंटा) का अलंकरण दर्शनीय है। उसके ऊपर कपोतपाली और अर्धपद्म

सुशोभित हैं। वरण्डिका को सादी कपोत जैसी गढ़न, अलंकृत तुलाशिरों (चौकोर गुटकेनुमा आकृति) तथा कपोतपाली से विभूषित किया गया है (चित्र सं० १०)।

शिखर

अध्ययन की दृष्टि से मन्दिर के शिखर को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है। नीचे के भाग में उत्तर और दक्षिण के भद्र पर एक-एक सिंहकर्ण प्रदर्शित है। दक्षिण के सिंहकर्ण में एक शिरविहीन अष्टभुजी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है। इसमें वे एक शान्त सिंह पर ललितासन मुद्रा में बैठी हैं (चित्र सं० ४४)। वे अपने एक दाहिने हाथ में खड्ग तथा बायें हाथ में खेटक धारण किये हैं। शेष भुजाएँ या तो खण्डित हैं अथवा उनके आयुध अस्पष्ट हैं। वे नाभिछन्दक, केयूर, कंकण, कटिसूत्र आदि आभूषणों से अलंकृत हैं। उनके दोनों ओर नीचे एक-एक अनुचर भी दिखलाया गया है। उत्तरी सिंहकर्ण में एक चतुर्भुजी देवता उत्कूटिकासन में बैठे हैं। उनके घुटनों में योगपट्ट बंधा है तथा ऊपरी दाहिने हाथ में अक्षमाला लिये हैं। इनकी पहचान लकुलीश अथवा शिव की दक्षिणामूर्ति से की जा सकती है। कर्णों को कपोत, उद्गम, चन्द्रशालाओं तथा भूमिआमलकों से सजाया गया है। इसी प्रकार का अलंकरण पश्चिमी दिशा में कर्णों और प्रतिरथों पर भी प्रदर्शित है।

शिखर के ऊपरी भाग में पूर्व और पश्चिम की ओर स्कन्धवेदी पर रथिका-पंक्ति दिखलायी गयी है, जिनके शीर्ष उद्गमों से सुशोभित हैं (चित्र सं० ९)। इसी प्रकार स्कन्धवेदी के ऊपर गजपृष्ठाकृति शिखर के दोनों ओर भी आठ-आठ रथिकाओं की पंक्तियाँ अंकित की गयी हैं। वलभी शिखर के उत्तरी तथा दक्षिणी पार्श्वों को नीचे विशाल शूरसेनकों से तथा उनके मध्य भाग को दो रथिकाओं, मणियों, पद्मोंऔर चन्द्रशालाओं से अलंकृत किया गया है (चित्र सं० १०)। सबसे ऊपर एक बड़ी चन्द्रशाला प्रदर्शित की गयी है। इस प्रकार इस मन्दिर के नीचे के आयताकार भाग को नागर शैली के शिखर की भाँति सजाया गया है तथा ऊपरी भाग को वलभी शैली के गजपृष्ठाकृति शिखर से सुशोभित किया गया है।

आयताकार भवनों के ऊपर वलभी (गजपृष्ठाकृति) छत के निर्माण की परम्परा मौर्यकाल से ही प्रचलित थी, जिसके स्वरूप का अनुमान साँची, भरहुत और उदयगिरि (भुवनेश्वर, उड़ीसा) के उच्चित्रों से किया जा सकता है। अमरकोष में 'वलभी' शब्द की व्याख्या करते हुए कहा गया है- 'गोपानसी तु वलभी छादने वक्र दारुणि'।[२२] यहाँ पर वलभी शब्द का प्रयोग ऐसी अर्धगोलाकार अथवा ढोलाकार छत के लिए किया है, जिसका निर्माण लकड़ी अथवा काष्ठ कर्म द्वारा किया गया हो। मत्स्यपुराण, अग्निपुराण, गरुड़पुराण, रामायण, महाभारत आदि ग्रन्थों में भी 'वलभी' शब्द का प्रयोग एक ऐसे आयताकार भवन के अर्थ में हुआ है, जिसके ऊपर गजपृष्ठाकृति छत का निर्माण किया गया हो।[२३] इन्हीं अर्थों में इस शब्द का प्रयोग ४६७-८० ई० के गढ़वा (जिला इलाहाबाद) अभिलेख तथा कुमारगुप्त और बुधवर्मन के मन्दसोर अभिलेख में भी मिलता है।[२४] इस प्रकार 'वलभी' एक ऐसे आयताकार भवन, प्रासाद या मन्दिर को कहते हैं जिसकी छत गजपृष्ठाकृति हो।

---

२२. अमरकोश, पुरुवर्ग २, श्लो० १५

२३. मत्स्यपुराण, अ० २६९, ३५, ५०, ५३; अग्निपुराण अ० २०४, श्लो० १६-१७; गरुड़पुराण, अ० ४७, श्लोक २१-२२, २६-२७; रामायण, २, ८८, ५; महाभारत, १, ३, १३३

२४. फ्लीट, कार्पस इन्स्क्रिप्सनम् इंडिकेरम, खण्ड ३, पृ० २६९ तथा ८१

विष्णुधर्मोत्तर पुराण के अनुसार वलभी प्रकार के मन्दिर की लम्बाई उसकी चौड़ाई की तीन गुनी होनी चाहिए तथा उसके पार्श्व और पृष्ठ भागों में चन्द्रशालाओं का अलंकरण होना चाहिए। मन्दिर में एक प्रवेशद्वार होना चाहिए, जिसका मुख किसी भी दिशा की ओर हो सकता है। इसके गर्भगृह में ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर अथवा बलराम और श्रीकृष्ण के बीच में एकानंशा अथवा कार्तिकेय और गणेश के मध्य त्रिलोचन (शिव) अथवा त्वष्टा अथवा सूर्य और चन्द्र के मध्य जनार्दन अथवा बहुभुजी दुर्गा अथवा लक्ष्मी अथवा अनन्तशायी विष्णु अथवा चतुर्भुजी विष्णु अथवा कुबेर के साथ इन्द्र, यम और वरुण के अतिरिक्त अन्य किसी देवता की प्रतिस्थापना नहीं करनी चाहिए।[२५]

उपर्युक्त उद्धरण से स्पष्ट है कि वलभी प्रकार के मन्दिर की तलछन्द योजना आयताकार होनी चाहिए। उसका यह स्वरूप इसलिए निर्मित किया जाता है कि उसके गर्भगृह में कई देवताओं को सामूहिक रूप से स्थापित किया जा सके अथवा उसमें लक्ष्मी, दुर्गा या अनन्तशायी विष्णु की मूर्ति रखी जा सके।

अपराजितपृच्छा में वर्णित चौदह प्रकार के मन्दिरों में वलभी का भी उल्लेख हुआ है। इस प्रकार के मन्दिरों की उत्पत्ति का श्रेय गौरी और आद्या जैसी देवियों को दिया गया है।[२६] अपराजितपृच्छा में कहा गया है कि चार और पाँच के अनुपात का आयताकार गर्भगृह निर्मित करके स्कन्धवेदी के ऊपर गजपृष्ठाकृति वलभी की रचना करनी चाहिए तथा बाएँ, दायें, आगे और पीछे का भाग चन्द्रशालाओं से अलंकृत करके गर्भगृह के आगे शुकनासिका निर्मित करनी चाहिए।[२७]

वस्तुतः विष्णु के दशावतारों, अनन्तशायी विष्णु, सप्तमातृकाओं अथवा शिशु के साथ लेटी हुई माता (देवी) अथवा किसी अन्य देव समूह को स्थापित करने के लिए गर्भगृह में कुछ अधिक स्थान की आवश्यकता होती है और उसके लिये मन्दिर के चौकोर गर्भगृह की अपेक्षा आयताकार गर्भगृह अधिक उपयुक्त है। इसके साथ ही आयताकार गर्भगृह के ऊपर नागर शैली के रेखाशिखर की अपेक्षा वलभी शैली का गजपृष्ठाकृति शिखर निर्मित करना अधिक सुविधाजनक पड़ता है। गुजरात, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, हिमांचल प्रदेश तथा पश्चिमी भारत के कई स्थलों से ऐसे मन्दिरों के उदाहरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें आयताकार गर्भगृह के ऊपर वलभी शिखर का निर्माण किया गया है।

वलभी शैली के मन्दिरों का प्राचीनतम उदाहरण संभवतः खिमेश्वर मन्दिर नं० ६ है, जिसे विद्वानों ने सातवीं शताब्दी के प्रारम्भ में रखा है।[२८] भुवनेश्वर (उड़ीसा) के मन्दिरों में वलभी

---

२५. विष्णु धर्मोत्तर०, खण्ड ३, अ० ८६, श्लो० २१-३०

२६. गौर्याद्याभिश्च देवीभिः कृपाः पूजा महोत्सयाः ।
पुष्प्याकारसंकीर्णा रत्नज्योतिर्भिहार्चिषः ॥ ३४ ॥
कृता बलभिकाकाराः प्रासादाः स्त्रयभिधानकाः ।
आयताश्चतु रस्त्राश्च वृत्तावृत्तायतास्तथा ॥ ३५ ॥
महापुष्योदयस्तेभ्यस्तेजः सौभाग्यवर्द्धनम् ।
जन्मजन्मनि भूपालाः पुष्पवाणपरायणाः ॥ ३६ ॥
अपराजितपृच्छा, १०५, ३४-३६

२७. अपराजित०, १७६, ६-८

२८. नानावती, जे० एम० तथा ढाकी, एम० ए०, द मैत्रक एण्ड सैंधव टेम्पुल्स आफ गुजरात, पृ० ३१-३२, ६७

शैली के पांच उदाहरण उल्लेखनीय हैं- १. वैताल देउल, २. गौरी मन्दिर, ३. गोपालिनी (भुवनेश्वरी) मन्दिर, ४. सावित्री मन्दिर तथा ५. मुक्तेश्वर मन्दिर के सामने स्थित छोटा मन्दिर।[२९] इन मन्दिरों मे वैताल देउल सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। मध्यभारत में नरेसर (ग्वालियर, म० प्र०) का देवी मन्दिर सरहन बुजुर्ग (फतेहपुर, उ० प्र०) का भगवती मन्दिर, उत्तराखण्ड में जागेश्वर (अल्मोड़ा उ० प्र०) का पुष्टिदेवी, चण्डिका और नवदुर्गा मन्दिर, वमन सुआल (अल्मोड़ा उ० प्र०) का त्रिनेत्रेश्वर महादेव मन्दिर, वजिंगा (टिहरी गढ़वाल, उ० प्र०) का नन्दा देवी मन्दिर आदि इस शैली के प्रमुख उदाहरण हैं।

वलभी शैली के उपरोक्त मन्दिरों में सामान्यः आयताकार गर्भगृह के ऊपर गजपृष्ठाकृति शिखर तथा कपिली के ऊपर शुकनासिका की रचना की गयी है। इनके वेदीबन्ध को खुर, कुम्भ, अन्तरपत्र (कलश के स्थान पर) और कपोतालि से अलंकृत किया गया है। जंघा भाग को प्रायः देवी-देवताओं से युक्त एक रथिका-पंक्ति से सजाया गया है। जंघा और शिखर के मध्य दो या तीन पट्टियों की वरण्डिका निर्मित की गयी है। शिखर के नीचे के भाग को भूमिआमलकों तथा चन्द्रशालाओं से अलंकृत किया गया है तथा ऊपरी भाग में स्कन्धवेदी और गजपृष्ठाकृति छत का निर्माण किया गया है। शिखर के पाश्वों और पृष्ठ भाग को चन्द्रशालाओं व सूरसेनकों से अलंकृत किया गया है। इस प्रकार आयताकार गर्भगृह के ऊपर गजपृष्ठाकृति शिखर का निर्माण किया जाना तथा उसके पार्श्व और पृष्ठ भाग को सूरसेनकों व चन्द्रशालाओं से अलंकृत किया जाना इस शैली के मन्दिरों की उल्लेखनीय विशेषताएँ हैं। इन मन्दिरों को अधिकांशतः शाक्त सम्प्रदाय को ही समर्पित किया गया है।

तेली के मन्दिर में उपरोक्त सभी विशेषताएँ दृष्टिगत होती हैं। यह मन्दिर उत्तर भारत के वलभी शैली के मन्दिरों में सबसे अधिक विशाल, भव्य और ऊँचा है। अलंकरण की दृष्टि से भी इसकी तुलना में इस शैली का अन्य कोई मन्दिर नहीं ठहरता। ग्वालियर क्षेत्र में प्रतिहार शैली की जिस परम्परा का प्रादुर्भाव नरेसर और बटेसर के मन्दिरों में हुआ उसकी पूर्णता हमें अमरोल (ग्वालियर, म० प्र०) और महुआ (शिवपुरी, म० प्र०) के मन्दिरों में देखने को मिलती है तथा तेली के मन्दिर में हम उसके विकास की चरम परिणति का दर्शन करते हैं। अमरोल के रामेश्वर महादेव मन्दिर और तेली के मन्दिर के अलंकरण में तो इतनी साम्यता है कि इन दोनों को एक ही शिल्पियों द्वारा निर्मित कहा जा सकता है। दोनों मन्दिरों की चन्द्रशालाओं, कपोतपाली, भूमिआमलक तथा रथिकाबिम्बों की अलंकरण शैली एक जैसी है। तेली के मन्दिर में विशालता और भव्यता के साथ-साथ उसके विभिन्न अंगों में परस्पर अच्छा अनुपातिक समन्वय स्थापित किए रहना, उसके स्थपतियों एवं शिल्पियों की महान कुशलता एवं दक्षता का परिचायक है। अलंकरण की सफाई तथा सौन्दर्य की अभिव्यक्ति जैसी इस मन्दिर में बन पड़ी है, वैसी अन्यत्र दुलर्भ है। इस दृष्टि से अमरोल के रामेश्वर मन्दिर और तेली के मन्दिर को एक ही श्रेणी में रखा जा सकता है। इस प्रकार तेली का मन्दिर न केवल वलभी शैली के मन्दिरों में अपितु उत्तर भारत के समस्त प्रतिहार शैली के मन्दिरों में भी अपना सर्वोच्च स्थान रखता है।

---

२९. मित्रा. देबाला, फोर लिटिल नोन खाखरा टेम्पुल्स आफ उड़ीसा, ज० ए० सो०, भाग २, नं० १, १९६०

मूल नायक

मन्दिर के गर्भगृह में किसी प्रतिमा के अभाव में यह अनुमान लगा पाना कठिन है कि यह मन्दिर किस देवी या देवता को समर्पित था। प्रतिहार शैली के मन्दिरों की एक विशेषता यह भी थी कि इनकी शुकनास पर प्रायः उसी देवता को प्रदर्शित किया जाता था जिसकी प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित की जाती थी। इस प्रकार यदि किसी मन्दिर के गर्भगृह में मूल देवता की प्रतिमा न हो तो भी उसके शुकनास पर अंकित प्रतिमा को देखकर मन्दिर के मूलनायक का अनुमान लगाया जा सकता है। परन्तु दुर्भाग्यवश तेली के मन्दिर की शुकनास भी ध्वस्त हो चुकी है। अतः मन्दिर के मूल देवता के सम्बन्ध में ज्ञान प्राप्त करने के लिए हमें अप्रत्यक्ष साक्ष्यों पर ही निर्भर करना पड़ेगा।

इस मन्दिर के प्रवेशद्वार के ललाटबिम्ब पर 'गरुड़' अंकित है। बाद में (लगभग १६वीं शताब्दी के आस-पास) इसमें एक छोटा प्रवेशद्वार और जोड़ दिया गया है जिसके ललाटबिम्ब पर 'गणेश' को प्रदर्शित किया गया है। चूँकि 'गरुड़' का सम्बन्ध वैष्णव धर्म से है, अतः कनिंघम का मत है कि प्रारम्भ में यह वैष्णव मन्दिर था किन्तु कालान्तर में इसे शैव धर्मावलम्बियों द्वारा अधिकृत कर लिया गया।[३०] परन्तु कनिंघम का उक्त मत उचित नहीं प्रतीत होता क्योंकि प्रतिहार शैली के प्रायः सभी मन्दिरों में नागशाखा के साथ ललाटबिम्ब पर 'गरुड़' के अंकन की परम्परा मिलती है और बाद (लगभग १५वीं-१६वीं शताब्दी) के सभी मन्दिरों में ललाटबिम्ब पर प्रायः 'गणेश' को प्रदर्शित किया गया है। इसके अतिरिक्त मन्दिर के वेदीबन्ध की रथिकाओं में उत्कीर्ण मूर्तियों में जहाँ एक ओर शिवमूर्तियों का आधिक्य है, वही विष्णु की केवल एकमात्र प्रतिमा 'त्रिविक्रम' रूप का ही अंकन हुआ है। अतः इसे विष्णु का मन्दिर नहीं माना जा सकता।

इस मन्दिर में जिन देवी-देवताओं की प्रतिमाएँ उत्कीर्ण की गयी हैं, उनमें शैव मूर्तियों की प्रधानता है। शिखर के उत्तरी और दक्षिणी सिंहकर्ण पर क्रमशः शिव और दुर्गा को प्रदर्शित किया गया है। प्रवेशद्वार की चौखट पर नीचे शैव द्वारपाल महाकाल और नन्दी अंकित हैं। वेदीबन्ध की ११३ रथिकाओं में भी अधिकांशः शैव प्रतिमाएँ ही हैं। इनमें से शिव गजान्तक, अजएकपाद, लकुलीश, गणेश, कार्तिकेय तथा शैव द्वारपाल आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इसके अतिरिक्त जंघा के पश्चिमोत्तर कर्ण पर एक रथिका में अंकित एकमुखी शिवलिंग भी इस मन्दिर का शैव धर्म से ही अधिक निकट का सम्बन्ध स्थापित करता है। परन्तु अन्य साक्ष्य इसके शाक्त सम्प्रदाय से सम्बन्धित होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। अपराजितपृच्छा में वलभी शैली के मन्दिरों की उत्पत्ति का श्रेय गौरी और आद्या जैसी देवियों को दिया गया है।[३१] कपिली की दक्षिणी रथिका की दीवार पर अंकित लेख 'नमः वाणाग्रशक्र (सक्त) नेत्रा वलित दिघ-भुजा चक्र सू (शू) लासि' दुर्गा की स्तुति में लिखा गया प्रतीत होता है। इसमें देवी को अपनी सुदृढ़ भुजाओं में चक्र, शूल और खड्ग धारण किए हुए तथा दृष्टि को वाणाग्र पर केन्द्रित किए हुए बतलाया गया है।[३२] लिपिविज्ञान के आधार पर इस अभिलेख की तिथि लगभग आठवीं श० ई० अर्थात् मन्दिर के समकालीन ठहरती है। अतः बहुत सम्भव है कि यह स्तुति (लेख) मन्दिर के मूल नायक से ही सम्बन्धित हो। शिखर के दक्षिणी सिंहकर्ण

---

३०. कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २, पृ० ३५६

३१. अपराजित०, १०५, ३४-३६

३२. लेख के पाठ तथा उसके अनुवाद के लिए लेखक श्री कृष्णदेव जी का आभारी है।

पर चतुर्भुजी सिंहवाहिनी दुर्गा की बैठी हुई प्रतिमा (चित्र सं० ३३) भी उल्लेखनीय है। इसके अतिरिक्त मन्दिर का स्थापत्य भी उक्त विचार का समर्थन करता है। उत्तरी भारत में उपलब्ध जितने भी मन्दिरों में आयताकार गर्भगृह और उसके ऊपर वलभी शैली के गजपृष्ठाकृति शिखरों की रचना की गयी है, वे अधिकांशतः देवी मन्दिर ही हैं। उदाहरणार्थ भुवनेश्वर (उड़ीसा) स्थित बैताल देउल, गौरी मन्दिर, गोपालिनी मन्दिर, नरेसर (ग्वालियर, म० प्र०) स्थित देवी मन्दिर; सरहन बुजुर्ग (फतेहपुर) स्थित भगवती मन्दिर; जागेश्वर (अल्मोड़ा) स्थित अम्बिका, पुष्टिदेवी, चण्डिका और नवदुर्गा मन्दिर; पाताल भुवनेश्वर (पिथौरागढ़) का देवी मन्दिर; बजिंगा (टिहरी गढ़वाल) का नन्दा देवी मन्दिर; बरवा सागर (झाँसी) का जराय मठ आदि देवी मन्दिर ही हैं। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इन मन्दिरों की निर्माण योजना एक ही प्रकार की है और ये सभी शाक्त सम्प्रदाय से सम्बन्धित हैं। इससे स्पष्ट है कि इस प्रकार के मन्दिरों का निर्माण तत्कालीन समाज में विशेषकर शक्ति या देवी की स्थापना के लिये प्रचलित था। अतः बहुत संभव है कि समान निर्माण योजना वाला तेली का मन्दिर भी शक्ति की प्रतीक किसी देवी का मन्दिर ही रहा हो।

तिथि

मन्दिर की तिथि के सम्बन्ध में एच० गोट्ज़े ने यह विचार व्यक्त किये थे कि इस मन्दिर का निर्माण कन्नौज के शासक यशोवर्मन (लगभग ७२५-७५० ई०) द्वारा उसके शासन के अन्तिम वर्षों में करवाया गया था।[३३] कृष्णदेव और माइकल ने भी अनेक साक्ष्यों के आधार पर तेली के मन्दिर की तिथि लगभग आठवीं शताब्दी का मध्यकाल ही माना है।[३४]

मन्दिर के जंघा के दक्षिणी-पूर्वी कर्ण और कपिली के दक्षिणी भद्र की रथिका में चार छोटे-छोटे लेख उत्कीर्ण हैं :

१. श्री महरदेव ज सर्व्व, २. ना सिंग्न ह, नागसिंह, ३. ॐ नमः सो

४. नमः वाणाग्राशक्र (सक्त).... नेत्रा वलित दिघ भुजा चक्र शू लासि

इसके अतिरिक्त वेदीबन्ध मे प्रयुक्त पाषाण खण्डों पर पछीम (पश्चिम), उत्तर (उत्तर), वायव (वायव्य), दक्षी (दक्षिण), नेर्त्य (नृति) आदि शब्द अंकित किये गये हैं जो संभवतः शिल्पियों के लिए दिशा सूचक के रूप में प्रयुक्त हुए हैं। उत्तरी भद्र की रथिका में दो पंक्तियों का एक अन्य लेख भी है। इसे गेरू से लिखा गया है। इस समय यह पूर्णतः अस्पष्ट है। इन लेखों की लिपि के आधार पर कृष्णदेव ने इन्हें आठवीं शताब्दी ई० के पूर्वार्द्ध में रखा है।

मन्दिर के अलंकरण के लिए जिन अभिप्रायों का प्रयोग किया गया है वे सामान्यतः मध्यदेश और मालवा के सातवीं-आठवीं शताब्दी के मन्दिरों में प्रयुक्त मिलते हैं। सिंहमुखाकृतियों से युक्त तुलाशिरों का प्रयोग सर्वप्रथम मुण्डेश्वरी महादेव मन्दिर (६३६ ई०) में मिलता है। आधार और शीर्ष पर घटपल्लवों से अलंकृत रुचक स्तम्भ, घण्टमाला (किंकिणिका) का अलंकरण, प्रवेशद्वार पर गंगा-यमुना के साथ नागशाखा, मांगल्यविहग तथा ललाटबिम्ब पर गरुड़ का अंकन महुआ, नरेसर और अमरोल के मन्दिरों में दर्शनीय है। वेदीबन्ध के अन्तरपट्ट पर अलंकारिक पत्रवल्लियों के साथ

---

३३. गोट्ज़े, एच०, द लास्ट मास्टरपीस आफ गुप्ता आर्ट, आर्ट एण्ड लेटर्स, जि० २९, पृ० ४७-५९

३४. माइकल, डब्लू० एम०, आम, अमरोल एण्ड जैनिज्म इन ग्वालियर फोर्ट, ज० ओ० इ०, बड़ोदा, भाग २२, १९७२, पृ० ३५४-३५८

इहामृगों का शोभांकन भी मन्दिर की प्राचीनता का द्योतक है। वेदीबन्ध की रथिकाओं में प्रदर्शित कार्तिकेय, गणेश, लकुलीश, सूर्य आदि का अंकन शैली और प्रतिमाविज्ञान की दृष्टि से अमरोल और नरेसर के मन्दिरों की भाँति ही हुआ है। इस प्रकार मन्दिर का स्थापत्य एवं शिल्प भी आठवीं शताब्दी के मन्दिरों से मिलता - जुलता है। अतः तेली के मन्दिर में उत्कीर्ण लेख की लिपि, अलंकरण, स्थापत्य एवं शिल्पकला तथा प्रतिमा विज्ञान के आधार पर मन्दिर की तिथि लगभग आठवीं शताब्दी का मध्यकाल (७५० ई० के आस-पास) अनुमानित की जा सकती है। इस समय ग्वालियर पर कन्नौज का शासक यशोवर्मन (७२५-७५० ई०) शासन कर रहा था। कन्नौज में कश्मीर के शासक ललितादित्य मुक्तापीड से पराजित होने के पश्चात् भी उसका प्रभुत्व ग्वालियर पर बना रहा। अतः बहुत सम्भव है कि उसी ने अपने शासन के अन्तिम वर्षों में इस भव्य मन्दिर का निर्माण करवाया हो।

चतुर्भुज मन्दिर

ग्वालियर - गेट से दुर्ग पर चढ़ते समय गणेश पौर के बाद लक्ष्मणपौर के अत्यन्त निकट मोड़ पर सड़क के बाईं ओर एक छोटा सा किन्तु अलंकृत मन्दिर स्थित है (चित्र सं०१२)। इसको एक ही शिलाखण्ड (एकाश्म) में गढ़कर निर्मित किया गया है। मन्दिर के गर्भगृह में विष्णु की चतुर्भुजी प्रतिमा स्थापित होने के कारण वर्तमान समय में इसे 'चतुर्भुज मन्दिर' कहा जाता है।

मन्दिर का प्रवेशद्वार पूर्व की ओर है। तलछन्द योजना की दृष्टि से इसका त्रिअंग शैली का गर्भगृह वर्गाकार है। इसकी बाहरी माप ३.५५ मी० X ३.५५ मी० है। उसके सामने छोटा अन्तराल या कपिली तथा दो स्तम्भों व दो अर्धस्तम्भों पर आधारित एक अर्धमण्डप है। इसकी माप ३.२० मी० X ३.२० मी० है (रेखाचित्र सं० २)।

रेखा चित्र संख्या २.तलछन्द, चतुर्भुज मन्दिर
(साभार, कनिंघम, आ० स० रि०, भाग २)

वेदीबन्ध

पद्मपीठ (चित्र सं० १३) के ऊपर मन्दिर के वेदीबन्ध को खुर, कुम्भ, कलश तथा कपोतालि से अलंकृत किया गया है। नरेसर, बटेसर और अमरोल के मन्दिरों में सामान्यतः वेदीबन्ध सादा है, किन्तु इस मन्दिर में खुर, कुम्भ, कलश और कपोतालि के ऊपर भद्र, प्रतिभद्र और कर्ण पर

देवी-देवताओं से युक्त छोटी-छोटी रथिकाओं का निर्माण किया गया है। रथिकाओं के पार्श्व भागों को रुचक शैली के सादे अर्धस्तम्भों से तथा शीर्षों को उद्गमों से सजाया गया है। वेदीबन्ध के उत्तरी भद्र पर पंचाग्नि तप करती हुई स्थानक मुद्रा में चतुर्भुजी पार्वती, पश्चिमी भद्र पर द्विभुजी कार्तिकेय तथा दक्षिणी भद्र पर चतुर्भुजी नृत्य गणेश अंकित हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिभद्रों और कर्णों पर भी छोटे - छोटे गण देवता प्रदर्शित किये गये हैं, जिनकी पहचान कर सकना कठिन है।

जंघा

पंचरथ जंघा के भद्र और कर्ण को देवमूर्तियों से युक्त रथिकाओं से अलंकृत किया गया है। इन रथिकाओं के पार्श्वों में वृत्ताकार अर्धस्तम्भ तथा व्याल प्रदर्शित किये गये हैं (चित्र सं० १३) और उनके शीर्ष को छाद्य, कपोत एवं उद्गमों से अलंकृत किया गया है। जंघा के उत्तरी भद्र पर चतुर्भुजी त्रिविक्रम, पश्चिमी भद्र पर चतुर्भुजी विष्णु तथा दक्षिणी भद्र पर चतुर्भुजी नृवराह अंकित हैं। प्रतिरथों को स्तम्भशाखा से सजाकर उसके दोनों ओर के सलिलान्तरों को पत्रावली से विभूषित किया गया है। स्तम्भशाखा घटपल्लव, रथिकाबिम्ब, कीर्तिमुख, अर्धपद्म आदि अभिप्रायों से अलंकृत है। उसके शीर्ष पर पुनः घटपल्लव प्रदर्शित है। भद्र की भाँति कर्ण को भी मूर्तियों से युन्त रथिका तथा उसके ऊपर छाद्य, कपोत और एक लम्बे उद्गम से सजाया गया है। कर्णो पर नरसिंह, कार्तिकेय, शिव, तथा दिग्पालों की मूर्तियाँ हैं। जंघा का ऊपरी शिरा घण्टमाला (जंजीर और घण्टा) से अलंकृत है।

वरण्डिका

जंघा और शिखर को तीन पट्टियों की वरण्डिका से विभक्त किया गया है। नीचे तथा ऊपर की पट्टी में चन्द्रशालाओं से अलंकृत कपोतालि तथा मध्य में तुलाशिरों पर हंस, पुष्प, पत्र, कीर्तिमुख आदि का अंकन दर्शनीय है (चित्र सं० १४)।

शिखर

मन्दिर का नागर शैली का लतिन रेखा शिखर पंचरथ है, जिसके भद्र और प्रतिभद्र को चन्द्रशालाओं से अलंकृत लम्बे उद्गमों से विभूषित किया गया है तथा कर्ण को तीन कपोतों के एक समूह पर उद्गम की रचना कर उन्हें भूमि-आमलकों से विभक्त किया गया है (चित्र सं० १४)। शिख़र का ऊपरी भाग तथा कलश नष्ट हो चुका है। उसके स्थान पर नये कलश का निर्माण किया गया है।

प्रवेशद्वार

गर्भगृह का प्रवेशद्वार पत्रलता, पुष्प, स्तम्भ और पत्र-शाखाओं से अलंकृत है। स्तम्भशाखा के आधार और शीर्ष पर घटपल्लव तथा मध्य में कीर्तिमुख से निकला हुआ जंजीर और घण्टा सुशोभित है। प्रतिहार शैली के अन्य मन्दिरों में सामान्यतः नागशाखा का अंकन किया गया है, जिसमें नागों की पूँछ ललाटबिम्ब पर स्थित गरुड़ के हाथों में प्रदर्शित है किन्तु इस मन्दिर के प्रवेशद्वार पर नागशाखा के स्थान पर पुष्पशाखा बनायी गयी है, जिसे ललाटबिम्ब के नीचे पत्रलता के साथ उड़ते हुए गरुड़ के हाथों में दिखलाया गया है।

चौखट में नीचे की ओर मकरवाहिनी गंगा तथा कूर्मवाहिनी यमुना के साथ वैष्णव द्वारपालों का अंकन है तथा उत्तरंग में स्तम्भशाखा के ऊपर नागर शैली का त्रिरथ रेखा शिखर अंकित है। ललाटबिम्ब पर उद्‌गम से अलंकृत रथिका में किसी देवता की अस्पष्ट प्रतिमा है तथा उसके दोनों ओर की छोटी रथिकाओं में भी अस्पष्ट मूर्तियाँ अंकित की गयी हैं। उदुम्बर के मध्य मन्दारक तथा उसके दोनों ओर बैठी हुई सिंहाकृतियाँ उत्कीर्ण की गयी हैं।

अर्धमण्डप

प्रतिहार शैली के मन्दिरों में प्रायः गर्भगृह के सामने अन्तराल या कपिली बनाये जाने की परम्परा थी, किन्तु इस मन्दिर में गर्भगृह के सम्मुख दो स्तम्भों पर आधारित एक छोटा सा अर्धमण्डप या मुखमण्डप निर्मित किया गया है। इसके स्तम्भों तथा अर्धस्तम्भों की रचना एक जैसी है। स्तम्भों की कुम्भिका 'भद्रक' प्रकार की चौकोर है। कुम्भिका के चारों ओर उद्‌गमों से अलंकृत रथिकाओं में देवमूर्तियाँ अंकित हैं। कुम्भिका के ऊपर स्तम्भ यष्टि है, जिसके आधार और शीर्ष को घटपल्लव तथा मध्य भाग को कीर्तिमुख से निकलती हुई किंकिणिका से अलंकृत किया गया है। स्तम्भों पर कीर्तिमुख से निकलते हुए जंजीर और घण्टे का अलंकरण इस युग की अपनी एक विशेषता थी। स्तम्भ-यष्टि के ऊपर चौकोर आमलक तथा भारपुत्रकों (कीचकों) का अंकन है, जिनके ऊपर भारपट्ट रखे हैं। इन्हीं भारपट्टों पर मण्डप की छत आधारित है। उसके चन्दोवा को एक समतल वितान के रूप में निर्मित किया गया है, जिसमें पूर्ण विकसित पद्म पंखुड़ियों का अलंकरण दर्शनीय है। भारपट्टों के भीतरी भाग में कृष्ण-लीला दृश्य प्रदर्शित किए गये हैं। इनमें कृष्ण जन्म, बालकों का बदलाव, पूतना-वध, सकट-भंग, यमलार्जुन-उद्धार, केशीवध, माखन-चोरी, कंश-वध, कालिय-मर्दन, कुवलयापीड-वध आदि बड़े सुन्दर ढंग से उत्कीर्ण किये गये हैं।

शुकनाश

कपिली (अन्तराल) के ऊपर शिखर से लगा हुआ अर्धचन्द्रशालाओं और चन्द्रशालाओं का अलंकरण शुकनास कहलाता है। प्रतिहार शैली के मन्दिरों में अन्तराल के ऊपर शिखर के साथ ऐसी शुकनास निर्मित करने की परम्परा थी। इसमें सामान्यतः गर्भगृह के मूलनायक की प्रतिमा भी अंकित की जाती थी। वास्तुशास्त्रों में शुकनास की रचना के सम्बन्ध में उल्लेख मिलते हैं। वास्तुसार के अनुसार मंडोवर के छज्जा से स्कन्ध तक ऊँचाई का इक्कीस भाग करके उसमें नौ, दस, ग्यारह, बारह व तेरह भाग के बराबर लम्बे उदय का शुकनास बनाना चाहिए और उदय से आधा शुकनास का पिण्ड (मोटाई) होना चाहिए।[३५] यह प्रासाद के ललाट का तिलक माना जाता है। शुकनास के ऊपर स्थित सिंह को मण्डप के ऊपर के कलश के बराबर रखना चाहिए अर्थात् मण्डप की ऊँचाई शुकनास के सिंह से अधिक नहीं होनी चाहिए।[३६]

चतुर्भुज मन्दिर की शुकनास चन्द्रशालाओं व अर्धचन्द्रशालाओं से अलंकृत है। सबसे ऊपर की चन्द्रशाला में संभवतः योगासन में चतुर्भुजी विष्णु बैठे प्रदर्शित हैं।

तिथि

सौभाग्य से इस मन्दिर में विक्रम संवत् ९३२ (८७५ ई०) तथा ९३३ (८७६ ई०)

---

३५. वास्तुसार, प्रासाद प्रकरण, श्लो० २९

३६. प्रासाद मण्डन, अ० ७, श्लो० ७

के दो अभिलेख उपलब्ध हैं। पहला अभिलेख मन्दिर के प्रवेशद्वार के ऊपर उत्कीर्ण है। इसमें कुल २७ श्लोक हैं। इस अभिलेख से ज्ञात होता हैं कि इस विष्णु मन्दिर का निर्माण वर्जरवंशीय नागरभट्ट के पौत्र तथा वैल्लभट्ट के पुत्र अल्ल ने करवाया था।[३७] वैल्लभट्ट को रामभद्र ने ग्वालियर में मर्यादाधुर्य (अन्तपाल) के पद पर नियुक्त किया था। वैल्लभट्ट का पुत्र अल्ल अपने पिता का उत्तराधिकारी हुआ, जिसे आदिवराह (भोज) ने गोपाद्रि का संरक्षक नियुक्त किया था।[३८] दूसरा अभिलेख गर्भगृह की दक्षिणी दीवार पर अंकित है। वि० सं० ९३३ (८७६ ई०) के इस अभिलेख में वैल्लभट्ट के पुत्र अल्ल द्वारा निर्मित दो मन्दिरों को दिये जाने वाले चार दानों का उल्लेख है तथा अल्ल को गोपाद्रि का 'कोटपाल' कहा गया है।[३९] उपरोक्त दोनों अभिलेखों से स्पष्ट है कि चतुर्भुज मन्दिर का निर्माण मिहिरभोज के शासनकाल में 'गोपाद्रि' (ग्वालियर) के 'कोट्टपाल' अल्ल ने ८७५ ई० में करवाया था।

मूलनायक

मन्दिर के गर्भगृह में विष्णु की एक चतुर्भुजी स्थानक प्रतिमा स्थापित है। संभवतः इसी कारण इसे चतुर्भुज मन्दिर कहा जाता है किन्तु यह प्रतिमा मन्दिर की समकालीन नहीं प्रतीत होती। संभवतः इसका निर्माण बाद में किया गया होगा। जंघा के भद्रों पर नृवराह, त्रिविक्रम तथा विष्णु की चतुर्भुजी मूर्तियाँ स्थापित हैं। इसके अतिरिक्त नृसिंहावतार, कृष्णावतार आदि भी यत्र-तत्र अंकित हैं। शुकनास पर योगासन में चतुर्भुजी विष्णु को बैठे हुए दर्शाया गया है। ललाटबिम्ब पर भी चतुर्भुजी विष्णु प्रदर्शित हैं। साथ ही प्रवेश-द्वार पर गंगा-यमुना नदी देवियों के साथ वैष्णव द्वारपालों का भी अंकन किया गया है। वि० सं० ९३२ के अभिलेख का प्रारम्भ विष्णु-स्तुति से किया गया है। इस प्रकार उपर्युक्त सभी साक्ष्यों से स्पष्ट है कि यह मन्दिर वैष्णव धर्म से सम्बन्धित था और जैसा कि इसके 'चतुर्भुज' नाम से प्रतीत होता है, इसमें विष्णु की चतुर्भुजी प्रतिमा ही स्थापित की गयी होगी। यद्यपि वर्तमान समय में भी इसके गर्भगृह में विष्णु की चतुर्भुजी प्रतिमा स्थापित है, किन्तु इसके मौलिक होने में सन्देह है।

वि० सं० ९३२ के अभिलेख में इस मन्दिर के लिए 'टङ्कोत्कीर्ण' (शैल - मन्दिर) और 'एकशिला' (एकाश्म) शब्दों का प्रयोग महत्वपूर्ण है।[४०] तत्कालीन संरचनात्मक मन्दिरों की परम्परा से हटकर अल्ल द्वारा शैल मन्दिर का निर्माण एक महत्वपूर्ण कार्य रहा होगा और इसके लिए निश्चय ही उसने अपने आपको गौरवान्वित अनुभव किया होगा, जिसका उल्लेख उसने उक्त अभिलेख में किया है।

शैल - मन्दिरों का निर्माण उत्तर भारत की अपेक्षा दक्षिण भारत में विशेषकर राष्ट्रकूटों के शासनकाल में अधिक प्रचलित था। राष्ट्रकूटों और गुर्जर - प्रतिहारों में कई पीढ़ियों तक कन्नौज की प्रभुसत्ता को लेकर राजनीतिक प्रतिस्पर्धा चलती रही। ऐसा प्रतीत होता है कि इसका प्रभाव उनके

---

३७. ए० इ०, जिल्द १, पृं० १५६

३८. वही

३९. ए० इ०, जिल्द १, पृष्ठ १५९

४०. वही, पृ० १५४-१५९

सांस्कृतिक जीवन पर भी पड़ा और राष्ट्रकूटों की शैल - मन्दिर निर्माण परम्परा का अनुकरण कर संभवतः गुर्जर - प्रतिहारों के शासन - काल में एलोरा के कैलाश मन्दिर की भाँति ही मन्दसौर में धमनार के मन्दिर तथा मिहिर भोज के कोट्टपाल अल्ल द्वारा ग्वालियर के 'टङ्कोत्कीर्ण' और 'एकशिला' चतुर्भुज मन्दिर को निर्मित करवाया गया होगा।

चट्टानों को काटकर वास्तु - निर्माण परम्परा का आरम्भ भारत में मौर्यकाल (तीसरी शताब्दी ई० पू०) से ही हो चुका था। उस समय बिहार प्रदेश में बराबर की पहाड़ियों में अशोक और उसके पौत्र दशरथ ने अनेक शैलगुहाएँ बनवायी थीं। इस परम्परा का जन्म यद्यपि उत्तर भारत (बिहार) में हुआ था, परन्तु इसका विकास विशेषकर दक्षिण और पश्चिम भारत में ही हुआ। भाजा, कोन्डने, पीतलखोरा, अजन्ता, वेदसा, नासिक, कार्ले और कन्हेरी आदि स्थलों से द्वितीय शताब्दी ई० पू० से द्वितीय शताब्दी ई० के मध्य निर्मित अनेक शैल -गुहाओं के सुन्दर उदाहरण प्रकाश में आये हैं। अजन्ता में इनकी परम्परा सातवीं शताब्दी ई० के मध्य तक विद्यमान रही। उड़ीसा में उदयगिरि और खण्डगिरि की पहाड़ियों में प्रथम शताब्दी ई० पू० से प्रथम शताब्दी ई० तक अनेक जैन गुहाएँ निर्मित की गयीं। इसी प्रकार एलोरा, एलीफैन्टा, बादामी, ऐहोल और मामल्लपुरम् आदि स्थलों में भी चौथी - पाँचवीं शताब्दी ई० से आठवीं शताब्दी ई० के मध्य शैल - गुहाएँ उत्कीर्ण की गयीं। इनका निर्माण चट्टान को भीतर गहराई में काटते हुए किया जाता था। यह परम्परा लगभग आठवीं शताब्दी ई० तक इस देश में जीवित रही।

शैल - गुहाओं से भिन्न चट्टानों को काटकर वास्तु निर्मित करने की परम्परा में एक अन्य शैली के दर्शन भी होते हैं, जिसका उद्भव एवं विकास संभवतः चिनाई द्वारा निर्मित मन्दिरों के प्रभाव से हुआ प्रतीत होता है। इस विधा के अन्तर्गत शिल्पी चट्टान को भीतर की ओर गहराई में काटने की अपेक्षा संरचनात्मक मन्दिरों के अनुकरण पर मूर्ति निर्माण - शैली में किसी एक पर्वत-खण्ड (एकाश्म) को ऊपर और भीतर दोनों ओर से काट-छाँट एवं गढ़कर वास्तु को मूर्त रूप प्रदान करते थे। इस नवीन शैली का आरम्भ मामल्लपुरम् के पल्लवरथों (लगभग ६४० ई० - ६९० ई०) से होता है। कालान्तर में इसी के अनुकरण पर कृष्ण प्रथम के शासनकाल (७५७-७८३ ई०) में एलोरा के अत्यन्त सुन्दर कैलाश मन्दिर का निर्माण किया गया। यहाँ पर शैल - मन्दिरों के अन्य उदाहरण भी विद्यमान हैं। इनमें नन्दी - मण्डप, इन्द्र - सभा आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इनके थोड़ा बाद (लगभग ८वीं - ९वीं शताब्दी ई०) में पाण्ड्य राजाओं ने भी कलुगुमलइ में इसी प्रकार के एक विमान का निर्माण करवाया था।

उत्तर भारत में शैल - मन्दिरों की संख्या अपेक्षाकृत बहुत सीमित है। फिर भी यत्र - तत्र इनके उदाहरण उपलब्ध होते हैं। इनमें ग्वालियर के चतुर्भुज मन्दिर के अतिरिक्त मन्दसोर जिलान्तर्गत धमनार की पहाड़ी में निर्मित आठ वैष्णव मन्दिर (लगभग ८वीं - ९वीं श० ई०), कांगड़ा जिलान्तर्गत मसरूर का शैल - मन्दिर (लगभग ९वीं शताब्दी ई०), भागलपुर जिलान्तर्गत कोलगोंग का शैल - मन्दिर (लगभग ९वीं - १०वीं शताब्दी ई०) तथा पिथौरागढ़ जिलान्तर्गत थल का शैल - मन्दिर (लगभग १२ वीं श० ई०) इस शैली के विशिष्ट उदाहरण हैं।

यहाँ पर यह भी उल्लेखनीय है कि संरचनात्मक-मन्दिरों की अपेक्षा शैल-मन्दिरों का निर्माण - कार्य बहुत कठिन होता है। इसमें समय, धन और श्रम भी अधिक लगता है तथा शिल्पी को भी अत्यधिक कुशल एवं अनुभवी होना चाहिए। मन्दिर की सम्पूर्ण रचना को तलछन्द और ऊर्ध्वछन्द योजना में एक ही शिला-खण्ड पर गढ़ना पड़ता है। मूर्ति-निर्माण शैली में चट्टान को काटकर पहले एक साधारण रूपरेखा तैयार कर ली जाती है। तत्पश्चात् उस पर विभिन्न अलंकरणों एवं रूपों को उच्चित्रित किया जाता है। यह कार्य बहुत अधिक श्रमसाध्य एवं कुशलतापूर्वक किया जाने वाला होता है, जिसे बहुत अभ्यस्त शिल्पी ही कर सकते हैं। उनकी एक भी छेनी गलत नहीं पड़नी चाहिए क्योंकि एक बार त्रुटि हो जाने पर उसे सुधारा नहीं जा सकता और न ही उस शिला-भाग को परिवर्तित किया जा सकता है। अतः मन्दिर बनाना प्रारम्भ करते ही शिल्पी को पत्थर पर प्रत्येक चोट अत्यन्त सावधानी से लगानी पड़ती है। इस प्रकार इस कार्य के लिए उसे अत्यन्त प्रतिभा सम्पन्न, अनुभवी, कुशल एवं धैर्यवान होना चाहिए।

चतुर्भुज मन्दिर के निर्माण के समय (९वीं शताब्दी ई०) तक भारतीय शिल्पी शैल-स्थापत्य एवं शिल्प-कला के क्षेत्र में लगभग १२०० वर्षों का अनुभव प्राप्त कर चुके थे। इस समय तक उनके सामने एलोरा के कैलाश मन्दिर जैसे उत्तम उदाहरण भी उपस्थित थे। अतः चतुर्भुज मन्दिर के निर्माण में उन्होंने परम्परा से प्राप्त अनुभवों का भरपूर उपयोग किया है। कुशल कारीगरों ने एक शिला-खण्ड को उत्कीर्ण कर उसे लतिन प्रकार के पंचरथ मन्दिर का ऐसा सुन्दर स्वरूप प्रदान किया, जिसकी तुलना तत्कालीन गुर्जर-प्रतिहार शैली के किसी भी संरचनात्मक मन्दिर से की जा सकती है। इसके अलंकरणों एवं छन्दबद्ध योजना से शिल्पियों की असाधारण कार्य-कुशलता एवं क्षमता का परिचय मिलता है। मन्दिरों की यह शैली अत्यधिक श्रम-साध्य, खर्चीली एवं दुरूह होने के कारण बहुत अधिक लोकप्रिय नहीं हो सकी। यही कारण है कि भारतवर्ष में विशेषकर उत्तर भारत में इसके उदाहरण बहुत कम संख्या में मिलते हैं।

दो अन्य मन्दिर

एक शिलाखण्ड अथवा एकाश्म मन्दिरों के दो अन्य लघु उदाहरण गुजरी महल संग्रहालय के प्रांगण में उपलब्ध हैं। संग्रहालय के अभिलेखों में इनका प्राप्ति-स्थल ग्वालियर दुर्ग बतलाया गया है। सुविधा की दृष्टि से इन्हें यहाँ मन्दिर संख्या - १ (संग्रहालय सं० ४४९) और मन्दिर संख्या - २ (संग्रहालय सं० ४५०) सम्बोधित किया गया है। यह दोनों मन्दिर एक ही शिलाखण्ड को काटकर उत्कीर्ण किये गये हैं। इनकी निर्माण-योजना तथा अलंकरण शैली उपर्युक्त चतुर्भुज मन्दिर के सदृश है। यह निश्चित कर पाना कठिन है कि उक्त दोनों मन्दिर दुर्ग के किस भाग में स्थित थे। आकार - प्रकार में चतुर्भुज मन्दिर की अपेक्षा बहुत छोटे होते हुए भी अपनी शिल्पगत विशेषताओं के कारण ये मन्दिर अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

मन्दिर संख्या - १

गुर्जर-प्रतिहार कालीन अन्य मन्दिरों की भाँति इस मन्दिर (चित्र सं०१५) का भी तलछन्द साधारण है। इसमें वर्गाकार गर्भगृह तथा कपिली या अन्तराल बनाया गया है। गर्भगृह पंचरथ है।

ऊर्ध्वछन्द को सामान्यतः वेदीबन्ध, जंघा, वरण्डिका और शिखर नामक चार भागों में विभक्त किया जा सकता है। वेदीबन्ध खुर, कुम्भ, कलश और कपोत से अलंकृत है। पंचरथ जंघा के भद्र और कर्णो पर छोटी-छोटी रथिकाओं में कुछ शैव प्रतिमाएँ तथा पंचाग्नि तप करती पार्वती, गणेश आदि प्रदर्शित हैं। रथिकाओं का शीर्षभाग उद्गमों से सुशोभित है। इसी प्रकार कपिली के पार्श्व भागों को भी शैव प्रतिमाओं से युक्त रथिकाबिम्बों से सजाया गया है तथा इनके भी शीर्षो पर उद्गम सुशोभित हैं। मन्दिर की चारों दिशाओं में जंघा का ऊपरी भाग किंकिणिका (जंजीर और घण्टानुमा आकृति) से सजाया गया है। जंघा और शिखर के मध्य वरण्डिका को दो कपोतों के बीच तुलाशीर्षो की पंक्ति से अलंकृत किया गया है। तुलाशीर्षो पर भी पुष्प, पत्र अथवा अन्य आकृतियाँ उत्कीर्ण हैं।

मन्दिर का नागर (लतिन) शैली का पंचरथ रेखा शिखर पंच भौमिक है। इसके भद्र भाग को चन्द्रशालाओं से अलंकृत लता-जाल से सजाया गया है। प्रतिरथ तथा कर्ण की प्रत्येक भूमि को तीन कपोतों के समूह पर चन्द्रशालाओं का अलंकरण करके भूमि-आमलकों द्वारा विभक्त किया गया है। सबसे ऊपर आमलसारिका सुशोभित है। अन्तराल के ऊपर बड़ी चन्द्रशाला से युक्त अलंकृत शुकनास है, जिसमें संभवतः शिव नटराज की चतुर्भुजी प्रतिमा अंकित है।

प्रवेशद्वार तीन द्वारशाखाओं से अलंकृत है। इनमें मालाशाखा, रूपशाखा और पत्रशाखा उत्कीर्ण हैं। नागशाखा का अंकन प्रतिहार शैली के मन्दिरों की प्रमुख विशेषता थी। इसमें एक नाग अथवा परस्पर गुथे हुए नागों की पूँछ ललाटबिम्ब पर अंकित गरुड़ के हाथों में प्रदर्शित की जाती थी। उक्त मन्दिर में ललाटबिम्ब पर यद्यपि गरुड़ को ही दिखलाया गया है, किन्तु नागशाखा के स्थान पर यहाँ मालाशाखा है। रूपशाखा में नृत्य करती हुई मानवाकृतियाँ उच्चित्रित हैं, जो उत्तरंग पर उड़ते हुए विद्याधरों में परिवर्तित हो गयी हैं। नीचे पेद्या पर गंगा-यमुना तथा उनके अनुचर दिखलाये गये हैं। उत्तरंग के ऊपर कपोत, चन्द्रशाला और किंकिणिका सुशोभित है। प्रवेश-द्वार और शुकनास के मध्य एक लम्बा उद्गम बनाया गया है जिसके दोनों ओर कपोत, तुलाशीर्ष तथा छोटी-छोटी दो रथिकाएँ उत्कीर्ण हैं।

ललाटबिम्ब पर गरुड़ के अंकित होने से इस मन्दिर के वैष्णव धर्म से सम्बन्धित होने का भ्रम हो सकता है, किन्तु तत्कालीन प्रायः सभी मन्दिरों में ललाटबिम्ब पर गरुड़ के अंकन की परम्परा थी तथा मूलनायक की प्रतिमा शुकनास पर अंकित की जाती थी। यहाँ शुकनास पर शिव नटराज प्रदर्शित हैं। इसके अतिरिक्त जंघा की रथिकाओं में पंचाग्नि तप करती पार्वती, गणेश तथा अन्य शैव प्रतिमाएँ स्थापित हैं। इनके आधार पर यह शैव मन्दिर प्रतीत होता है।

मन्दिर के वेदीबन्ध, जंघा की रथिकाएँ, उद्गम, किंकिणिका, तुलाशीर्ष, चन्द्रशालाएँ तथा प्रवेशद्वार पर अंकित द्वारशाखाएँ, गंगा-यमुना, शुकनास आदि का अलंकरण नरेसर, बटेसर

(८वीं-९वीं शताब्दी ई०) तथा ग्वालियर के चतुर्भुज मन्दिर (८७५ ई०) के सदृश है। अतः शैलीगत विशेषताओं के आधार पर यह मन्दिर भी लगभग ९वीं शताब्दी ई० में निर्मित प्रतीत होता है।

मन्दिर संख्या-२

मन्दिर संख्या - १ की भाँति यह मन्दिर भी गुर्जर - प्रतिहार शैली मे निर्मित है। इसकी तलछन्द योजना में गर्भगृह और अन्तराल या कपिली का आयोजन है। गर्भगृह पंचरथ है, जिसमें रथ, प्रतिरथ और कर्ण प्रदर्शित हैं।

ऊर्ध्वछन्द में इसका वेदीबन्ध खुर, कुम्भ, कलश और कपोत से अलंकृत है। पंचरथ जंघा के भद्र तथा कर्णो पर रथिकाओं में शैव प्रतिमाएँ उत्कीर्ण हैं। उनके शीर्ष भाग उद्‌गमों से अलंकृत हैं। प्रतिरथ तथा जंघा का अन्य भाग सादा है। इसी प्रकार कपिली के दोनों ओर भी देवी - देवताओं से युक्त रथिकाएँ हैं। शलिलान्तरों को भी सादा रखा गया है। जंघा का शीर्ष भाग किंकिणिका से सुशोभित है।

वरण्डिका दो कपोतपट्टियों के मध्य तुलाशीर्षो से अलंकृत है। तुलशीर्ष यहाँ भी पत्र, पुष्प आदि से विभूषित हैं। गर्भगृह के ऊपर नागर (लतिन) शैली का रेखा शिखर पंचरथ है। उसे चार भूमि - आमलकों से पांच भूमियों में विभक्त किया गया है। इस प्रकार यह मन्दिर पंचभौमिक है। इसकी भी प्रत्येक भूमि को कर्ण और प्रतिरथ पर कपोत, चन्द्रशाला और भूमि-आमलक से सजाया गया है। भद्रभाग चन्द्रशालाओं से अलंकृत लता-जाल से सुशोभित है। सबसे ऊपर आमलसारिका प्रदर्शित है। अन्तराल के ऊपर शुकनास की अलंकृत चन्द्रशाला में संभवतः अष्टभुजी नटराज शिव अंकित किये गये हैं।

मन्दिर का प्रवेशद्वार यहाँ भी माला, रूप और पत्रशाखा से अलंकृत है। नीचे पेद्या पर अनुचरों के साथ गंगा-यमुना तथा ललाटबिम्ब पर गरुड़ का अंकन है। गरुड़ के दोनों और मालाधर विद्याधर प्रदर्शित हैं। उसके ऊपर कपोत पट्टियों पर चन्द्रशालाएँ सुशोभित हैं। सबसे ऊपर किंकिणिका है। प्रवेशद्वार और शुकनास के मध्य उद्‌गम के दोनों ओर कपोत और चन्द्रशालाओं का सुन्दर अलंकरण है। शुकनास पर अंकित शिव नटेश तथा जंघा की अन्य शैव प्रतिमाओं से प्रतीत होता है कि यह मन्दिर भी शिव अथवा शैव धर्म से सम्बन्धित था।

अलंकरण शैली तथा निर्माण योजना की दृष्टि से यह मन्दिर भी गुर्जर - प्रतिहार कालीन उपरोक्त मन्दिरों के समकालीन प्रतीत होता है। इस प्रकार इस मन्दिर की भी तिथि लगभग ९वीं शताब्दी ई० के आस-पास निर्धारित की जा सकती है।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि आकार-प्रकार के अतिरिक्त ये मन्दिर तलछन्द में भी चतुर्भुज मन्दिर की अपेक्षा कम विकसित हैं। इनमें गर्भगृह के सामने मात्र कपिली या अन्तराल ही बनाया गया है, जबकि चतुर्भुज मन्दिर में इन अंगों के अतिरिक्त मुखमण्डप भी प्रदर्शित है। इसी प्रकार इन मन्दिरों का वेदीबन्ध मात्र चार परम्परागत गढ़नों से अलंकृत है, किन्तु चतुर्भुज मन्दिर में वेदीबन्ध की गढ़नों पर भद्र, प्रतिभद्र और कर्णो पर छोटी-छोटी रथिकाएँ भी बनाई गयी हैं तथा उनमें देवी-देवता प्रदर्शित किये गये हैं। चतुर्भुज मन्दिर में जंघा के सलिलान्तर तथा शुकनास भी इन मन्दिरों की अपेक्षा अधिक अलंकृत हैं। फिर भी जैसा कि राजकीय संग्रहालय, गुजरी महल, ग्वालियर के

उल्लेख से पता चलता है, यदि ये नन्दिर ग्वालियर दुर्ग के ही किसी स्थल से प्राप्त हुए हैं, तो एकाश्म या एकशिला मन्दिरों की श्रृंखला में दुर्ग पर दो और महत्वपूर्ण गुर्जर - प्रतिहार कालीन मन्दिरों की स्थिति को स्वीकारना होगा जो न केवल तत्कालीन मन्दिर स्थापत्यकला के विशिष्ट उदाहरण हैं, अपितु एकशिला मन्दिरों के अध्ययन में भी इनका विशेष महत्व है।

गणेश मन्दिर

यह दुर्ग के पूर्वी प्रवेश-मार्ग के बाई ओर चतुर्भुज मन्दिर और लक्ष्मणपौर के मध्य स्थित है। इसमें भी एक शिलाखण्ड या पहाड़ी की चट्टान को काटकर मन्दिर बनाने का प्रयास किया गया है किन्तु किन्हीं कारणों से यह पूर्ण नहीं किया जा सका। मन्दिर में वर्गाकार गर्भगृह निर्मित किया गया है। उसके सामने प्रतिहार कालीन परम्परा में दो भित्ति - स्तम्भ बने हैं। उनके ऊपर चन्द्रशाला से अलंकृत शुकनास जैसी संरचना बनाने का प्रयास किया गया है। गर्भगृह का ऊपरी भाग शिखर विहीन है। ऐसा प्रतीत होता है कि वास्तुकार इस मन्दिर को भी एक ही शिलाखण्ड (एकाश्म) में निर्मित करना चाहते थे, किन्तु चट्टान उत्तम कोटि की न होने के कारण वे उसे पूर्ण नहीं कर सके। गर्भगृह की दक्षिणी दीवार में गणेश की स्तुति अंकित है। संभवतः यह मन्दिर गणेश जी को ही समर्पित था। शैलीगत विशेषताओं के आधार पर इसे चतुर्भुज मन्दिर (९वीं शताब्दी ई०) का समकालीन माना जा सकता है।

4

कच्छपघात शैली के मन्दिर

गुर्जर प्रतिहारों के पतन के पश्चात् मध्य भारत के पूर्वी भाग में कलचुरि वंश, मध्य भाग में चन्देलवंश तथा पश्चिमी भाग में परमार-वंशी राजाओं का शासन स्थापित हुआ। इनके साथ-साथ चन्देलों की अधीनता में नरवर, दुबकुण्ड और ग्वालियर के क्षेत्र में कच्छपघातवंशी नरेशों ने शासन करना आरम्भ किया। इन राजवंशों ने मध्यदेश की राजनैतिक व सांस्कृतिक चेतना को बहुत अधिक प्रभावित किया। इनमें न केवल राज्य विस्तार के लिए अपितु धर्म, संस्कृति और कला की अभिवृद्धि के लिए भी परस्पर प्रतिस्पर्धा चल रही थी। मन्दिर स्थापत्य भी इससे अछूता नहीं रह सका। अतएव सभी राजवंशों के शासकों ने अपने-अपने शासित क्षेत्रों में अनेक उत्तम मन्दिरों का निर्माण करवाया। लगभग १०वी शताब्दी ई० से १२वी शताब्दी ई० के मध्य निर्मित ये मन्दिर स्थापत्य कला के सुन्दर उदाहरण हैं और उसके अत्यन्त विकसित स्वरूप को प्रदर्शित करते हैं। इस काल के मन्दिरों पर गुप्त एवं गुर्जर प्रतिहारकालीन मन्दिरों का समान रूप से प्रभाव पड़ा। अतः इनमें परस्पर बहुत सी समानताएँ दृष्टिगोचर होती है। किन्तु भिन्न-भिन्न क्षेत्र में और पृथक्-पृथक् राजवंशों के संरक्षण में निर्मित होने के कारण इनमें कतिपय क्षेत्रीय विशेषताएँ भी प्रस्फुटित हुई हैं, जिनके आधार पर कृष्णदेव ने मध्य भारत के मध्ययुगीन मन्दिरों को अनेक क्षेत्रीय शैलियों में विभाजित किया है तथा उनका नामकरण उस क्षेत्र विशेष में शासन कर रहे राजवंश के नाम पर प्रस्तुत किया है।[१]

मध्य भारत के उत्तरी-पश्चिमी भाग में नरवर, दुबकुण्ड और ग्वालियर को केन्द्र में रखकर शासन करने वाले कच्छपघातवंशी शासकों के शासन-काल में विभिन्न अलंकरणों से युक्त मन्दिरों की सुरुचिपूर्ण शैली का विकास हुआ। ग्वालियर इसका प्रमुख केन्द्र था। इसके अतिरिक्त सुहानिया, पढ़ावली, मितावली, ग्यारसपुर, बदोह (विदिशा), कदवाहा, दुबकुण्ड, सुरवाया, महुआ और तिराही आदि स्थलों से भी इस शैली के मन्दिर प्रकाश में आये हैं। इनमें से अधिकांश मन्दिर कच्छघातों के शासन क्षेत्र में स्थित तथा उनके शासनकाल में निर्मित होने के कारण इन्हें 'कच्छपघात मन्दिर' अथवा 'कच्छपघात शैली के मन्दिर' कहा गया है।[२]

इस शैली के मन्दिरों में सामान्यतः वर्गाकार गर्भगृह, अन्तराल तथा मण्डप का निर्माण किया गया है। अधिक विकसित मन्दिरों में मण्डप के पार्श्वभाग और उसके सम्मुख एक अर्धमण्डप (मुखमण्डप) की भी व्यवस्था की गयी है,जिससे इसका आकार महामण्डप का हो गया है। इन मन्दिरों का निर्माण प्रायः एक ऊँची अलंकृत जगती पर किया गया है। जगती के ऊपर मूल प्रासाद को ऊर्ध्वछन्द में पीठ, वेदीबन्ध, जंघा और शिखर नामक चार प्रमुख अंगों में विभक्त किया जा सकता है।

---

१. देव, कृष्ण, उत्तर भारत के मन्दिर, पृ० ४६-६०

२. देव, कृष्ण, उत्तर भारत के मन्दिर, पृ० ५१

वि० सं० ११६१ (११०४ ई०) तिथ्यांकित किसी शैव मन्दिर का एक अभिलेख कनिंघम को उरवाही-द्वार के निकट से प्राप्त हुआ था।[६१] उन्होंने माता देवी मन्दिर को बारहवीं शताब्दी ई० के पूर्वार्ध में निर्मित हुआ मानकर उसे उक्त अभिलेख में उल्लिखित शैव मन्दिर से समीकृत करने का प्रयास किया है।[६२] परन्तु उनकी यह मान्यता उचित नहीं प्रतीत होती क्योंकि सास-बहू मन्दिर (१०९३ ई०) और अभिलेख में उल्लिखित शिव मन्दिर (११०४ ई०) के रचनाकाल में मात्र ११ वर्ष का अन्तर था, जबकि सास-बहू मन्दिर तथा माता देवी मन्दिर की अलंकरण शैली में पर्याप्त भिन्नता है। दोनों का तुलनात्मक अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि मातादेवी मन्दिर का शिल्पांकन ह्रास की ओर अधिक उन्मुख है तथा उसमें अलंकरण की वह अभिव्यक्ति नहीं मुखर हो सकी है, जो कच्छपघात शैली के विकसित मन्दिरों में मिलती है। इसके वेदीबंध के कुम्भ पर अंकित अर्धरत्न और मणिबन्ध तथा रथिकाओं के शीर्ष और जंघा के ऊपरी भाग में उत्कीर्ण उद्गमों की अलंकरण शैली, प्रवेशद्वार की सज्जा तथा ललाटबिम्ब पर अंकित गणेश प्रतिमा अपेक्षाकृत बाद की लगभग १२वीं शताब्दी ई० के उत्तरार्द्ध अथवा १३वीं शताब्दी ई० के पूर्वार्द्ध में निर्मित प्रतीत होती है। इस प्रकार माता देवी मन्दिर कच्छपघात शैली के मन्दिरों की अवनत दशा को प्रदर्शित करता है तथा तत्कालीन मन्दिर वास्तु के विकास-क्रम के अध्ययन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

---

६१. कनिंघम, आ० स० रि० भाग २, पृ० ३६४

६२. वही

5

मन्दिर का अलंकरण एवं उसके विविध माध्यम

ग्वालियर दुर्ग के मन्दिरों को अलंकृत करने के लिए अनेक देवी-देवताओं की मूर्तियों, सुर-सुन्दरी, गंगा-यमुना, नवग्रह, अष्टदिक्पाल, सप्त-मातृकाएँ, मिथुन, कीर्तिमुख, व्याल, घटपल्लव, नाना प्रकार के वानस्पतिक व ज्यामितीय चित्र तथा परम्परा से चले आ रहे अनेकानेक मांगलिक चिह्नों को चुना गया है।

प्राचीन भारत में मन्दिरों के साथ शिल्प का सम्बन्ध तो लगभग दूसरी-पहली शताब्दी ई० पूर्व में निर्मित ध्वजस्तम्भों से ही प्रारम्भ हो जाता है। बेसनगर का गरुड़ध्वज स्तम्भ किसी मन्दिर के सामने ही निर्मित किया गया होगा, किन्तु मन्दिरों में अलंकरण की परम्परा का आरम्भ प्रायः गुप्तकाल से ही देखने को मिलता है। इनके प्रवेशद्वारों की चौखट के दोनों ओर मकरवाहिनी गंगा तथा कूर्मवाहिनी यमुना अंकित की गयी हैं। इसके अतिरिक्त गण, मिथुन, द्वारपाल, उड़ते हुए हंस (मांगल्यविहग), श्रीवृक्ष, स्वस्तिक, पूर्णघट, पुष्पपत्र, व्याल, कीर्तिमुख आदि शुभ प्रतीकों को भी चित्रित किया गया है। छतों पर फुल्लकमल (पदुमक) उत्कीर्ण किए गये हैं तथा स्तम्भों में आधार या कुम्भिका के ऊपर घटपल्लव, उसके ऊपर स्तम्भ-यष्टि जिसका नीचे का एक तिहाई भाग चौकोर, उसके ऊपर अठपहलू तथा सोलह पहलू है। स्तम्भ-यष्टि के ऊपर पुनः घटपल्लव निर्मित हुआ है, जिसके ऊपर चौकोर बैठकी पर पीठ से पीठ मिलाये दो सिंहों का अंकन है तथा यष्टि के चारों ओर जंजीर से लटकता हुआ घंटा प्रदर्शित है। देवगढ़ के दशावतार तथा भीतरगाँव मन्दिर के जंघा भाग को देव प्रतिमाओं से युक्त रथिकाबिम्बों से सुशोभित किया गया है। गुप्तकालीन मन्दिरों को अलंकृत करने के लिए जिन मूर्तियों का निर्माण किया गया है, उनका कला-सौष्ठव उस काल में स्वतन्त्र रूप से निर्मित मूर्तियों के समान ही स्वाभाविकता, सहजता और सौम्यता से परिपूर्ण है। इनके मूर्तन में तत्कालीन कलाकार उतना ही सफल रहा है, जितना स्वतन्त्र रूप से निर्मित मूर्तियों में। इनका मुखमण्डल न तो शुंगकाल की मूर्तियों की तरह चिपटा है और न कुषाणकाल की तरह गोल अपितु उनके सुडौल चेहरे पर दिव्यता का भाव प्रदर्शित हुआ है। स्त्री और पुरुषों के कुंचित केश कंधों तक लटकते हुए प्रस्तुत हुए हैं। कभी-कभी कृत्रिम केशों का भी प्रयोग हुआ है। इस काल की सभी मूर्तियों के चेहरो पर उनके आन्तरिक भाव स्पष्ट रूप से व्यक्त हुए हैं। उनका सुगठित मांसल शरीर, स्निग्धता, उल्लसित यौवन स्वाभाविकता को लिए हुए है। देदीप्यमान मुखड़ा, अर्धोन्मीलित नेत्र प्रत्यक्ष संसार को देखने की अपेक्षा अन्तरंग की अनुभूति को प्रदर्शित करता हुआ जान पड़ता है। गुप्तकालीन कलाकारों को नारी सौन्दर्य की सच्ची अनुभूति थी। उन्होंने नायिकाओं के छरहरे एवं सुन्दर शरीर, स्मित हास, क्षीण कटि, चंचल हिरणी के समान आँखें, पृथु नितम्ब और स्तनों के भार से थोड़ा आगे को झुके शरीर का पाषाण में सजीव अंकन किया है। मुखमण्डल पर स्फुटित हो रहा तेज न केवल देवी-देवताओं में अपितु सामान्य स्त्री-पुरुषों के चेहरों पर भी प्रकट हुआ है।

गुप्तोत्तरकाल में परिवार देवताओं की अभिवृद्धि और पौराणिक कथाओं के चित्रण से मन्दिरों में मूर्तियों का अलंकरण बढ़ गया। आठवीं-नवीं शताब्दी ई० के गुर्जर-प्रतिहारकालीन मन्दिरों के जंघा भाग को देवी-देवताओं से युक्त रथिकाओं की एक पंक्ति से सजाया गया है। इन रथिकाओं में सामान्यतः गणेश, कार्तिकेय, लकुलीश, पंचाग्नि तप करती हुई पार्वती, सूर्य आदि का अंकन मिलता है। साथ ही प्रवेशद्वारों पर गंगा-यमुना, द्वारपाल तथा अनुचरों को भी प्रदर्शित किया गया है। ये मूर्तियाँ गुप्तकालीन परम्परागत शैली में ही चित्रित हुई हैं, किन्तु इनके लांछनों में कुछ वृद्धि अवश्य हुई है। चेहरे के भाव, शारीरिक गठन तथा वस्त्राभूषण आदि सब गुप्तकालीन ही हैं। तेली मन्दिर के प्रवेशद्वार पर अंकित गंगा-यमुना, शैवद्वारपाल तथा अन्य अनुचर प्रतिहारकालीन मूर्तिशिल्प के उत्कृष्ट उदाहरण हैं (चित्र सं० ९)। इस युग के प्रवेशद्वारों को सामान्यतः तीन या पाँच द्वारशाखाओं से अलंकृत किया गया है। नागशाखा में नागों की पूँछ ललाटबिम्ब पर स्थित गरुड़ के हाथों में प्रदर्शित है। गुप्तकालीन मन्दिरों की भाँति इनमें भी प्रवेशद्वारों की चौखट पर नीचे गंगा-यमुना के साथ उड़ते हुए मांगल्य विहग, मालाधर विद्याधर, मिथुन, श्रीवृक्ष, पूर्णघट, कीर्तिमुख, व्याल आदि चित्रित किए गये हैं। मन्दिरों का वेदीबन्ध खुर, कुम्भ कलश, अन्तरपत्र और कपोतालि से अलंकृत है। जंघा भाग को देवप्रतिमाओं से युक्त छोटी-छोटी रथिकाओं से अलंकृत किया गया है। रथिकाओं के शिरोभाग में चन्द्रशालाओं से अलंकृत उद्‌गमों का निर्माण किया गया है। जंघा के ऊपर मन्दिर के चारों ओर किंकिणीजाल सुशोभित है। शिखर को उद्‌गमों से अलंकृत कर उसके कर्ण भाग पर कपोतों और भूमि-आमलकों का अंकन किया गया है। इन मन्दिरों का भीतरी भाग सादा है। स्तम्भों में कुम्भिका के ऊपर घटपल्लव तथा उसके ऊपर चौकोर स्तम्भ-यष्टि है, जिसके चारों ओर ग्रासमुख से निकलती हुई किंकिणिका अंकित है। यष्टि के ऊपर पुनः घटपल्लव निर्मित है। स्तम्भ के शीर्षभाग में चौकोर आमलक तथा भारपुत्रकों को चित्रित किया गया है।

१०वीं-१२वीं शताब्दी के मन्दिरों में पौराणिक कथाओं तथा परिवार देवताओं के अंकन की परम्परा में और अधिक वृद्धि हुई। यहाँ तक कि इनके भीतर और बाहर के प्रत्येक स्थान को किसी न किसी अलंकरण द्वारा अवश्य सजाया गया है। इस काल के मन्दिरों के जंघा भाग देवी-देवताओं से युक्त सामान्यतः दो या तीन पंक्तियों से अलंकृत हैं। इन देवताओं को विभिन्न रूपों, अनेक भुजाओं, आयुधों तथा लांछनों से सुसज्जित किया गया है। इस काल में वैष्णव, शैव, शाक्त, जैन तथा बौद्ध धर्म के अनेक देवी-देवताओं को स्वतन्त्रता पूर्वक एक दूसरे में ग्रहण किया गया है। इसके अतिरिक्त द्वारपालों, मातृकाओं, योगिनियों, यक्षिणियों तथा असंख्य शासन देवताओं के अंकन से मन्दिरों में मूर्तियों की संख्या में अपार वृद्धि हुई है। इस समय तक वज्रयान, सहजयान, सिद्धियों, नाथपंथियों, योगियों तथा तांत्रिकों के सम्प्रदाय भी लोकप्रिय हो चले थे, जिनका प्रभाव स्पष्ट रूप से इस काल की मूर्तियों में परिलक्षित होता है। ये मूर्तियाँ गुप्तकालीन प्रतिमाओं की भाँति न तो सहज हैं और न सुन्दर। इनके मुख मण्डल पर वह आध्यात्मिक ओज भी लुप्त हो गया है जो कभी गुप्तकालीन मूर्तिशिल्प का गौरव था। इनमें अपेक्षाकृत अधिक तीक्ष्णता आ गयी है। इनके नाक-नक्स नुकीले, भौंहें आवश्यकता से अधिक तनी हुई, हाथ, पैर और शरीर सामान्य से कुछ अधिक लम्बे और पतले हैं। ये अधिकांशतः द्विभंग या त्रिभंग मुद्रा में प्रदर्शित हैं। शरीर में मांसलता की अपेक्षा कड़ापन अधिक है। मूर्तियों का अलंकरण इस ढंग से किया गया है, मानो कलाकार ने उन्हें आभूषणों से लाद दिया हो। वस्तुतः इस

काल में शिल्पकार ने देवता की शक्ति का प्रदर्शन उसके आन्तरिक भावों से प्रकट न करके प्रतीकों, लांछनों, आयुधों और अलंकरणों के माध्यम से व्यक्त किया है। इसके अतिरिक्त उसका उद्देश्य मूर्तियों को सुन्दर बनाना नहीं, अपितु उनके द्वारा मन्दिरों को बाहर और भीतर भली-भाँति अलंकृत करना था। यही कारण है कि सुहानिया, पढ़ावली, ग्वालियर आदि के कच्छपघातकालीन मन्दिरों के लगभग प्रत्येक अंग को मूर्तियों से सजाया गया है।

कीर्तिमुख

'कीर्ति' और 'मुख' शब्दों को मिलाकर 'कीर्तिमुख' बना है। प्राचीनकाल में 'कीर्ति' शब्द का प्रयोग 'चैत्यगृह' के लिए किया जाता था और उसके मुखभाग में ऊपर बनने वाली बड़ी खिड़की (गवाक्ष या वातायन) को 'कीर्तिमुख' कहते थे।[१] इसी अनुकृति के छोटे-छोटे कीर्तिमुखों का प्रयोग चैत्यगृह के सामने के भाग को अलंकृत करने के लिए किया जाता था। कालान्तर में उनके भीतर मानवमुख भी निर्मित किये जाने लगे। उदाहरण के लिए अजन्ता के चैत्यगृह (संख्या १९) का सामने का भाग नारी मुखाकृतियों से युक्त वातायनों (कीर्तिमुखों) से अलंकृत है।[२] बाद में मानव मुखों के स्थान पर सिंहाकृतियों का अंकन होने लगा और इन्हें ही 'कीर्तिमुख', कीर्तिवक्त्र, ग्रासमुख (सिंहमुख), पंचवक्त्र आदि नामों से सम्बोधित किया जाने लगा। गुप्तकालीन मन्दिरों के स्तम्भों पर इनको इसी रूप में चित्रित किया गया है। प्रारम्भिक चैत्य खिड़की (गवाक्ष या वातायन) का अलंकरण यद्यपि पूर्व मध्यकालीन और मध्यकालीन मन्दिरों के शिखर की लताओं, रथिका के उद्गमों, कपोताली तथा शिखर के सामने की शुकनास पर परम्परागत रूप में मिलता है, किन्तु इस समय तक कीर्तिमुख (सिंहमुख) एक नवीन एवं स्वतन्त्र अभिप्राय के रूप में प्रकट होता है। इसकी मान्यता एक मांगलिक प्रतीक के रूप में हो जाती है और इसका सम्बन्ध अनेक आपदाओं को नष्ट करने वाले भगवान रुद्र (शिव) से स्थापित हो जाता है। ऐसा कहा गया है कि दैत्यराज जालंधर के दूत के रूप में राहु ने शिव के पारिवारिक सदस्यों और उनके वाहनों में परस्पर विवाद उत्पन्न कर महान अशान्ति पैदा कर दी थी, जिसका शमन करने के लिए शिव ने तीन मुख, तीन चरण, तीन पुंज और सात भुजाओं वाले एक अत्यन्त तेजस्वी गण को उत्पन्न किया। इसका नाम कीर्तिमुख पड़ा। अपनी क्षुधा शान्त करने के लिए इसने महादेव की आज्ञा से अपना शरीर ही खा डाला, जिससे प्रसन्न होकर शिव ने उसे अपने प्रासाद में सदैव निवास करने का वरदान दिया और साथ में यह भी कहा कि तुम्हारा ध्यान न रखने वाला व्यक्ति शीघ्र ही पतित होगा।[३]

पूर्व मध्यकाल और मध्यकालीन मन्दिरों में कीर्तिमुख का अंकन स्तम्भों, भारपट्टों, उदुम्बर तथा अन्य अनेक अंगों पर हुआ है। स्तम्भों पर कीर्तिमुख से निकलती हुई जंजीर और घंटा (किंकिणिका) बड़े ही कलात्मक ढंग से प्रदर्शित की गयी है। मानसार के अनुसार कीर्तिमुख के विशालनेत्र (दीर्घनेत्र), वृत्ताकार कपोल (वृत्त गंडस्थल), हाथी की तरह के विस्तृत कान (गजश्रोतकृति श्रोतं) और कपोलो के अन्त में तरंगवत् रेखाएँ (गंडचान्तेतरंगवत्) होनी चाहिए।[४] अपराजितपृच्छा के

---

१. अग्रवाल, वा० श०, स्टडीज इन इण्डियन आर्ट, पृ० २४१-२४२

२. तदैव, २४२-२४३

३. पद्मपुराण, उत्तराखण्ड, अ० ११, श्लो० ३६-४३

४. मानसार, १८, १४७-१४८

अनुसार मन्दारक के दोनों ओर तनी हुई भौहों (भृकुट्या कुटिलाक्षं) और दाँतों से युक्त दो कीर्तिवक्त्र (कीर्तिमुख) अलंकृत करने चाहिए। उनके कानों के ऊपर सींग (उपश्रृंग) निकले हों।[५] सहस्रस्तम्भों वाले (सहस्रपाद) शिव प्रासाद का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए वायुपुराण में कहा गया है कि इन स्तम्भों पर नाना प्रकार के सिंहमुखों का अंकन किया जाना चाहिए तथा उन्हें चारों ओर से पृथक्-पृथक् श्रृंखलाओं द्वारा अलंकृत किया जाना चाहिए।[६] सिंहमुख (कीर्तिमुखों) से निकलती हुई श्रृंखलाओं के सम्बन्ध में डा० अग्रवाल का मत है कि हरिवंशपुराण, लिंगपुराण और शिवपुराण में रुद्र और अग्नि को पशुपति शिव का ही रूप माना गया है। अतः यहाँ पर श्रृंखला अग्नि-ज्वालाओं का और सिंहाकृति (ग्रासमुख) पशुपति शिव का प्रतीक है।[७]

ग्वालियर के तेली मन्दिर में वेदीबन्ध के अन्तरपत्र में यत्र-तत्र कीर्तिमुखों का अंकन दर्शनीय है। इस मन्दिर के सामने स्थापित कुछ स्तम्भों पर भी कीर्तिमुख का अलंकरण नानारूपों में हुआ है (चित्र सं० २२)। चतुर्भुज मन्दिर (८७५-७६ ई०) के स्तम्भों, अर्धस्तम्भों पर कीर्तिमुख से निकलती हुई श्रृंखला के साथ घंटे का चित्रण अत्यन्त सजीव बन पड़ा है (चित्र सं० १२)। इसी प्रकार सास-बहू-मन्दिर (१०९३ ई०) के वेदीबन्ध, भारपट्ट, वितान एवं स्तम्भों को भी कीर्तिमुखों की पंक्तियों से सजाया गया है। इससे स्पष्ट है कि ग्वालियर दुर्ग के गुर्जर-प्रतिहार शैली के तथा कच्छपघात शैली के मन्दिरों में कीर्तिमुखों का अंकन विविधता एवं बहुलता के साथ किया गया है।

व्याल

प्राचीनकाल में मानव एवं पशु-आकृतियों को एक दूसरे से मिलाकर व्याल रचना की जाती थी। इनमें किसी पशु के मस्तक को किसी के शरीर से जोड़ दिया जाता था। इस प्रकार के काल्पनिक पशुओं को 'व्याल' कहते हैं। अनेक प्रकार की आकृतियों वाले पशु (व्याल) कला में चित्रित हैं। इनमें सिंहव्याल, गजव्याल, अश्वव्याल, नरव्याल, वृषव्याल, मेषव्याल, शुकव्याल, महिषव्याल आदि उल्लेखनीय हैं। मध्यकालीन शिल्प-शास्त्रों में इनकी संख्या १६ कही गयी है।[८] पुनः प्रत्येक को १६ मुद्राओं में अंकित करने का विधान है। इस प्रकार से व्याल रूपों की संख्या २५६ तक पहुँचती है।[९]

भारतीय कला में इनका अंकन मौर्यकाल से मिलता है। ढाकी ने इन पर अक्केमेनियन प्रभाव माना है।[१०] शुंग-कुषाण, शक-सातवाहन तथा गुप्तकालीन कला में इनका अंकन परम्परागत रूप से पाया जाता है। पूर्वमध्यकाल तथा मध्यकालीन मन्दिरों में जंघाभाग के सलिलान्तरों पर इनकी रचना विविधता के साथ की गयी है। ग्वालियर के चतुर्भुज मन्दिर तथा सास-बहू मन्दिर में जंघा भाग की रथिकाओं के दोनों ओर सिंह व्याल अंकित मिलते हैं। (चित्र सं० २३) भारतीय पुराणों के साक्ष्य के आधार पर डा० अग्रवाल का मत है कि ये सब रुद्र के प्रमथ या गण हैं, जिसके मुख और अंगों को

---

५. अपराजित०, १२९, १५-१६
६. वायुपुराण, १०१, २९०-२९१
७. अग्रवाल, वा० श०, स्टडीज़ इन इण्डियन आर्ट, पृ० २३७
८. अपराजित० २३३, ४-६
९. वही
१०. ढाकी, एम० ए०, द व्याल फीगर्स आन द मेडिवल टेम्पुल्स आफ इण्डिया, पृ० ११

विकृत रूप से प्रदर्शित किया गया है।[११] इनकी रचना का उद्देश्य मन्दिरों के सलिलान्तरों को अलंकृत करना भी था।

सुर-सुन्दरी

मनुष्येतर देव योनि में एक वर्ग सुर-सुन्दरी या अप्सराओं का है, जो नृत्य, गायन तथा संगीत में अभिरुचि रखती हैं। ये देवांगनाएँ अपनी सुन्दरता और मोहिनी शक्ति के लिए आदिकाल से ही प्रसिद्ध हैं। नारी सौन्दर्य और आकर्षण का प्रतिनिधित्व करते हुए इनके रूप लावण्य का वर्णन साहित्य में भरा पड़ा है। भारतीय कला में भी नारी के स्वरूप की मनोरम झाँकी प्राचीनकाल से ही देखने को मिलती है। इस दृष्टि से मोहन जोदड़ो से प्राप्त एक नर्तकी की कांस्य प्रतिमा उल्लेखनीय है। शुंग-कुषाण काल की बौद्ध और जैन कला में शालभंजिका, यक्षी तथा अन्य नारी आकृतियाँ विविधता के साथ चित्रित हुई हैं। इनकी क्षीण कटि, चौड़े नितम्ब, सुवर्तुल पयोधर और चंचल नेत्र सहज ही दर्शक का मन मोह लेते हैं। इनके अंकन का उद्देश्य कला एवं सौन्दर्य के प्रति जनसामान्य की अभिरुचि को जागृत करना तथा नारी के विविध कोमल अंगों, क्रिया-कलापों, हास-विलास तथा उल्लासपूर्ण वातावरण को दर्शाकर लोगों में जीवन के प्रति आस्था और विश्वास जागृत करना था। गुप्तकालीन मन्दिरों के भित्ति अलंकरण में यद्यपि संयम बरता गया है, किन्तु, पूर्वमध्यकालीन तथा उत्तर मध्यकालीन मन्दिरों के जंघा भाग को मूर्तियों की एक, दो या तीन पंक्तियों से सजाया गया है। इनमें विभिन्न देवी-देवताओं, साधु-संतों, नाग-नागियों तथा सुर-सुन्दरियों को नाना रूपों में चित्रित किया गया है। स्त्री मूर्तियों में उन्हें बालक को गोदी में खिलाते हुए (माता-शिशु), दर्पण देखकर श्रृंगार करते हुए (दर्पणा), पैर अलंकृत करते हुए (प्रसाधिका), पत्र लिखते हुए (लेखिका), कन्दुक-क्रीड़ा करते हुए, स्नानकर बालों को निचोड़ते हुए (सद्योस्नाता) आदि रूपों में प्रदर्शित किया गया है। ये छरहरे बदन, तीखे नाक-नक्स, उन्नत उरोज तथा अलंकृत वेशभूषा वाली नव यौवनाएँ द्विभंग, त्रिभंग या अतिभंग मुद्रा में जंघा भाग के भद्र, प्रतिभद्र, कर्ण अथवा सलिलान्तरों में चित्रित हैं। इनका अंकन तत्कालीन स्तम्भों पर भी मिलता है। ग्वालियर दुर्ग पर स्थित सास मन्दिर (बड़ा मन्दिर) के मण्डप में बाह्य जंघा की पूर्वी भित्ति पर एक सद्योस्नाता चित्रित है। इसी प्रकार मण्डप के भीतरी भाग में दक्षिणी-पश्चिमी कर्ण पर पैर का अलंकरण करती हुई एक अन्य सुर-सुन्दरी अंकित है। बहू मन्दिर के स्तम्भों के अधिष्ठान में भी अतिभंग मुद्रा में नृत्य करती हुई अप्सराएँ दर्शनीय हैं।

मिथुन

कला में मिथुन का अंकन मांगलिक प्रतीक तथा अलंकरण दोनों ही रूपों में किया गया है। इसका सर्वप्रथम प्रयोग पहली-दूसरी श० ई० पू० की शुंगकालीन कला में साँची, भारहुत, बोधगया आदि के स्तूपों में उनके तोरणों तथा वेदिकाओं पर मिलता है। इसी प्रकार अहिच्छत्रा के उत्खनन से प्राप्त शुंगकालीन ठिकरों पर भी मिथुन मूर्तियों का अंकन दर्शनीय है। इनमें स्त्री-पुरुषों को साधारण रूप में चित्रित किया गया है। कुषाणकाल की मथुरा कला में वे अपेक्षाकृत अधिक नग्नता और विलासिता के साथ प्रस्तुत हुई हैं। मन्दिरों में मिथुन दृश्यों का चित्रण प्रवेशद्वारों की द्वारशाखाओं पर मांगलिक प्रतीक के रूप में हुआ है। वराहमिहिर की वृहत्संहिता में मांगल्यविहग, श्रीवृक्ष,

---

११. अग्रवाल, वा० श०, भारतीय कला, पृ० ७९

स्वस्तिक, घट, पत्रवल्ली और प्रथम के साथ मिथुन को अंकित करने का उल्लेख है।[१२] गुप्तकालीन देवगढ़ के दशावतार मन्दिर, उदयगिरि की गुफा संख्या १९ तथा नचना के पार्वती मन्दिर की द्वार-शाखाओं में मिथुनशाखा का अलंकरण उपरोक्त साहित्यिक साक्ष्य की पुष्टि करता है। इनमें स्त्री-पुरुष एक दूसरे का आलिंगन करते हुए चित्रित हैं (चित्र सं०)। सिरपुर के लक्ष्मण मन्दिर में भी मिथुनशाखा का अंकन दर्शनीय है। गुर्जर-प्रतिहार शैली के मन्दिरों में मुख्य प्रवेशद्वार तथा रथिकाओं की चौखटों पर पत्र, स्तम्भ, नाग आदि शाखाओं के साथ मिथुनशाखा को भी अंकित किया गया है (चित्र सं० ९)। उत्तर मध्यकालीन मन्दिरों में मिथुनशाखा का साधारण रूप प्रायः समाप्त हो गया और उसके स्थान पर मैथुन चित्रों की प्रधानता दृष्टिगोचर होती है। इस प्रकार के उदाहरण मध्य भारत में विशेषकर खजुराहो के मन्दिरों में दर्शनीय हैं।

घट-पल्लव

फूल-पत्तियों से समृद्ध पूर्ण घट सुख-सम्पत्ति और जीवन की पूर्णता का प्रतीक है।[१३] वैदिक साहित्य में अमृत से भरे कुम्भ का उल्लेख मिलता है।[१४] शुंग एवं कुषाणकालीन भारतीय कला में पूर्णघटों का चित्रण सांची, भरहुत, अमरावती, मथुरा, कपिसा, नागार्जुनीकोंड, सारनाथ आदि स्थलों से प्राप्त हुआ है। पश्चिमी भारत के चैत्यगृहों के भीतर मण्डप के स्तम्भों पर शीर्ष एवं अभिष्ठान भाग में पूर्ण घट प्रदर्शित किया गया है। इसी प्रकार तिगवा, एरण आदि के गुप्ताकालीन मन्दिरों में भी अर्धमण्डप के स्तम्भों के अधिष्ठान और शीर्ष भागों को लतापत्र से युक्त घटों से अलंकृत किया गया है। इसी परम्परा में गुर्जर-प्रतिहार शैली के मन्दिरों के स्तम्भ भी घट-पल्लवों से सुसज्जित हैं। ग्वालियर में तेली मन्दिर के प्रवेशद्वार तथा रथिका की स्तम्भशाखाओं, जंघा के कर्णो पर स्थित अर्धस्तम्भों (चित्र सं० २४) और चतुर्भुज मन्दिर के स्तम्भों के अधिष्ठान तथा शीर्ष भागों को घटपल्लव से अलंकृत किया गया है। सास-बहू मन्दिर में भी अनेक स्तम्भों पर घट-पल्लव आकृतियां दर्शनीय हैं।

गंगा-यमुना

भारतीय कला में दो पवित्र नदियों गंगा और यमुना का मानवीय रूप में अंकन कुषाणकाल तक प्रायः अज्ञात है। गुप्तकालीन मन्दिरों में प्रवेशद्वार की चौखट के दोनों ओर द्वारपालों के साथ हाथों में घट लिए मकरवाहिनी गंगा और कूर्मवाहिनी यमुना के दर्शन होते हैं। इस प्रकार का सर्वप्रथम अंकन सम्भवतः उदयगिरि की वराह गुफा में उपलब्ध हुआ है, जिसमें अपने वाहनों पर आरूढ़ गंगा-यमुना को सागर में मिलते हुए प्रदर्शित किया गया है। मन्दिरों के प्रवेशद्वारों की द्वार-शाखाओं के साथ गंगा-यमुना के अन्य गुप्तकालीन उदाहरण देवगढ़ के दशावतार मन्दिर (जिला ललितपुर), तिगवा (जिला जबलपुर, म० प्र०), भूमरा (नगोद राज्य), नचना कुठारा (अजयगढ़ राज्य), दह पर्वतिया (दरभंगा जिला, आसाम) तथा अहिच्छत्रा (जिला बरेली) से भी प्राप्त हुए हैं।[१५] इन मन्दिरों में वे प्रायः प्रतिहारी या द्वारपाल आदि के साथ प्रदर्शित की गयी हैं।[१६] गुप्तकालीन मन्दिरों की

---

१२. बृहत्संहिता, २६, १२-१५

१३. अग्रवाल, वा० श०, भारतीय कला, पृ० ६१

१४. अथर्ववेद, ३, ११, ८

१५. अग्रवाल, वा० श०, स्टडीज इन इण्डियन आर्ट, पृ० २११

१६. वही

यह विशेषता पूर्वमध्यकाल तथा मध्यकालीन मन्दिरों में भी दृष्टिगत होती है। बेटसर, नरेसर, अमरोल, ग्वालियर, ओसियां आदि के गुर्जर-प्रतिहार कालीन मन्दिरों में गंगा-यमुना का अंकन परम्परागत रूप में ही हुआ है। ग्वालियर के तेली मन्दिर में प्रवेशद्वार के बायीं ओर मकरवाहिनी गंगा तथा दाहिनी ओर कूर्मवाहिनी यमुना अपने-अपने अनुचरों तथा शैवद्वारपालों के साथ चित्रित हैं। गंगा-यमुना के ऊपर आकाश का दृश्य अंकित है, जिसमें मांगल्य विहग, उड़ते हुए मालाधर-विद्याधर तथा अन्य मानव आकृतियां प्रदर्शित हैं। (चित्र सं० ९)। इसी प्रकार चतुर्भुज मन्दिर के प्रवेशद्वार में भी चौखट के नीचे वैष्णव द्वारपालों के साथ गंगा-यमुना का अंकन दर्शनीय है।

मन्दिरों के प्रवेशद्वार पर गंगा-यमुना के अंकन के विषय में डॉ० अग्रवाल का कथन है कि गुप्तकालीन भारत में गंगा-यमुना का दोआब हिन्दू संस्कृति-सभ्यता का केन्द्र था। सम्भवतः इसीलिए गुप्तकालीन कलाकारों ने इस बात को प्रतीकात्मक भाषा में प्रकट किया है।[१७] कला के क्षेत्र में इनका विकास डॉ० अग्रवाल पर्सीब्राउन के साक्ष्य के आधार पर स्तूप के तोरणों में उपलब्ध शालभंजिकाओं से निर्धारित करते हैं।[१८] देवताओं की सेविका के रूप में गंगा-यमुना का उल्लेख कालिदास ने किया है।[१९] वृहत्संहिता में प्रासाद लक्षणाध्याय के अन्तर्गत कहा गया है कि वनों, नदियों, झरनों और मनोहर उद्यानों से युक्त पुरों में देवता रमण करते हैं।[२०] इसी प्रकार जहाँ पर नदियाँ पंक्तिबद्ध उड़ते हुए क्रौन्च पक्षियों के हारों से अलंकृत होती हैं, उनके चारों ओर का वातावरण हंसों (मांगल्य विहग) की मधुर कलरव ध्वनि से गुंजित रहता है तथा वे जल की रेशमी साड़ी धारण किए मछलियों की मेखला से अलंकृत होती हैं, वहीं पर देवतागण निवास करते हैं।[२१] इस प्रकार यहाँ नदियों के साथ देवताओं का सम्बन्ध स्थापित किया गया है।

भारतीय जनजीवन में प्राचीनकाल से ही जल को पवित्र माना जाता रहा है। मन्दिर में देवता की पूजा-अर्चना करने से पूर्व शरीर की स्वच्छता और मन की निर्मलता आवश्यक है। नदियों में स्नान करने तथा उनके दर्शन करने से शरीर स्वच्छ हो जाता है। मन में पवित्रता का भाव जागृत होता है, किन्तु सभी स्थलों पर नदियां उपलब्ध नहीं होतीं। अतः प्राचीन मन्दिरों में उन्हें साकार रूप से मूर्तियों के माध्यम से उपस्थित किया गया है। उपर्युक्त वातावरण प्रस्तुत करने के लिए उनके साथ मांगल्य विहग, श्रीवृक्ष, पत्रलता आदि को भी प्रदर्शित किया गया है, ताकि धार्मिक एवं आध्यात्मिक भावना से ओतप्रोत भक्त जब मन्दिर के प्रवेश-द्वार पर पहुँचे तो पवित्र नदियों का दर्शन कर उसका मन स्वच्छ हो जाये और वह निर्मल मन से अपने आराध्य की उपासना कर सके।

नवग्रह

भारतीय ज्योतिषशास्त्र में सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, वृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु नामक नवग्रहों का उल्लेख मिलता है। ऐसी मान्यता है कि इनके पूजन से अनिष्ट का नाश हो जाता है। विभिन्न पुराणों एवं शिल्पशास्त्रीय ग्रन्थों में ग्रहों के स्वरूप तथा उनके आयुधों आदि का उल्लेख

---

१७. अग्रवाल, वा० श०, स्टडीज इन इण्डियन आर्ट, पृ० २११
१८. अग्रवाल, वा० श०, गुप्ता आर्ट, पृ० ६९
१९. कालिदास, कुमारसम्भव, ७, ४२
२०. वृहत्संहिता, ५६, ८
२१. वही, ५६, ६-७३

मिलता है।[२२] अपराजितपृच्छा तथा रूपमण्डन में समान रूप से प्रत्येक ग्रह के वर्ण, आयुध, वाहन आदि का विवरण प्रस्तुत किया गया है।[२३]

भारतीय मन्दिरों में नवग्रहों का अंकन हुआ है, किन्तु गुप्तकाल तक प्रायः किसी भी मन्दिर में इनको प्रदर्शित नहीं किया गया। उत्तर गुप्तकालीन उदाहरणों में सारनाथ से प्राप्त एक शिलापट्ट उल्लेखनीय है, जिसमें अब केवल चार ग्रहों-वृहस्पति, शुक्र, शनि और राहु की प्रतिमाएँ ही शेष बची हैं। इस शिलापट्ट में केतु का अंकन नहीं किया गया है। ऐसी प्रतीत होता है कि आराम्भिक चित्रणों में केवल आठ ग्रहों को ही सम्मिलित किया जाता था और नवें ग्रह केतु को अपेक्षाकृत बाद में अंकित किया जाने लगा।[२४]

उत्तर भारतीय मन्दिरों में इनकी प्रतिमाएँ पृथक्-पृथक् नहीं मिलतीं, बल्कि सभी ग्रहों का अंकन सामूहिक रूप से एक ही शिलापट्ट में किया गया है। ऐसे नवग्रह पट्ट प्रायः प्रवेशद्वारों के उत्तरंग के रूप में प्रयुक्त हुए हैं। इसके विपरीत दक्षिण भारतीय मन्दिरों में प्रत्येक ग्रह की अलग-अलग मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं।[२५]

ग्वालियर दुर्ग पर स्थित गुर्जर-प्रतिहारकालीन मन्दिरों में से किसी भी मन्दिर में सूर्य के अतिरिक्त अन्य किसी ग्रह की प्रतिमा नहीं मिलती और न ही नवग्रह पट्ट का कोई उदाहरण उपलब्ध होता है। १०९३ ई० में निर्मित सास-बहू मन्दिरों के प्रवेशद्वार तथा गर्भगृह के प्रवेशद्वार के उत्तरंग पर स्थापित ब्रह्मा, विष्णु और महेश मूर्तियों के बीच में नवग्रहों का चित्रण किया गया है इनके अतिरिक्त मण्डप के भीतरी भाग में दक्षिणी-पश्चिमी कर्ण पर स्थित रथिका के उत्तरंग पर भी एक नवग्रह पट्ट दर्शनीय है। इसमें राहु, केतु और सूर्य को छोड़कर सभी ग्रहों के हाथों में अक्षमाला और कमण्डलु प्रदर्शित है। सूर्य दोनों हाथों में पद्म धारण किये हैं। राहु अपने दोनों हाथों को तर्पण-मुद्रा में किये अर्धकाय चित्रित है तथा केतु को सर्प पुच्छ प्रदर्शित किया गया है (चित्र सं० २५)। नवग्रह पट्टों के अन्य उदाहरण खजुराहो और भुवनेश्वर में भी दर्शनीय हैं।[२६]

अष्ट दिक्पाल

दिशाओं की कुल संख्या दस होती है। यदि ऊपर और नीचे की दिशाओं को छोड़ दिया जाय तो शेष आठ दिशाओं के अधिपतियों को अष्ट दिक्पाल कहते हैं। प्राचीन परम्पराओं के अनुसार इनके नाम और संख्या में भेद है, किन्तु सामान्यतः इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, वरुण, कुबेर और ईशान को दिक्पाल माना गया है।[२७] इनमें पूर्व के इन्द्र, पश्चिम के वरुण, उत्तर के कुबेर, दक्षिण के यम, दक्षिण-पूर्व के अग्नि, दक्षिण-पश्चिम के निर्ऋति, उत्तर-परिचम के वायु और उत्तर-पूर्व के दिक्पाल ईशान माने गये हैं। इनमें इन्द्र, अग्नि, वरुण, वायु आदि का अस्तित्व वैदिक काल में

---

२२. विस्तृत विवरण के लिए देखिये-अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देवप्रतिमाएं, पृ० १८९-१९२

२३. अपराजित० २१४,१०-१९; रूपमण्डन २, १८-२४

२४. बनर्जी, जे० एन०, डेवलपमेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्रफी, पृ० ४४४

२५. राव, टी० ए० जी०, एलीमेन्ट्स आफ आइकनोग्राफी, खण्ड २, पृ० ३००

२६. अवस्थी, रामश्रय, खजुराहो की देव प्रतिमाएँ, पृ० १९४-१९६; पाणिग्राही, के० सी०, आर्क्योलोजिकल रिमेन्स एट भुवनेश्वर, पृ० ६९, पृ० १३२

२७. बनर्जी, डेवलपमेन्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ५१९-५२१

विद्यमान था तथा तत्कालीन देवताओं में ये अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते थे, किन्तु पौराणिककाल में इनका महत्व घटता गया और इनकी गणना दिग्पालों में की जाने लगी।

प्रारम्भ में दिक्पालों की संख्या चार थी। रामायण में इन्द्र, यम, वरुण तथा कुबेर को मान्यता प्रदान की गयी है।[२८] महाभारत में एक स्थान पर इन्द्र, अग्नि वरुण तथा यम और दूसरे स्थान पर यम, इन्द्र, कुबेर और वरुण का उल्लेख मिलता है।[२९] कालान्तर में दिक्पालों की संख्या आठ हो गयी। मनुस्मृति में इनके नाम सोम (चन्द्र), अग्नि, अर्क (सूर्य), अनिल (वायु) इन्द्र, वित्तपति (कुबेर), आपपति (वरुण) तथा यम मिलते हैं।[३०] रूपमण्डन तथा अपराजितपृच्छा में भी दिक्पालों की संख्या आठ दी गयी है। इनके नाम क्रमशः इन्द्र, अग्नि, यम, निऋति, वरुण, पवन, कुबेर और ईशान हैं।[३१]

मध्य भारत में गुप्तकालीन मन्दिरों में दिक्पाल प्रतिमाओं का अंकन प्रायः अनुपलब्ध है। पूर्व मध्यकालीन (६००-९०० ई०) मन्दिरों में यत्र-तत्र कुछ दिक्पालों का अंकन मिलता है।, किन्तु इनमें वह अपेक्षित दिशाओं में चित्रित नहीं किए गये। ग्वालियर के समीप स्थित नरेसर और बटेसर में आठवीं शताब्दी ई० में निर्मित गुर्जर-प्रतिहार शैली के मन्दिरों में भी दिक्पाल प्रतिमाओं का अभाव है। अमरोल के शिव मन्दिर (आठवीं शताब्दी) में यद्यपि कर्ण भाग पर अग्नि और यम चित्रित किये गये हैं, किन्तु वे अपनी अपेक्षित दिशाओं में नहीं हैं। ग्वालियर दुर्ग पर स्थित तेली मन्दिर (आठवीं शताब्दी) में दक्षिणी जंधा के पूर्वी कर्ण पर अग्नि और उत्तरी जंधा के पश्चिमी कर्ण पर वायु का अंकन मिलता है। इसमें यद्यपि स्थिति की दृष्टि से इन्हें उचित ढंग से प्रदर्शित किया गया है, किन्तु यहाँ पर अन्य दिक्पालों का अभाव है। ८७५-८७६ ई० में निर्मित चतुर्भुज मन्दिर में उत्तरी जंघा के पश्चिमी कर्ण पर वायु, पश्चिमी जंघा के दक्षिणी कर्ण पर यम तथा दक्षिणी जंधा के पूर्वी कर्ण पर अग्नि चित्रित हैं। यहाँ पर भी दिक्पालों को बहुत कुछ उनकी अपेक्षित दिशाओं में ही प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है, किन्तु अन्य शेष दिक्पाल यहाँ भी अनुपस्थित हैं।

नवीं शताब्दी ई० में निर्मित तेरही (जिला शिवपुरी, म० प्र०) के एक छोटे से मन्दिर के जंधा भाग में कर्णो पर दिक्पालों का स्पष्ट रूप से अंकन मिलता है। इसी क्रम में इन्दौर (जिला गुना, म० प्र०) के शिव मन्दिर में अष्ट दिक्पालों का अंकन दर्शनीय है।[३२]

दशवीं-ग्यारहवीं शताब्दी ई० के कच्छपघात शैली के मन्दिरों में दिक्पालों का अंकन इनकी अपेक्षित दिशाओं में ही किया गया है। सुहानिया (जिला मुरैना, म० प्र०) के ककणमठ मन्दिर (१०१५-१०३५ ई०) में जंधा भाग के सभी कर्णो पर अष्ट दिक्पालों को उनकी सही स्थिति में चित्रित किया गया है।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि नवीं-दशवीं ई० तक ग्वालियर तथा उसके आस-पास के मन्दिरों में अष्ट दिक्पालों का अंकन किया जाने लगा था और उनमें से प्रत्येक की सही दिशा भी

---

२८. रामायण, २, १६, २४

२९. हापकिन्स, ई० डब्ल्यू०, इपिक माइथोलोजी, पृ० १४९

३०. मनुस्मृति, ५, ९६

३१. रूपमण्डन, २, ३१-३८; अपराजित० २२३, १२-२१

३२. देव, कृष्ण, एक्सटेंन्सन आफ गुप्ता आर्ट : आर्ट एण्ड आर्कीटेक्चर आफ द प्रतिहार एज़, सेमिनार आन इण्डियन आर्ट हिस्ट्री, ललित कला अकादमी, नई दिल्ली, १९६२, पृ० ९१-९२

निर्धारित कर दी गयी थी। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि १०९३ ई० में निर्मित ग्वालियर के सास-बहू मन्दिर में भी गर्भगृह के कर्णो पर संभवतः अष्ट दिक्पाल प्रदर्शित किए गये होंगे, किन्तु अब इनकी वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल सकता क्योंकि मन्दिर का गर्भगृह पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया है।

सप्तमातृकाएँ

पूरे विश्व में मातृका पूजा की परम्परा अति प्राचीन है। भारत में सर्वाधिक प्राचीन सभ्यता के जो अवशेष मोहनजोदड़ो, हड़प्पा आदि स्थलों से प्राप्त हुए हैं, उनमें मातृका पूजा के उदाहरण भी उपलब्ध हुए हैं।[३३] वैदिककाल में भी मातृपूजा की परम्परा विद्यमान थी।[३४] पाणिनि की अष्टाध्यायी तथा कौटिल्य के अर्थशास्त्र से भी मातृका पूजा के प्रमाण मिलते हैं।[३५] शक-कुषाण शासकों की मुद्राओं पर भी देवियों का अंकन हुआ है।[३६] इसी प्रकार बसाढ़ और भीटा से प्राप्त गुप्तकालीन मुहरों पर भी देवियों का चित्रण दर्शनीय है।[३७]

जहाँ तक सप्तमातृकाओं का प्रश्न है, उनकी उत्पत्ति का ज्ञान हमें पुराणों से ही हो पाता है। वराहपुराण की एक परम्परा के अनुसार सप्तमातृकाओं की उत्पत्ति का सम्बन्ध अन्धकासुर वध से है।[३८] कथा के अनुसार, अन्धकासुर ने बहुत समय तक तपस्या करके ब्रह्मा द्वारा अनेक वरदान प्राप्त कर लिए और अत्यधिक शक्तिशाली हो गया। उसने देवताओं को कष्ट देना प्रारम्भ कर दिया। अतः वे सहायतार्थ शिव के पास पहुँचे। शिव द्वारा भी अन्धकासुर पराजित नहीं हो सका, क्योंकि उसके शरीर से जो रक्त गिरता था, उसके एक-एक बूँद से नये-नये अन्धकासुर उत्पन्न हो जाते थे। इस स्थिति से निपटने के लिए शिव ने अपने मुख से एक अग्नि ज्वाला उत्पन्न की जिसका नाम 'योगेश्वरी' पड़ा। इसी शक्ति ने असुर के शरीर से गिरने वाली रक्त की प्रत्येक बँद को सोख लिया। इस प्रकार नये अन्धकासुर के उत्पन्न होने की आशंका समाप्त हो गयी। शिव की सहायता के लिए ब्रह्मा, माहेश्वर, कुमार, विष्णु, वराह, इन्द्र तथा यम ने क्रमशः ब्रह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी तथा चामुण्डा नामक शक्तियाँ उत्पन्न कीं, जिन्होंने अन्धकासुर के विनाश में शिव की सहायता की। वराहपुराण में योगेश्वरी को मिलाकर इनकी संख्या आठ बतलाई गयी है।[३९] मार्कण्डेयपुराण के अनुसार ये आठों शक्तियाँ शिव, कार्तिकेय, विष्णु, इन्द्र आदि देवताओं के शरीर से शुम्भ और निशुम्भ को मारने के लिए उत्पन्न हुई थीं।[४०] यहाँ पर कहा गया है कि 'जिस देवता का

---

३३. ह्वीलर, मार्टिमर, द इंडस सिविलाइजेशन, पृ० ९१, १०९

३४. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्ति-विज्ञान, पृ० ११६

३५. अग्रवाल, वा० श०, पाणिनिकालीन भारतवर्ष, पृ० ३५०; बनर्जी, जे० एन०, डेवलेपमेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्रफी, पृ० ८६

३६. जोशी, नी० पु०; प्राचीन भारतीय मूर्ति-विज्ञान, पृ० ११७-११८

३७. वही

३८. राव, टी० ए० गोपीनाथ, एलीमेण्ट्स आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, भाग १, खण्ड २, पृ० ३७९-८३; वराहपुराण १७, ३३-३७

३९. राव, टी० ए० गोपीनाथ, एलीमेंट्स आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, भाग १, खण्ड २, पृ० ३७९-८३; वराहपुराण १७, ३३-३७

४०. मार्कण्डेयपुराण, ८८, १२-२०

जैसा रूप, जैसी वेशभूषा और जैसा वाहन होगा ठीक वैसी ही आयुधों से सम्पन्न उसकी शक्ति असुरों से युद्ध करने के लिए आयेगी।[४१] इनकी संख्या ग्रन्थ भेद के आधार पर ७, ८ या १६ तक गिनाई गयी है।[४२] सामान्यतः सप्तमातृकाओं में ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी और चामुण्डा की गणना होती है। रूपमण्डन के अनुसार मातृकाओं की प्रतिमाएँ बनाते समय मातृका पट्ट पर आदि और अन्त में वीरेश्वर, अथवा वीरभद्र और गणेश निर्मित किए जाते हैं तथा बीच में ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी और चामुण्डा मातृकाएँ होती हैं।[४३] रूपमण्डन के इसी क्रम का उल्लेख मत्स्यपुराण में भी मिलता है।[४४]

भारतीय कला में मातृकाओं का चित्रण कुषाणकाल से प्राप्त होने लगता है। कुषाणकालीन मथुराकला में अनेक मातृकापट्ट उपलब्ध हुए हैं।[४५] परन्तु इस समय तक उनकी संख्या, आयुध, वाहन आदि पूर्णरूपेण निश्चित नहीं हो पाये थे। कभी वे हमें पशुमुखी तथा कभी-कभी स्कन्द कार्तिकेय के साथ चित्रित मिलती हैं।[४६] गुप्तकाल तक आते-आते उनका क्रम, आयुध, वाहन आदि निर्धारित हो गये और गुप्तोत्तर काल में अनेक चित्रण परम्परागत रूप में मिलते हैं।[४७] पट्ट में वीरभद्र व गणेश के साथ सप्तमातृकाएँ नृत्य करती हुई प्रदर्शित हुई हैं। ऐसे अनेक पूर्व मध्ययुगीन मातृका पट्ट भारत के विभिन्न भागों में उपलब्ध हैं। मातृकापट्टों के अतिरिक्त मध्यकालीन भारतीय मन्दिरों में मातृकाओं की स्वतन्त्र मूर्तियाँ भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हुई हैं। प्रायः मन्दिरों के बाहरी भाग में अलग-अलग रथिकाओं पर इनका अंकन दर्शनीय है।

ग्वालियर के गुर्जर-प्रतिहार शैली के मन्दिरों में सप्तमातृकाओं का अंकन उपलब्ध नहीं है, किन्तु सास-बहू मन्दिर में उन्हें स्वतन्त्र एवं सामूहिक दोनों ही रूपों में प्रदर्शित किया गया है। बड़े मन्दिर के बाहरी भाग में जंघा की रथिकाओं पर ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी और चामुण्डा (चित्र सं० २६) का चित्रण स्वतन्त्र रूप में किया गया है। ये सभी प्रतिमाएँ चतुर्भुजी हैं तथा अपने-अपने स्वामी देवताओं के आयुधों, वाहनों तथा वेशभूषा से अलंकृत हैं। इन्हें कुण्डल, हार, ग्रैवेयक, बाजूबन्ध, मेखला, नूपुर आदि आभूषणों से सुसज्जित किया गया है। इनके अतिरिक्त इसी मन्दिर में हमें सप्तमातृकाओं का सामूहिक चित्रण भी देखने को मिलता है। गर्भगृह के प्रवेश-द्वार में ललाटबिम्ब के ऊपर ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी, चामुण्डा का समूह अंकित है। इनके एक ओर वीरभद्र तथा दूसरी ओर विनायक के स्थान पर वैनायकी चित्रित हैं। इसके अतिक्ति दक्षिणी-पूर्वी एवं उत्तरी-पश्चिमी कर्णो पर स्थित रथिकाओं में भी ललाटबिम्ब के ऊपर चतुर्भुजी मातृकाओं का समूह अंकित हैं। यहाँ पर चतुर्भुजी ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी और चामुण्डा मातृकाएँ अपने-अपने वाहनों के साथ स्थानक मुद्रा में प्रदर्शित हैं। मातृकाओं के दाहिनी ओर वीरभद्र तथा बायीं ओर गणेश के स्थान पर विघ्नेश्वरी (वैनायकी) विराजमान हैं

---

४१. वही

४२. बनर्जी, जे० एन०, द डेवलपमेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ५०३-५०४

४३. रूपमण्डन, ५,७३

४४. मत्स्यपुराण, ३६०, ३८-३९

४५. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्ति-विज्ञान, पृ० १२६-१२८

४६. जोशी, नी० पु०, प्राचीन भारतीय मूर्ति-विज्ञान, पृ० १२७

४७. वही, पृ० १३९-१४०

(चित्र सं० २७)। भारतीय साहित्य में 'विनायकी' या 'वैनायकी' का उल्लेख चौसठ योगिनियों के साथ तो प्रचुरता से मिलता है, किन्तु सप्तमातृकाओं के साथ बहुत कम उपलब्ध है।[४८] स्कन्दपुराण में एक स्थान पर अष्टमातृकाओं के साथ 'विनायकी' को भी सम्मिलित किया गया है।[४९] कला में सप्तमातृकाओं के साथ वैनायकी का अंकन इलाहाबाद के निकट गढ़वा से प्राप्त हुआ है। इसमें एक फलक में गजमुखाकृति देवी (विनायकी) वरूणानी और नारसिंही के साथ प्रदर्शित हैं।[५०] किन्तु यह शिलापट्ट खण्डित एवं अपूर्ण हैं। सास मन्दिर में गजमुखी विनायकी का अंकन आठवीं मातृका के रूप में हुआ है। इस दृष्टि से यह भारतीय मूर्तिविज्ञान एवं कला के लिए एक अनुपम उपलब्धि है।

---

४८. नहटा, ए० सी०, बावनवीर नामावली, शोध पत्रिका, वर्ष १४, सं० ३, जुलाई १९६३, उदयपुर, पृ० १९१-९४; अग्रवाल, वा० श०, प्राचीन भारतीय लोकधर्म, पृ० १४७-१४९; एन्शिएन्ट इण्डिया, फ्रोक कल्ट्स, वाराणसी, १९७०, पृ० २०४-२०६

४९. स्कन्दपुराण, माहेश्वर खण्ड १, ६२, ६०; अग्रवाल, पी० के०, एलीफेन्ट फेस्ड गाडेस विनायकी इन लिटरेचर, गाडेस विनायकी द फीमेल गणेश, पृथ्वी प्रकाशन, वाराणसी, १९७८, पृ० १४

५०. वही, पृ० २१

6

देव प्रतिमाएँ

ग्वालियर दुर्ग पर प्रमुखतः वैष्णव, शैव और जैन धर्म की त्रिवेणी प्रवाहित हुई। इनसे सम्बन्धित प्रतिमाएँ मन्दिरों और पहाड़ियों की दलानों में उत्कीर्ण मिलती हैं। प्रारम्भ से लेकर अन्त तक बुद्ध या बौद्धधर्म से सम्बन्धित एक भी अवशेष यहाँ उपलब्ध नहीं हुआ। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि यह दुर्ग बौद्धधर्मावलम्बियों के प्रभाव में कभी नहीं रहा। ब्राह्मण और जैन धर्म से सम्बन्धित जो मूर्तियाँ यहाँ प्राप्त होती हैं, वे कला के साथ-साथ प्रतिमावैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। प्रस्तुत अध्याय में इन प्रतिमाओं का शिल्प-शास्त्रीय उल्लेखों की पृष्ठभूमि में, उनकी प्राचीन-परम्परा और विकासक्रम के साथ-साथ कलात्मक एवं प्रतिमा वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

विष्णु प्रतिमाएँ

वैष्णव धर्म की अवधारणा बहुत प्राचीन है। वैदिक साहित्य में 'विष्णु' का उल्लेख मिलता है, किन्तु उसमें वे एक साधारण देवता के रूप में ही दिखलाई पड़ते हैं।[१] उत्तर वैदिक काल में उनका महत्व धीरे-धीरे बढ़ गया।[२] महाकाव्यों और पुराणों के समय में वैदिक विष्णु का तादात्म्य ऐतिहासिक वासुदेव-कृष्ण और ब्राह्मण ग्रन्थों के देवता 'नारायण' से स्थापित हुआ।[३] पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतञ्जलि के महाभाष्य से ज्ञात होता है कि क्रमशः पाँचवीं शताब्दी ई० पू० और द्वितीय शताब्दी ई० पू० में वासुदेव या विष्णु की उपासना प्रचलित थी तथा इनके उपासकों को वासुदेवक कहा जाता था।[४] 'मिलिन्दपञ्हों' भी वासुदेव के उपासकों का उल्लेख करता है।[५] घोसुण्डी (माध्यमिका, राजस्थान), विदिशा (वेसनगर) और मथुरा आदि स्थलों से प्राप्त अभिलेखों से पता चलता है कि प्रथम शताब्दी ई० पू० में वासुदेव की उपासना प्रचलित थी तथा उनके मन्दिरों का भी निर्माण किया जाता था।[६] बहुत सम्भव है कि मन्दिरों में स्थापना के लिए मूर्तियाँ भी निर्मित की जाती रही हों। कुषाण काल में गदा, चक्र और शंख या जलपात्रधारी विष्णु की चतुर्भुजी मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं। इनका दाहिना हाथ साधारणतः अभयमुद्रा में है।[७] गुप्तकाल में विष्णु की मूर्तियों का निर्माण अनेक रूपों में हुआ है। इस समय तक वैष्णव धर्म में अवतारवाद का प्रवेश हो चुका था। अतः कला में

---

१. ऋग्वेद, १, १५५, ५; ७, ९९, २
२. सूर्यकान्त, वैदिक देवशास्त्र, पृ० ९
३. बनर्जी, जे० एन०, डेवलपमेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ३८६
४. अष्टाध्यायी, ४, ३, ९८; पतञ्जलि, ४, ३, ५
५. अग्रवाल, वा० श०, प्राचीन भारतीय लोकधर्म, पृ० १००-१०१
६. बनर्जी, जे० एन०, द डेवलपमेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ९१-९३; सरकार, डी० सी०, सेलेक्ट इन्स्क्रिप्सन्स, पृ० ९०-९१; ल्यूडर्स, मथुरा इन्स्क्रिप्सन्स, पृ० १५४
७. अग्रवाल, वा० श०, मथुरा कला, पृ० ५९

विष्णु के अनेक सामान्य रूपों के अतिरिक्त उनके शेषशायी रूप, वराह, नृसिंह, वामन (त्रिविक्रम), राम, कृष्ण तथा बलराम आदि की गुप्तकालीन मूर्तियाँ मथुरा, देवगढ़, उदयगिरि आदि स्थानों से प्राप्त हुई हैं।[८]

ग्वालियर दुर्ग पर स्थित सभी मन्दिर गुप्तकाल के बाद के हैं। इनमें से ८७५-७६ ई० में निर्मित चतुर्भुज मन्दिर विष्णु मन्दिर है, जैसा कि उसमें उल्लिखित दो अभिलेखों से ज्ञात होता है।[९] इसी प्रकार १०९३ ई० में निर्मित सास-बहू मन्दिर भी वैष्णव धर्म से सम्बन्धित हैं। इनमें सामान्यतः विष्णु की चतुर्भुजी मूर्तियों तथा उनके अवतारों का अंकन हुआ है।

शास्त्रों में विष्णु का प्राचीन उल्लेख बृहत्संहिता, विष्णुधर्मोत्तर पुराण, अग्निपुराण, मत्स्यपुराण आदि ग्रन्थों में मिलता है। इनमें विष्णु आठ, चार अथवा द्विभुजी बतलाये गये हैं।[१०] विष्णुधर्मोत्तरपुराण मे वासुदेव के रूप में विष्णु को चतुर्भुजी, कुण्डल, अंगद, केयूर, वनमाला, कौस्तुभमणि, किरीट मुकुट आदि से अलंकृत बतलाया गया है।[११] बृहत्संहिता के अनुसार विष्णु यदि अष्टभुजी हों तो उनके दाएँ तीन हाथ खड्ग, गदा एवं वाण से युक्त हों तथा चौथा अभयमुद्रा में हो और बाएँ हाथों में वे धनुष, खेटक, चक्र तथा शंख धारण किए हों। यदि वे चतुर्भुज हों तो दाहिना एक हाथ अभय मुद्रा में और दूसरा गदाधारी हो तथा बाएँ हाथों में शंख और चक्र हो। यदि उनके दो भुजाएँ हों तो दाईं अभयमुद्रा में और बाईं शंखयुक्त प्रदर्शित हो।[१२] अग्निपुराण के अनुसार चतुर्भुजी वासुदेव के दाएँ हाथों में चक्र और पद्म तथा बाएँ में शंख और गदा होनी चाहिए।[१३] मत्स्य पुराण के अनुसार यदि विष्णु अष्टभुजी हों तो उनकी दायीं भुजाओं में खड्ग, गदा, शर एवं पद्म तथा बाईं में धनुष, खेटक, शंख और चक्र हो। यदि उनके चार भुजाएँ हों तो दाईं गदा और पद्म तथा बाईं शंख और चक्र से युक्त हो।[१४] वैखानसागम में विष्णु की मूर्तियों को उनकी स्थिति की दृष्टि से स्थानक, आसन और शयन तीन वर्गो में विभक्त किया गया है।[१५] इसी प्रकार एक अन्य वर्गीकरण के अनुसार उन्हें योग, भोग, वीर और अभिचारिक वर्गो में भी विभक्त किया गया है।[१६]

चतुर्भुजी मूर्तियाँ

कला में विष्णु की चतुर्भुजी मूर्तियों का अंकन कुषाणकाल से ही प्रारम्भ हो जाता है। उनके तीन हाथों में शंख, चक्र और गदा प्रदर्शित की गयी है तथा चौथा हाथ सामान्यतः अभयमुद्रा में है। इन मूर्तियों में प्रायः पद्म का अभाव है।[१७] गुप्तकाल में इन प्रतिमाओं का और अधिक विकास

---

८. जोशी, नीलकण्ठ पुरूषोत्तम, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० ९१-१०९

९. ए० इ०, भाग १, पृ० १५४-१७२

१०. बृहत्संहिता, ५८, ३१-३५; विष्णुधर्मोत्तर०; ८५, १-१८ अग्निपुराण, ४४, ४७-४९; मत्स्यपुराण, २५८; ४-१५

११. विष्णुधमोत्तर०, ८५, १-१५

१२. वृहत्संहिता, ५८, ३१-३५

१३. अग्निपुराण, ४४, ४७-४९

१४. मत्स्यपुराण, २५८, ४-१५

१५. राव, गोपीनाथ, एलीमेण्ट्स आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, भाग १, पृ० ७८-९६

१६. वही

१७. जोशी, नी० पुव, प्राचीन भारतीय मूर्तिविज्ञान, पृ० ७४-७८

हुआ। इनका प्रभामण्डल अलंकृत किया जाने लगा।[१८] साथ ही देदीप्यमान सौम्य मुखमण्डल, सुगठित शरीर रचना तथा सादा सुन्दर अलंकरण इस काल की प्रमुख विशेषता रही। पूर्वमध्यकालीन प्रतिमाओं में भी इसकी छाप दिखलाई पड़ती है। मध्यकालीन मूर्तियों के अलंकरण में पर्याप्त जटिलता आ गयी। इनके प्रभामण्डल और परिकर को विभिन्न आभूषणों, देवताओं एवं व्याल आकृतियों से सजाया गया है। ये प्रायः किरीटमुकुट, कुण्डल, हार, ग्रैवेयक, केयूर, कंकण, मेखला, वैजयन्तीमाला, यज्ञोपवीत और नूपुरों से अलंकृत हैं। परिकर में दशावतारों का अंकन इस काल की प्रमुख विशेषता थी। इसके अतिरिक्त मूल प्रतिमा के मस्तक के पीछे अलंकृत प्रभामण्डल, उड़ते हुए मालाधारी विद्याधर तथा कभी-कभी ब्रह्म, शिव तथा केन्द्र में विष्णु, की छोटी-छोटी मूर्तियाँ भी अंकित की जाती थीं। देवता के दायें और वायें पार्श्व में चामरधारी युगल, आयुध पुरूष तथा श्रीदेवी और भूदेवी को भी प्रदर्शित किया गया है। इस प्रकार मध्यकाल में विष्णु की चतुर्भुजी मूर्तियों को विधिवत् अलंकृत किया जाने लगा था।

ग्वालियर दुर्ग में यद्यपि विष्णु की चतुर्भुजी मूर्तियों की संख्या बहुत कम है, फिर भी जो प्रतिमाएँ यत्र-तत्र मिली हैं उनका विवरण यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

तेली मन्दिर के प्रांगण में एक शिलापट्ट की रथिका में विष्णु की चतुर्भुजी स्थानक मूर्ति विद्यमान है (चित्र सं० २८)। इसमें विष्णु समभंग खड़े हैं। वे किरीट मुकुट, कुण्डल, ग्रैवेयक, बाजूबन्द, कंकण, वनमाला आदि विविध आभूषणों से अलंकृत हैं। उनके नीचे के दो हाथ सम्भवतः दो आयुध पुरुषों के सिर पर टिके हैं तथा ऊपर के दोनों हाथों में आयुध अस्पष्ट हैं। रथिका शीर्ष दो चन्द्रशालाओं से अलंकृत है। नीचे की बड़ी चन्द्रशाला के भीतर छोटी-छोटी तीन रथिकाएँ प्रदर्शित हैं। ऊपर की चन्द्रशाला के दोनों ओर उड़ते हुए मालाधारी विद्याधर दिखलाये गये हैं। शिलापट्ट का शेष भाग पत्र-पुष्पों से अलंकृत है। प्रतिमा का जंघा, उदर और मुख भाग यद्यपि टूटकर भग्न हो गया है, फिर भी मांसल स्कन्ध, चौड़ा वक्षस्थल, क्षीण कटि, सुगठित शरीर, अलंकरण की सादगी आदि गुप्तकालीन प्रभाव का परिचायक है। इसकी चन्द्रशाला तथा तेली मन्दिर की चन्द्रशालाओं के अलंकरण में पर्याप्त समानता परिलक्षित होती है। अतः यह प्रतिमा गुप्तकाल के बाद लगभग ८वीं-९वीं शताब्दी ई० की प्रतीत होती है।

एक अन्य चतुर्भुजी विष्णु प्रतिमा चतुर्भुज मन्दिर के गर्भगृह में स्थापित है (चित्र सं०२९)। उसके ऊपर के दोनों हाथों में शंख और चक्र तथा नीचे के दोनों हाथों में पद्म और गदा पुरुष सुशोभित हैं। विष्णु किरीट मुकुट, कुण्डल, वनमाला, यज्ञोपवीत तथा धोती से अलंकृत हैं। पादपीठ के नीचे अंजलिमुद्रा में हाथ जोड़े हुए गरुड़ का अंकन है, जिनके दोनों पार्श्वों में सर्पपुच्छ युक्त नाग अथवा नागियाँ तथा हाथों में घट लिए जल देवता चित्रित हैं। परिकर में व्याल तथा दशावतारों का अंकन है। यह प्रतिमा चतुर्भुज मन्दिर (८७५-७६ ई०) की समकालीन नहीं प्रतीत होती। सम्भवतः इसका निर्माण बाद में किया गया हैं। इसी मन्दिर के जंघा भाग में पश्चिमी दीवार की भद्र रथिका पर विष्णु की एक अन्य चतुर्भुजी प्रतिमा स्थापित है। इसके ऊपर की दोनों भुजाओं में शंख और चक्र सुशोभित है तथा नीचे के दोनों हाथ खण्डित हैं।

---

१८. वही, पृ० ९१

ग्वालियर दुर्ग से उपलब्ध तथा राजकीय संग्रहालय गुजरी महल में सुरक्षित चतुर्भुजी विष्णु की दो सुन्दर प्रतिमाएँ दर्शनीय हैं। इनमें से एक प्रतिमा में चतुर्भुजी विष्णु एक पद्मपीठ पर समभंग खड़े हैं (चित्र सं० ३०)। उनका शीर्ष तथा तीन भुजाएँ खण्डित हैं। चौथी बाईं भुजा में वे शंख धारण किए हैं। वे गले में हार, ग्रैवेयक कानों में रत्नकुण्डल, भुजाओं में भुजबन्द, कटि में मेखला, स्कन्ध में यज्ञोवीत, पैरों में नूपुर और घुटनों तक वैजयन्तीमाला से अलंकृत हैं। उनके मस्तक के पीछे पद्मपत्रांकित बहुत ही सुन्दर और विशाल शिरचक्र है, जिसके ऊपर पद्मपीठ पर संभवतः ब्रह्म, शिव और केन्द्र में ध्यानमुद्रा में विष्णु प्रदर्शित हैं, जिनका शीर्ष खण्डित है। इसके दोनों ओर मालाधारी विद्याधरों के उड़ते हुए युगल अंकित हैं। नीचे देवता के बाएँ पार्श्व में चामरधारी पुरुष खड़ा है, जिसका दाहिना हाथ चामर से युक्त है तथा बायां कट्यावलम्बित है। इसी प्रकार दायें पार्श्व में चामरधारिणी स्त्री खड़ी है। उसके बाये हाथ में चामर है तथा दायां हाथ कट्यावलम्बित है। इन दोनों अनुचरों के पैरों के निकट घुटनों के बल बैठे हुए हाथ जोड़े अंजलिमुद्रा में दो उपासक प्रदर्शित हैं। विष्णु की पद्मपीठ के नीचे कई छोटी आकृतियों का एक समूह अंकित है। इनमें केन्द्र में एक देवी कूर्म के ऊपर अंजलिमुद्रा में हाथ जोड़े हुए आसीन है, जिसके दोनों ओर दो-दो जल देवियाँ अपने हाथों में घट लिए हुए अंकित हैं। परिकर में मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, राम, बलराम, बुद्ध और कल्कि अवतार प्रदर्शित किये गये हैं। इस प्रकार यह प्रतिमा मध्य कालीन विकसित लांछनों से परिपूर्ण है। शैलीगत विशेषताओं के आधार पर इसे लगभग १०वीं शताब्दी ई० में रखा जा सकता है।

दूसरी चतुर्भुजी विष्णु प्रतिमा में वे पद्मपीठ पर समभंग खड़े है (चित्र सं० ३१)। उनके शिर पर अलंकृत किरीट मुकुट सुशोभित है। वे हार, ग्रैवेयक, भुजबन्द, कंकण, मेखला, यज्ञोपवीत, वनमाला और नूपुर से अलंकृत हैं। विष्णु के दायें पार्श्व में चामरधारिणी स्त्री तथा बायें पार्श्व में चामरधारी पुरुष खड़े प्रदर्शित हैं। उनके समीप ही दोनों ओर एक-एक उपासक अंजलिमुद्रा में हाथ जोड़े हुए घुटनों के बल बैठे हैं। इस प्रतिमा में पद्मपीठ के नीचे लक्ष्मी, नाग-नागी अथवा जल देवताओं का अंकन नहीं हुआ है। शीर्ष के चतुर्दिक् प्रभामण्डल पद्मपुष्प एवं रत्नों से सुशोभित है। उसके ऊपर विष्णु की छोटी प्रतिमा के स्थान पर प्रतीक रूप में पद्म का अंकन है, जिसके दोनों ओर उड़ते हुए मालाधर विद्याधर दिखलाये गये हैं। परिकर में कूर्म, वराह, नरसिंह, परशुराम, राम, बलराम, बुद्ध और कल्कि अवतार प्रदर्शित हैं। अन्य अवतार खण्डित हो गये हें। यह प्रतिमा भी लगभग १०वीं शताब्दी ई० की प्रतीत होती है तथा तत्कालीन प्रतिमा वैज्ञानिक अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण है।

सास (बड़ा) मन्दिर में मण्डप के जंघा भाग की पूर्वी दिशा में विष्णु की चतुर्भुजी प्रतिमा भी दर्शनीय है। इसमें वे तीन भुजाओं में शंख, चक्र और पद्म धारण किए हैं। चौथी भुजा खण्डित है। इसी प्रकार की एक अन्य चतुर्भुजी प्रतिमा मण्डप के पश्चिमी भाग में सुशोभित है। इसमें विष्णु की एक भुजा वरद मुद्रा में, दूसरी भुजा में गदा, तीसरी में चक्र तथा चौथी खण्डित है।

दशावतार मूर्तियाँ

सामान्यतः विष्णु के दस अवतार माने गये हैं। महाभारत, मत्स्यपुराण, अग्निपुराण, वायुपुराण और पद्मपुराण में विष्णु के दस अवतारों का उल्लेख मिलता है, किन्तु उनके नामों में

भिन्नता है।[१९] स्कन्द पुराण में विष्णु के चौदह अवतार बतलाये गये हैं।[२०] इसी प्रकार विष्णुधर्मोत्तरपुराण में इनकी संख्या सोलह और अहिर्बुध्न्य संहिता में उन्तालीस तक मिलती है।[२१] कन्तु निम्नलिखित दशावतार प्रायः सर्वमान्य हैं - (१) मत्स्य, (२) कूर्म, (३) वराह, (४) नरसिंह, (५) वामन, (६) परशुराम, (७) रघुराम' (८) कृष्ण, (९) बुद्ध तथा (१०) कल्कि ।

सर्वप्रथम कुषाणकाल में कुछ अवतारों जैसे वराह और कृष्ण के दर्शन होते हैं।[२२] गुप्तकाल तथा उसके बाद दशावतारों का चित्रण और अधिक व्यापक हो जाता है। कला में यह चित्रण दो प्रकार से देखने को मिलता है। पहला सभी अवतारों का सामूहिक रूप से अंकन तथा दूसरा उनका पृथक्-पृथक् रूप में अंकन। ग्वालियर दुर्ग के मन्दिरों में विष्णु के अवतारों का कोई सामूहिक अंकन नहीं मिलता है। यहाँ पर उनके कुछ अवतारों को स्वतंत्र रूप से पृथक्-पृथक् चित्रित किया गया है किन्तु उपर्युक्त वर्णित विष्णु की दो स्थानक मूर्तियों के परिकर में दशावतारों को सामूहिक रूप में प्रदर्शित किया गया है (चित्र सं० ३०-३१)।

वराह अवतार

भागवतपुराण के अनुसार जल प्रलय के समय जल में डूबी हुई पृथ्वी का उद्धार करने के लिए भगवान् विष्णु ने वराह का रूप धारण किया था।[२३] शास्त्रों के अनुसार वराहावतार की मूर्ति वराह विग्रह में अथवा नृ-वराह-मिश्रित विग्रह में बन सकती है।[२४] मत्स्यपुराण के अनुसार महावराह के हाथों में गदा और पद्म हो। उनका एक चरण कूर्म पर तथा दूसरा आदिशेष पर स्थित हो। उनकी डाढ़ के अग्रभाग पर अथवा बाईं कुहनी पर पृथ्वी स्थित हो, जिनके एक हाथ में नीलोत्पल हो तथा दूसरा कट्यावलम्बित हो।[२५] नृवराह का यही विवरण शिल्परत्न, अग्निपुराण, अपराजितपृच्छा और विष्णुधर्मोत्तर पुराण में भी मिलता है, किन्तु अग्निपुराण के अनुसार उनके दाएँ हाथ में शंख और बाएँ हाथ में पद्म अथवा इसकी कुहनी पर लक्ष्मी स्थित हों।[२६]

कला में वराह अवतार की मूर्ति यज्ञवराह (पशुरूप में) तथा नृवराह (मानव और वराह का संयुक्त रूप) दोनों ही प्रकार की मिलती है। इनका सर्वप्रथम अंकन कुषाणकाल में प्रकट होता है।[२७]

---

१९. महाभारत, शान्ति० ३३९, १०३-१०४; मत्स्यपुराण ४७, २३४-५०; अग्निपुराण, ४९, १-९; वायुपुराण, ९८, ७१-११७; पद्मपुराण, अ० २३०-२५२

२०. स्कन्दपुराण (वैष्णव खण्ड), वासुदेवमहात्म्य, १८,१६-४५

२१. विष्णुधर्मोत्तर०, तृतीय खण्ड, अ० ८५; अहिर्बुध्न्य संहिता, बनर्जी, जे० एन०, डेवलप्मेण्ट आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, पृ० ३९१

२२. अवस्थी, रामाश्रय, खजुराहो की देवप्रतिमाएँ, पृ० ९१

२३. भागवतपुराण०, २, ७, १

२४. विष्णुधर्मोत्तर०, ७९, १०

२५. मत्स्यपुराण, २६०, २८-३०

२६. राव, गोपीनाथ, एलीमेण्ट्स आफ हिन्दू आइकनोग्राफी, भाग १, पृ० १३३-३४; अग्निपुराण, ४९, २-३; अपराजित०, २१९, १०-२३; विष्णुधर्मोत्तर०, ७९, २-८

२७. जोशी, एन०पी०, मथुरा स्कल्पचर्स, परिशिष्ट II पृ० III-VII, चि० १०१

गुप्तकाल की अनेक प्रतिमाएँ हमें एरण, उदयगिरि, बादामी आदिस्थलों में प्राप्त होती है।[२८] मध्ययुग में इन मूर्तियों का निर्माण और अधिक बढ़ गया।

